आज का मौसम 34.0° अधिकतम तापमान 19.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 06.17 सूर्यास्त 06.17

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
- लखनऊ
- बरेली
- कानपुर
- मुरादाबाद
- अयोध्या
- हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष त्रयोदशी उपरांत 09:23 चतुर्दशी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 17 मार्च 2026, वर्ष 36, अंक 39, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## गरीब को बिना आवास नहीं रहने देंगे : योगी

### मुख्यमंत्री ने शहरी 2.0 के तहत 90 हजार लाभार्थियों को 900 करोड़ की पहली किस्त जारी की

**प्रधानमंत्री आवास योजना**

- **योगी ने कहा- लक्ष्य केवल मकान देना नहीं, बल्कि गरीबों को सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना है मकसद**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ : इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में रिमोट दबाकर पीएम आवास योजना के लाभार्थियों हेतु किस्त जारी करते सीएम योगी ।साथ में मंत्रिमंडल के उनके सहयोगी।

**अमृत विचार**: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी 2.0 के तहत प्रदेश के 90 हजार लाभार्थियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 900 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसी गरीब को बिना आवास के नहीं रहने दिया जाएगा। जिन माफियाओं ने वर्षों तक गरीबों का हक छीना और जमीनों पर कब्जा किया, अब उन्हीं जमीनों को मुक्त कराकर गरीबों के लिए घर बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य केवल मकान देना नहीं, बल्कि गरीबों को सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना है।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों में संवाद करने के बाद संबोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार प्रदेश की 25 करोड़ जनता को परिवार मानकर बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। इसी सोच के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को पक्का घर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुई इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश में अब तक करीब 62 लाख परिवारों को आवास मिल चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले योजनाएं होने के बावजूद गरीबों तक उनका लाभ नहीं पहुंच पाता था, लेकिन अब पारदर्शी व्यवस्था और डीबीटी के माध्यम से धनराशि सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचाई जा रही है। इससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है और आवास निर्माण का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है।


मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सरकार गरीबों के समग्र विकास के लिए काम कर रही है। आवास योजना के साथ लाभार्थियों को राशन, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य बीमा और पेंशन योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। इससे गरीबों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार हो रहा है और प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है।

### माफिया से मुक्त जमीनों पर बनाए जाएंगे आवास

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि माफिया से मुक्त कराई गई जमीनों का उपयोग गरीबों के लिए आवास निर्माण में किया जाए। जिन लोगों के पास अपनी जमीन नहीं है, उनके लिए इन जमीनों पर हाईराइज आवासीय परियोजनाएं विकसित की जाएं। साथ ही निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए 75 प्रतिशत कार्य पूरा होते ही लाभार्थियों को दूसरी किस्त भी समय से उपलब्ध कराई जाए।

## ओडिशा में अस्पताल के आईसीयू में भीषण आग, 10 मरीजों की मौत

भुवनेश्वर, एजेंसी



एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के आईसीयू में जला पड़ा सामान।

- **कटक के श्रीराम चंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लगी थी आग, 11 कर्मी झुलसे**
- **मृतकों के परिजन को 25-25 लाख मुआवजा, आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा**

ओडिशा सरकार द्वारा कटक में संचालित एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के आईसीयू में रविवार देर रात भीषण आग लगने से 10 मरीजों की मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल पहुंचे मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बताया कि मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालने के दौरान अस्पताल के करीब 11 कर्मचारी झुलस गए। मुख्यमंत्री ने छह सदस्यों की एक जांच टीम बनाई है, जो आग लगने की वजह की जांच करेगी और आज शाम तक अपनी रिपोर्ट देगी।

मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, विकास आयुक्त डीके सिंह की अगुवाई में बनी जांच टीम एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल जाएगी और आज शाम तक मुख्य सचिव को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। माझी ने बताया कि आग शायद शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। एक अधिकारी ने बताया कि आग देर रात ढाई बजे से तीन बजे के बीच लगी और दमकलकर्मी तुरंत अस्पताल पहुंचे व आग बुझाने के लिए अभियान शुरू किया। प्रधानमंत्री मोदी ने आग लगने की घटना में मरीजों की मौत पर शोक व्यक्त किया और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा कोष से प्रत्येक मृत व्यक्ति के परिजन को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक मृतक के परिजन को 25 लाख की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। राष्ट्रपति मुर्मू और उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने घटना में हुई जनहानि पर शोक व्यक्त कर घायलों के स्वस्थ होने की कामना की।

### आईसीयू और उससे सटे वार्ड में 23 मरीज थे भर्ती

मुख्यमंत्री माझी ने बताया कि और उससे सटे आईसीयू व वार्ड में 23 मरीज भर्ती थे। आग लगने से सात मरीजों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोगों की मौत दम घुटने से हुई। उन्होंने कहा कि अस्पताल के ट्रॉमा केयर विभाग के आईसीयू में आग लगी, जहां गंभीर रूप से बीमार मरीजों का इलाज किया जा रहा था। माझी ने इस मामले में न्यायिक जांच की भी घोषणा की और अग्निशमन सेवा के महानिदेशक को मामले की जांच करने तथा तुरंत उन्हें रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा।

**न्यूज ब्रीफ**

### विश्व बैंक ने उप्र में स्वच्छ वायु के लिए 30 करोड़ डॉलर कर्ज को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** विश्वबैंक ने सोमवार को उत्तर प्रदेश को स्वच्छ वायु बदलाव परियोजना के लिए लगभग 30 करोड़ डॉलर का ऋण देने को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह कर्ज उत्तर प्रदेश सरकार की स्वच्छ वायु योजना को समर्थन देगा। यह राज्य की वायु गुणवत्ता में सुधार और युवाओं एवं महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए एकीकृत समाधान पर केंद्रित है। एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश स्वच्छ वायु प्रबंधन कार्यक्रम (299 .66 करोड़ डॉलर) परिवहन, कृषि और उद्योग जैसे प्रमुख क्षेत्रों में स्वच्छ वायु बदलाव पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिससे स्वच्छ वायु के लाभ अन्य राज्यों तक भी पहुंचेंगे।

### नाबालिग आदिवासी को शादी के लिए बेचने के मामले में 6 पर रिपोर्ट

**ठाणे।** भिवंडी से 15 वर्षीय एक आदिवासी लड़की का तौर पर अपहरण करके शादी का झांसा देकर मराठवाड़ा क्षेत्र के बीड जिले में एक व्यक्ति को बेचने के मामले में उसके पति और पांच अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ठाणे ग्रामीण के पुलिस अधिकारी ने बताया, पीड़िता का शोषण उसकी अत्यधिक गरीबी और माता-पिता की अनुपस्थिति के कारण हुआ। आरोप है कि 26 फरवरी को एक दलाल और उसके साथियों ने उसका अपहरण कर लिया था, जिन्होंने शादी कराकर बेहतर जीवन का वादा किया था, लेकिन बाद में उसे बीड के पाटोदा में एक बुजुर्ग व्यक्ति को बेच दिया।

## ईरान बोला- स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खुला, पर दुश्मनों के लिए बंद

तेहरान/लंदन, एजेंसी



- **ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोले- वह पश्चिम एशिया के व्यापक संघर्ष में नहीं शामिल होंगे**

ईरान पर अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हमले के दो सप्ताह बाद भी सोमवार को दोनों पक्षों में लड़ाई जारी रही। इजराइल ने जहां लेबनान में ईरान समर्थक हिजबुल्ला के ठिकानों पर बम वर्षा की वहीं, ईरान ने जवाबी हमले के रूप में इजराइल के अलावा पड़ोसी देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों और तेल अवसंरचना को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सोमवार को कहा कि होर्मुज मार्ग ईरान के दृष्टिकोण से खुला है, लेकिन उन देशों और उनके सहयोगियों के लिए बंद है जिन्होंने ईरान के खिलाफ कायरतापूर्ण आक्रामकता की है। अराघची ने कहा कि ईरान अपनी रक्षा करने में किसी प्रकार की हिचकिचाहट नहीं रखता और आवश्यकता पड़ने तक युद्ध जारी रखेगा। वहीं, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर ने कहा कि वह ब्रिटेन को प. व्यापक युद्ध में घसीटे जाने की अनुमति नहीं देंगे। वह यूरोपीय सहयोगियों से मिलकर खाड़ी को खोलने के लिए एक व्यवहार्य योजना तैयार कर रहे हैं।

### जंग के बीच पहला भारतीय जहाज एलपीजी लेकर पहुंचा

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण ईरान के निकट होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे भारत के 24 जहाजों में से एक एलपीजी टैंकर शिवालिक सोमवार शाम गुजरात में मुंद्रा बंदरगाह पहुंच गया, जबकि दूसरे एलपीजी टैंकर नंदादेवी के मंगलवार सुबह कांडला बंदरगाह पहुंचने की संभावना है। शिवालिक टैंकर पर 45 हजार टन एलपीजी लदी है और इसके आने से देश में एलपीजी की आपूर्ति और मजबूत होगी।

### होर्मुज में युद्धपोत तैनात करने वाले ट्रंप के बयान पर भारत का जवाब- अमेरिका से कोई बातचीत नहीं की गई

**नई दिल्ली।** भारत ने सोमवार को कहा कि उसने होर्मुज से भारतीय ध्वज वाले जहाजों के सुरक्षित पारगमन को सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका के साथ द्विपक्षीय वार्ता नहीं की है। विदेश मंत्रालय की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कई देशों से रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस जलमार्ग को खुला रखने के लिए युद्धपोत भेजने के आह्वान की पृष्ठभूमि में आई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमें इस बात की जानकारी है कि कई देशों में इस संबंधित मामले पर चर्चा हो रही है। हमने अभी तक द्विपक्षीय स्तर पर इस पर चर्चा नहीं की है। उनकी यह टिप्पणी इस सवाल के जवाब में आई कि क्या अमेरिका ने भारत से इस क्षेत्र में अपने युद्धपोत भेजने के लिए संपर्क किया था।

## भाजपा की बंगाल और केरल के लिए पहली सूची जारी

नई दिल्ली, एजेंसी



- **बंगाल में पहली लिस्ट में 144 नाम, केरल में 47 कैंडिडेट्स की घोषणा**
- **सुवेंदु को ममता की दोनों सीटों भवानीपुर और नंदीग्राम से टिकट**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए सोमवार को 144 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की। वहीं, केरल में 47 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी है। भाजपा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सीट कोलकाता के भवानीपुर से नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को मैदान में उतारा है। वह नंदीग्राम से भी चुनाव लड़ेंगे।

बंगाल में पार्टी द्वारा जारी सूची के मुताबिक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष को खड़गपुर सदर से, बिमान महतो को सालबनी से और दक्षिण कोलकाता की रासबिहारी सीट से स्वपन दासगुप्ता को टिकट दिया गया है। भाजपा ने सुमिता सिन्हा को पूर्व मेदिनीपुर जिले के कांथी उत्तर से, बिमान घोष को हुगली जिले के पुरसुराह से और माधवी महलदर को दक्षिण 24 परगना जिले के कुलतली से मैदान में उतारा है। सूची के मुताबिक, अनिमा दत्ता को नदिया जिले के पलाशीपाड़ा से, जबकि लक्षिकांत साहू को झाड़ग्राम से टिकट दिया गया है।

तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने 2021 में हुए उपचुनाव में भवानीपुर से जीत हासिल की थी। बनर्जी विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम सीट से शुभेंदु अधिकारी से हार गई थीं, जिसके बाद मुख्यमंत्री बने रहने के लिए उनका इस सीट से जीतना महत्वपूर्ण था। बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों में 23 व 29 अप्रैल को मतदान होगा, मतगणना 4 मई को होगी।

### केरल में पहली सूची में कूरियन, चंद्रशेखर एवं जॉर्ज के नाम

**नई दिल्ली।** भाजपा ने केरल में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्रियों राजीव चंद्रशेखर और वी मुरलीधरन को क्रमशः नेमम और कझाकुट्टम विधानसभा सीटों से उम्मीदवार बनाया है। सूची के अनुसार, पार्टी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कूरियन को कंजीरापल्ली निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा है जबकि पीसी जॉर्ज पूनजार विधानसभा सीट से किस्मत आजमाएंगे। इसमें कहा गया है कि आर श्रीलेखा वट्टियोरकावु और पद्मजा वेणुगोपाल प्रदेश के त्रिशूर सीट से उम्मीदवार होंगी। सूची में कहा गया है कि इसके अलावा राजी प्रसाद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित कुन्नाथुर सीट से चुनावी मैदान में उतरेंगी, जबकि आर रश्मि कोट्टारक्करा से चुनाव लड़ेंगी। पार्टी ने सोभा सुरेंद्रन को पलक्कड़ से, नव्या हरिदास को कोझिकोड उत्तर से और कविता केएस को सुल्तान बथेरी (आरक्षित) सीट से उम्मीदवार बनाया है।

## थोक महंगाई 11 महीने के उच्चतम स्तर 2.13 प्रतिशत पर पहुंची

- **दाल, आलू, मछली जैसे खाने के सामान और अन्य वस्तुओं के दाम में तेजी से बढ़ी महंगाई**

**नई दिल्ली।** दाल, आलू, मछली जैसे खाने के सामान और अन्य वस्तुओं के दाम में तेजी से थोक मुद्रास्फीति फरवरी में बढ़कर 11 महीने के उच्चतम स्तर 2.13 प्रतिशत पर रही। हालांकि, मासिक आधार पर इस दौरान सब्जियों की कीमतों में नरमी आई। यह लगातार चौथा महीना है जब थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में तेजी आई है। जनवरी में 1.81 प्रतिशत जबकि पिछले साल फरवरी में 2.45 प्रतिशत थी।

अर्थशास्त्रियों का कहना है कि अगर कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि जारी रहती है, तो थोक महंगाई में और तेजी आ सकती है और इसका असर अन्य वस्तुओं (उर्वरक, एल्युमीनियम) पर भी पड़ेगा। इसका कारण यह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की तुलना में अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के अधिक करीब है। डब्ल्यूपीआई आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में खाद्य पदार्थों की महंगाई 2.19% रही, जबकि पिछले माह यह 1.55% थी।

**पहाड़ों पर फिर बर्फबारी**



कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ ताजा बर्फबारी से बर्फ की सफेद चादर से ढक गए हैं। जहां पर्यटक बर्फबारी के खूबसूरत नजारों का आनंद ले रहे हैं। चमोली के बद्रीनाथ बर्फ से ढंकी पहाड़ी।

## आईएसआईएस से जुड़े होने के आरोप में बीडीएस का छात्र मुरादाबाद से गिरफ्तार

संवाददाता, मुरादाबाद/लखनऊ



हारिश अली

- **एटीएस ने की कार्रवाई आरोपी मूल रूप से सहारनपुर का रहने वाला है**

**अमृत विचार**: यूपी एटीएस ने मुरादाबाद से बीडीएस के एक छात्र को गिरफ्तार किया है। छात्र पर आतंकी संगठन आईएसआईएस के ऑनलाइन मॉड्यूल से जुड़े होने का आरोप है।

एटीएस के अनुसार गिरफ्तार छात्र हारिश अली मूलरूप से सहारनपुर का रहने वाला है और मुरादाबाद के एक संस्थान में बीडीएस द्वितीय वर्ष का छात्र बताया जा रहा है। एटीएस के मुताबिक हारिश अली कथित रूप से आईएसआईएस के हैंडलर्स के संपर्क में था और सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट्स बनाकर लोगों को आत्मघाती हमलों के लिए उकसाने का काम कर रहा था। एटीएस ने उसके कई इंस्टाग्राम अकाउंट्स को ट्रेस किया है, जिनके जरिए वह कथित रूप से मुस्लिम युवकों को ब्रेनवॉश कर आईएसआईएस से जोड़ने की कोशिश कर रहा था। प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया है कि हारिश अली ने अल इत्तेहाद मीडिया फाउंडेशन नाम से एक डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाया था।

### कई ग्रुप बनाए, करा रहा था युवकों की भर्ती

एटीएस जांच में सामने आया कि हारिश आईएसआईएस माड्यूल के हैंडलरों के सीधे संपर्क में था। उसने इंस्टाग्राम इनक्रिप्टेड एप सेशन व डिसकार्ड पर फर्जी नामों से वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के माध्यम से समर्थित ग्रुप बनाए। इन ग्रुप के माध्यम से कट्टरपंथी युवकों को आईएसआईएस में भर्ती किया जा रहा था। हारिश ग्रुपों में आईएसआईएस की मीडिया चैनलों की पत्रिकाओं, प्रचार-प्रसार की सामग्रियों, आतंकी विचारधाराओं व मारे गए आतंकियों के चित्र, वीडियो व आडियो, आतंकियों को महिमा मंडित कर साझा किया जाता था।

**नसीहत** सुप्रीम कोर्ट ने कहा– हरित आवरण के मुद्दे पर एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता

## हरियाली की जरूरत सिर्फ दिल्ली को है ... बदलनी होगी सोच

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली रिज से संबंधित एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि यह सोच बदलनी होगी कि केवल राष्ट्रीय राजधानी को ही हरियाली की जरूरत है और अन्य राज्यों पर इसका कम असर पड़ता है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने टिप्पणी की कि हरित आवरण के मुद्दे पर एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

अरावली पर्वत श्रृंखला का ही एक विस्तार रिज दिल्ली में स्थित है और यह एक पथरीला, पहाड़ी और वन क्षेत्र है। प्रशासनिक कारणों से इसे चार क्षेत्रों दक्षिण, दक्षिण-मध्य, मध्य और उत्तर में विभाजित किया गया है जो लगभग 7,784 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले हुए हैं। पीठ ने कहा, हमें यह सोच बदलने की जरूरत है कि राष्ट्रीय राजधानी होने के नाते केवल दिल्ली को हरियाली की जरूरत है और बाकी शहरों को नहीं। इस मामले में अदालत की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता के परमेश्वर ने उच्चतम न्यायालय के 11 नवंबर के फैसले का हवाला दिया, जिसमें केंद्र को दिल्ली रिज मैनेजमेंट बोर्ड (डीआरएमबी) को वैधानिक दर्जा देने और इसे रिज और ''मॉर्फोलॉजिकल रिज'' से संबंधित सभी मामलों के लिए एकल-खिड़की प्राधिकरण बनाने का निर्देश दिया गया था। तब न्यायालय ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3(3) के तहत औपचारिक रूप से डीआरएमबी का गठन करने का निर्देश दिया था। सोमवार को सुनवाई के दौरान, केंद्र की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि पिछले साल एक दिसंबर को डीआरएमबी के गठन के संबंध में एक अधिसूचना जारी की गई थी।

### जंगल और हरित क्षेत्रों के प्रबंधन पर गठित समितियों का मांगा विवरण

पीठ ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह हलफनामा दाखिल कर रिकॉर्ड पर यह विवरण पेश करे कि जंगलों और हरित क्षेत्रों के प्रबंधन तथा पर्यावरण से जुड़े मुद्दों को देखने के लिए वैधानिक या गैर-वैधानिक समितियों का गठन कैसे किया गया है। न्यायालय ने कहा कि हलफनामे में उन वैधानिक ढांचों पर भी स्पष्टीकरण होना चाहिए जिनके तहत विभिन्न निकायों का गठन किया गया है। पीठ ने कहा कि हलफनामा दो सप्ताह के भीतर दाखिल किया जाए और उसके बाद मामले की सुनवाई की जाएगी। सुनवाई के दौरान, पीठ को बताया गया कि विभिन्न समितियां राष्ट्रीय राजधानी और पूरे देश में हरित आवरण के मुद्दे पर गौर कर रही हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### 'ग्रेवयार्ड इकॉनमी' से 'टेंपल इकॉनमी' की ओर बढ़ रहा यूपी

**अमृत विचार, लखनऊ/आगरा :** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश अब वर्ष 2017 की 'ग्रेवयार्ड इकॉनमी' से निकलकर 'टेंपल इकॉनमी' की ओर बढ़ रहा है, जहां आस्था, संस्कृति और पर्यटन स्थानीय रोजगार व अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि ब्रज रंगोत्सव 2026 के दौरान होली के प्रमुख दिनों में ब्रज क्षेत्र में 44 लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे, जिससे धार्मिक पर्यटन को नया बल मिला। संस्कृति मंत्री ने सोमवार को कहा कि मथुरा-वृंदावन से लेकर अयोध्या और वाराणसी तक प्रदेश के प्रमुख तीर्थस्थल वैश्विक पहचान बना रहे हैं।


जयवीर सिंह

### असम व बंगाल में चुनावी माहौल गरमाएंगे यूपी के कांग्रेस नेता

**अमृत विचार, लखनऊ :** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव कराने की घोषणा कर दी है तो प्रदेश कांग्रेस में भी हलचल शुरू हो गई है। पांचों राज्यों में चुनाव कराने के लिए यूपी से प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष दिग्गज कांग्रेस नेताओं को भेजा जाएगा, जोकि राज्यों में जाकर चुनावी माहौल को गरमाएंगे। यूपी से भी दिग्गज नेताओं को पश्चिम बंगाल और असम समेत पांचों राज्यों में उतारने की योजना तैयार कर ली गई है। इसके लिए करीब 50 नेताओं को चुना जाएगा। इसके लिए गहन मंथन शुरू हो गया है। कांग्रेस के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने बताया कि पार्टी नेताओं को चुनाव के लिए राज्यों में भेजा जाएगा। इसके लिए नेताओं के कद के हिसाब से लिस्ट तैयार की जा रही है।

### 1,08,935 गांवों में से 95,765 का भू-संदर्भीकरण पूरा

**अमत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में कृषि क्षेत्र को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए डिजिटल तकनीक का तेजी से विस्तार हो रहा है। कुल 1,08,935 राजस्व गांवों में से 95,765 गांवों का भू-संदर्भीकरण कार्य पूरा हो चुका है। इसके आधार पर खरीफ और रबी दोनों मौसम में बड़े पैमाने पर डिजिटल क्रॉप सर्वे किया गया है। खरीफ मौसम में 5.37 करोड़ से अधिक खेतों का सर्वे अंतिम रूप से स्वीकृत किया गया, जबकि रबी मौसम में भी 5.56 करोड़ से अधिक खेतों का सर्वे पूरा किया जा चुका है। राज्य सरकार द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे और किसान पंजीकरण अभियान के माध्यम से किसानों का सटीक आंकड़ा तैयार करने और उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य तेजी से आगे बढ़ाया गया है।

### कार की चपेट में आने से महिला की मौत

**रानीगंज, प्रतापगढ़ :** रानीगंज थाना क्षेत्र के खशहालगढ़ मीरपुर निवासी अमृतलाल पटेल के घर उनकी 25 वर्षीय बहन गुड्डन आई हैं। अमृतलाल की 35 वर्षीय पत्नी संगीता सोमवार शाम गुड्डन के साथ उनके तीन साल के बेटे वेद को नजर की झाड़फूंक कराने तांत्रिक के पास ले जा रही थी। दोनों वेद के साथ गांव के पास पैदल ही हाईवे पर जा रही थीं। रानीगंज से बादशाहपुर की ओर जा रही एक कार ने पीछे से उन्हें टक्कर मार दी। इससे तीनों घायल हो गए और कार चालक तेजी से भाग निकला। ग्रामीण सभी को ट्रामा सेंटर ले आए। यहां संगीता को मृत घोषित कर दिया गया। गुड्डन और उसके बेटे का इलाज चल रहा है। इधर, घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गयी। एसओ प्रभात सिंह ने बताया कि कार को चिह्नित किया जा रहा है।

# संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार घोषित, 54 कलाकार होंगे सम्मानित

## वर्ष 2021 से लेकर 2024 तक के अकादमी पुरस्कारों के लिए नाम घोषित, संगीत, नृत्य, नाटक और लोक कलाओं के क्षेत्र में योगदान के लिए हुआ चयन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **अकादमी पुरस्कार समेत सफदर हाशमी व बीएम शाह पुरस्कारों के लिए भी नामों का चयन**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी ने वर्ष 2021 से 2024 तक के अकादमी पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। इन पुरस्कारों के तहत संगीत, नृत्य, नाटक और लोक कलाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा। अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत ने बताया कि चार वर्षों के अकादमी पुरस्कारों के साथ रंगमंच के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कलाकारों का भी चयन हुआ है। इन्हें सफदर हाशमी पुरस्कार और बीएम शाह पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इनकी कुल संख्या 54 बताई गई है।

संगीत नाटक अकादमी की ओर से वर्ष 2021 के अकादमी पुरस्कार के लिए शास्त्रीय गायन के क्षेत्र में पं. दीनानाथ मिश्रा, लोक गायन के लिए श्रीकांत वैश्य, नक्कारा वादन के लिए कानपुर के प्रभु दयाल और शहनाई वादन के लिए वाराणसी के जवाहर लाल के नामों की घोषणा की गई। इस क्रम में रंगमंच निर्देशन के लिए भूमिकेश्वर सिंह, रंगमंच तकनीकी-प्रकाशन के लिए जगमोहन रावत, नौटंकी निर्देशन के लिए राजकुमार श्रीवास्तव एवं नाट्य लेखन के लिए विजय पंडित को सम्मानित किया जाएगा। कला उन्नयन के लिए मथुरा के मोहन स्वरूप भाटिया और वाराणसी की माला होम्बल के नामों का चयन किया गया है। जबकि नृत्य विधा में मथुरा,वृदांवन की भरतनाट्यम नृत्यांगना प्रतिभा शर्मा को पुरस्कार दिया जाएगा। इसके साथ ही वर्ष 2021 के सफदर हाशमी पुरस्कार के लिए रीवा के मनोज कुमार मिश्रा एवं बी.एम. शाह पुरस्कार के लिए दिल्ली के सतीश आनन्द पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।



जानकारी देते उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष प्रो . जयंत खोत व अन्य।

वर्ष 2022 के अकादमी पुरस्कार के लिए शास्त्रीय गायन एवं लोक गायन के लिए मथुरा के आनन्द कुमार मलिक व माधुरी शर्मा, जबकि कथक नृत्य के लिए लखनऊ के पं. अनुज मिश्रा, पखावज वादन के लिए शशिकांत पाठक और तबला वादन के लिए प्रयागराज के पंकज कुमार श्रीवास्तव के नामों की घोषणा की गई है। वहीं गिटार वादन के लिए सुनील पावगी, बांसुरी वादन के लिए मोहन लाल कुंवर, रंगमंच अभिनय के लिए मंजू कौशल तथा रंगमंच तकनीक-कठपुतली के लिए मेराज आलम को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। नाट्य लेखन,संगीत, नृत्य एवं रंगमंच के लिए वाराणसी के विजय शंकर मिश्रा एवं कला समीक्षा के लिए सीतापुर के पद्मकांत शर्मा को सम्मानित करने की घोषणा की गई है। जबकि वर्ष 2022 के सफदर हाशमी पुरस्कार के लिए नई दिल्ली के राजेश सिंह एवं बी.एम. शाह पुरस्कार के लिए भोपाल के कमल जैन के नामों का चयन किया गया है।

### वर्षवार कुल कलाकारों की संख्या

2021 : 12 अकादमी पुरस्कार, 2 विशेष पुरस्कार = 14 कलाकार
2022 : 12 अकादमी पुरस्कार, 2 विशेष पुरस्कार = 14 कलाकार
2023 : 11 अकादमी पुरस्कार, 2 विशेष पुरस्कार = 13 कलाकार
2024 : 11 अकादमी पुरस्कार, 2 विशेष पुरस्कार = 13 कलाकार

संगीत नाटक अकादमी की ओर से वर्ष 2023 के लिए शास्त्रीय गायन की श्रेणी में डॉ. रामशंकर, सुगम गायन के लिए मनोज गुप्ता एवं लोक गायन के लिए राकेश श्रीवास्तव को सम्मानित करने की घोषणा की गई। जबकि कथक नृत्य के लिए लखनऊ की डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव, तबला वादन के लिए अनूप बनर्जी और बांसुरी वादन के लिए चेतन कुमार जोशी के नामों का चयन किया गया है। वहीं नाटक एवं रंगमंच के क्षेत्र में निर्देशन के लिए राजकुमार उपाध्याय, अभिनय के लिए संजय देगलुरकर, लेखन-संगीत एवं नृत्य के लिए उमा त्रिगुणायत, कला उन्नयन के लिए डॉ. ओमेन्द्र कुमार एवं कला समीक्षा के लिए अर्जुनदास केसरी को पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं सफदर हाशमी पुरस्कार के लिए गाजियाबाद के अजय कुमार और बीएम शाह पुरस्कार के लिए गोरखपुर के रविशंकर खरे के नाम का चयन किया गया है।

इसी क्रम में वर्ष 2024 के अकादमी पुरस्कार में शास्त्रीय गायन के लिए रीतेश-रजनीश मिश्रा, सुगम गायन के लिए मुक्ता चटर्जी और लोकगायन (आल्हा) के लिए रामस्थ पाण्डेय को सम्मानित करने की घोषणा की गई है। वहीं लोक नृत्य के लिए सुगम सिंह शेखावत, दुक्कड़ वादन के लिए मंगल प्रसाद, वायलिन वादन के लिए सुखदेव मिश्रा एवं सितार वादन के लिए वाराणसी के राजेश शाह को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। जबकि रंगमंच के क्षेत्र में निर्देशन के लिए सुषमा शर्मा, अभिनय क्षेत्र में रविकांत शुक्ला 'शिब्बू', कला उन्नयन के लिए राजेश पंडित एवं कला समीक्षा के लिए शशिप्रभा तिवारी को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही वर्ष 2024 के लिए सफदर हाशमी पुरस्कार के लिए लखनऊ के शुभदीप राहा और बीएम शाह पुरस्कार के लिए भोपाल के संजय मेहता के नाम का चयन किया गया है। अध्यक्ष प्रो. जयंत ने बताया कि अकादमी की ओर से जल्द ही विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर इन सभी कलाकारों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर आक्रोश

## बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्शन कटने पर मुआवजे की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर बिजली उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। प्रदेश के कई जिलों में नेगेटिव बैलेंस के चलते लाखों उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए गए। वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में ऐसे मामले सामने आए, जिनमें उपभोक्ताओं ने भुगतान करने के बावजूद आरएमएस सिस्टम में रिचार्ज सिंक न होने के कारण समय पर बिजली कनेक्शन बहाल नहीं हो सके। इससे पूरे प्रदेश में उपभोक्ताओं के बीच आक्रोश की स्थिति बन गई।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने इस पूरे मामले को गंभीर बताते हुए विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार से मुलाकात कर लोक महत्व का प्रतिवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि 14 मार्च को हजारों उपभोक्ताओं ने भुगतान कर दिया था,




फिर भी उनके कनेक्शन समय पर नहीं जोड़े गए। परिषद ने मांग की है कि ऐसे सभी उपभोक्ताओं को स्टैंडर्ड ऑफ परफॉर्मेंस कानून 2019 के तहत मुआवजा दिया जाए। परिषद ने यह भी मांग उठाई कि स्मार्ट प्रीपेड मोड में जिन उपभोक्ताओं पर बकाया हो गया है, उन्हें पोस्टपेड उपभोक्ता मानते हुए विद्युत वितरण संहिता के तहत किस्तों में भुगतान की सुविधा दी जाए, ताकि गरीब उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। परिषद अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि बिना उपभोक्ताओं को सूचना दिए उनके पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा दिए गए और उन्हें प्रीपेड मोड में बदल दिया गया, जो विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5) का उल्लंघन है।

### रिचार्ज कराने पर भी प्रदेश के 1.47 लाख घरों में नहीं आई बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में प्रीपेड स्मार्ट मीटर रिचार्ज नहीं होने कारण 2,23,765 विद्युत कनेक्शन आटोमिटिक ढंग से कट गए थे। उनमें से सोमवार तक 76,209 विद्युत कनेक्शन उपभोक्ताओं द्वारा रिचार्ज करा लेने के उपरांत पुनः चालू हो गये। लेकिन अभी भी 1,47,556 कनेक्शन कटे हुये हैं, जिससे उनके घरों में अंधेरा है। उधर पावर कारपोरेशन के प्रवक्ता ने चेतावनी दी है कि जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन डिसकनेक्ट हुए हैं, यदि उनके यहां बिजली सप्लाई मिली तो मुकदमे कराए जाएंगे।

पिछले कई दिनों से प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की बिजली डिसकनेक्ट करने का मामला गरमाया हुआ है। इस मुद्दे पर

- **पावर कारपोरेशन ने कहा- कनेक्शन कटने के बाद बिजली प्रयोग की तो होंगे मुकदमे**

सोमवार को पावर कारपोरेशन के प्रवक्ता ने बताया कि बिजली सप्लाई बंद होने के बाद यदि उपभोक्ता बकाए का 50 फीसदी प्रीपेड स्मार्ट मीटर रिचार्ज करता है तो तो कनेक्शन केवल तीन दिनों के लिए पुनः जोड़ दिया जाएगा।

प्रवक्ता का कहना है कि यदि इन तीन दिनों के भीतर पूरा बिल नहीं रिचार्ज किया तो दोबारा कनेक्शन कट दिया जाएगा। स्मार्ट मीटरों के प्रमुख लाभों में सटीक बिलिंग, समय से रिचार्ज और मीटर से छेड़छाड़ नहीं करने पर निर्धारित विद्युत टैरिफ पर दो प्रतिशत छूट दी जा रही है।

### क्लासरूम में तमंचा सटाकर महिला शिक्षक से लूट

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** लीलापुर थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर खजूर में नगर कोतवाली क्षेत्र के अष्टभुजा नगर निवासी शशांक सिंह की पत्नी माया सिंह सहायक अध्यापक के रूप में कार्यरत हैं। सोमवार सुबह वह स्कूल में बच्चों को पढ़ा रही थी। करीब 11 बजे बाइक से दो बदमाश विद्यालय के अंदर पहुंच गए। वे माया सिंह के कक्ष में पहुंचे और उन्हें तमंचा सटा दिया। वे गले से सोने की चेन छीनने लगे। बदमाशों के तमंचा सटाने के बाद भी शिक्षिका ने दिलेरी दिखाई और उनसे भिड़कर शोर मचाने लगी। बदमाश शिक्षिका की आधी चेन लूट कर भाग निकले। इससे बच्चे भी सहम गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन की। मामले में शिक्षिका के ससुर उदेरज बहादुर सिंह ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। लीलापुर एसओ बैकुंठ नाथ पांडेय ने बताया जांच की जा रही है। वहीं सहायक अध्यापक माया सिंह से हुई चेन लूट की घटना की जानकारी पर शिक्षक नेता निर्भय सिंह सहित अन्य शिक्षकों की भीड़ लग गई।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता सी0एण्डडब्ल्यू0 लखनऊ के द्वारा ई टेंडर संख्या 268-Mech-CW-CMCEPPFSLKO25 के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय 06.04.2026 15:00 है जो उसी दिन 15:30 बजे वेबसाइट पर खोले जाएगे। इस टेंडर के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। टेंडरर ध्यान दे कि निविदा मूल्य (जैसा **IREPS** पर प्रावधान हो) का भुगतान यह केवल **through online payment mode** जो कि **ireps** पर उपलब्ध है जैसे की नेटबैंकिंग, डेबिड कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रशीदे, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान के अनुमति नहीं है।

| कार्य का नाम | कॉम्प्रेहेंसिव मेन्टेनेन्स कान्ट्रैक्ट (सीएमसी) फार अपकीपिंग आफ इलेक्ट्रो–न्यूमेटिक प्रेसुराइज्ड फ्लशिंग सिस्टम (इपीपीएफएस) ओवर लखनऊ डिवीजन नार्दन रेलवे फार ए पीरियड आफ टू इयर्स। | | |
|---|---|---|---|
| निविदा टाईप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल पैकेट सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय | 06.04.2026 15:00 बजे | अपलोडिंग दिनांक | 17.03.2026 |
| प्री-बिड येस/नो | नो | प्री बिड केवरी डेट टाइम | नाट अप्लीकेबल |
| एडवरटाइज्ड वैल्यू (रु.) | Rs.3,56,77,920.02 (Including GST) | टेंडरिंग सेक्शन | टेण्डर सी०एण्डडब्ल्यू० |
| बिडिंग स्टाइल | सिंगल रेट फार ईच शिड्यूल आइटम | बिडिंग यूनिट | % एज अबव/बिलो/एट पार |
| धरोहर राशि | 3,28,400.00 | आफर की वैद्यता | 60 दिन |
| निविदा मूल्य (रु.) | निशुल्क | कार्य की अवधि | 24 माह |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 23.03.2026 | | |

No. 268-Mech-CW-CMCEPPFSLKO25 Dt.: 16.03.2026 885/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



यमुना प्रसाद यादव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

# यमुना प्रसाद उमावि के वार्षिकोत्सव में छात्र छात्राओं की प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** लालगंज के वर्मानगर स्थित यमुना प्रसाद यादव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव हुआ। मुख्य अतिथि बीएचयू हिन्दी विभाग की प्रो. डॉ. प्रियंका सोनकर, डॉ. कुमार मनोज, लालगंज चेयरमैन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। विद्यालय की छात्रा शालिनी, प्रिया, आकांक्षा, महक, अनन्या, आराध्या, रागिनी, अंजली, उर्जित, अंशिका, जाह्नवी, शिखा छात्र अहम, अभिनव, अभय, सागर आदि ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत आदि की प्रस्तुति से कार्यक्रम में रंग भरा। इसके बाद बागीश्वरी वंदना, अभिनन्दन गीत, सावित्रीबाई फुले एक्ट, मोबाइल वरदान, अभिशाप वाद-विवाद, शैक्षिक मोटिवेशनल, कव्वाली, संभाजी महाराज नाट्य-नृत्य की प्रस्तुति लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुख्य अतिथि डॉ. प्रियंका सोनकर ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से प्रतिभाओं निखरने का अवसर मिलता है। डॉ. कुमार मनोज, प्रबंध निदेशक अभिषेक यादव ने विचार व्यक्त किया। संचालन शिक्षक लवलेश यदुवंशी ने किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य पारसनाथ वर्मा, प्रदीप गुप्ता, अनुज कुमार, रूपनाथ, धर्मेन्द्र, रोशन, असित, नेहा, खुशी आदि मौजूद रहे।

### पर्व पर नहीं शुरू होगी नई परंपरा : एसडीएम

**रानीगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** एसडीएम विमल कुमार ने सोमवार को पीस कमेटी की बैठक में लोगों से कहा कि नवरात्र और रमजान के बाद ईद पर जिस तरह पहले ईदगाहों में नमाज अदा की जाती थी। उसी परंपरा के साथ ईदगाह में नमाज अदा की जाएगी। किसी भी स्थान पर कोई नई परंपरा नहीं शुरू की जाएगी। अगर किसी की ओर से ऐसा किया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। 19 मार्च से नवरात्र की शुरुआत होगी। क्षेत्र के सभी मंदिरों पर भारी संख्या में भक्त दर्शन के लिए जाते हैं। उनकी सुरक्षा व्यवस्था के साथ बाराही देवी धाम में सफाई के साथ सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस विभाग के लोगों को निर्देशित किया। इस अवसर पर सीओ विनय प्रभाकर साहनी, थानाध्यक्ष प्रभात कुमार सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी अंकित श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक टेक सिंह, गिरिजा शंकर दीवान सुशील कुमार, गंगासागर सहित लोग मौजूद रहे।


**मो. अली नजीर फातिमा महाविद्यालय, गौरी खालसा मुसलमानाबाद, हरदोई**

एसोसिएन आफ माइनोरिटी एजुकेशन इंस्टीट्यूशन्स प्रयागराज द्वारा सत्र 2025–27 के लिए डी.एल.एड. पाठक्रम में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी संस्था की वेबसाइट www.amei.in या महाविद्यालय से फार्म प्राप्त कर सकते हैं।

**सम्पर्क सूत्र– 9695400001, 9454637442**


# जमीनी रंजिश में मां-बेटे की सिर कूंचकर हत्या

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** जनपद के अंतू थाना क्षेत्र में जमीनी रंजिश में मां और बेटे की नृशंस हत्या कर दी गई। दोनों के शव घर में रक्तरंजित मिले। पुलिस ने जांच-पड़ताल की। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने हमलावरों की तलाश में चार टीमों का गठन किया है। अंतू थाना क्षेत्र के पाराहमीदपुर में रविवार रात मां-बेटे की भारी वस्तु से सिर कूचकर धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। दोनों का रक्तरंजित शव घर के अंदर सोमवार सुबह 10 बजे कमरे में उनके ही बिस्तर पर मिला। गांव के दिनेश मौर्य मुंबई में मजदूरी करते हैं। घर पर उनकी पत्नी 48 वर्षीय शिवपति अपनी तीन बेटियों और एक बेटे के साथ पिछले तीन साल से खेत में बनाए गए कमरे में रहती थी। इन दोनों घर को व्यवस्थित ढंग से बनवाने का काम शुरू हुआ था। शटरिंग का काम चल


मौके पर पहुंचे सदर विधायक राजेंद्र मौर्य। अमृत विचार

रहा था। सोमवार सुबह करीब 10 बजे शटरिंग मिस्त्री राम सिंह सरोज जब काम पर आया तो आवाज देने पर कोई घर से नहीं निकला। अंदर जाकर देखा तो दिनेश की पत्नी शिवपति और 15 साल का बेटा औरभ खून से लथपथ मृत पड़े थे। शिवपति की बेटियों ने बताया कि छत डलवाने पर अंजाम भुगतने की धमकी विपक्षी ने दी थी, जिसे पुलिस को बताया गया था, लेकिन पुलिस ने कोई कदम नहीं उठाया। सदर विधायक राजेंद्र मौर्य भी मौके पर पहुंचे और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उधर, एसपी दीपक भूकर का कहना है कि जमीनी विवाद में घटना हुई है। परिवार के लोगों ने जिन लोगों का नाम बताया है उनको शीघ्र हिरासत में लिया जाएगा। यह भी देखा जाएगा कि कहीं कोई बाहरी व्यक्ति विवाद की आड़ में इस घटना को अंजाम दिया हो। घटना की जांच की जा रही है।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड बहराइच**

पत्रांक – 230 न0ख0ब0/अवैध कब्जा/ दिनांक 11.03.26

**अन्तिम नोटिस**

श्री देवेन्द्र पुत्र हितलाल, ग्राम–बभनियॉवा,
थाना पयागपुर पोस्ट–खजुरार,
जनपद–बहराइच।

रिट याचिका संख्या– 256/पी0आई0एल0/2023 में मा0 उच्च न्यायालय खण्डपीठ लखनऊ द्वारा पारित निर्णय दिनांक 27.04.2023 के अनुपालन मे नलकूप खण्ड–बहराइच के स्वामित्व ग्राम–बभनियॉवा, विकास खण्ड–पयागपुर जनपद–बहराइच नलकूप संख्या–48बी0जी0 की भूमि गाटा संख्या–1525/0.057 हे0 सिंचाई विभाग की भूमि पर 0.0113/113वर्ग मी0 में अनाधिकृत कब्जा करके भूमि का उपयोग दुकान के रुप में कर रखा है/रहे है, कब्जा हटाने हेतु इस कार्यालय के पत्रांक–22जे0/दिनांक 27.03.2023 एवं पत्रांक–35जे0/दिनांक 15.04.2023 एवं इस कार्यालय के पत्रांक–458/न0ख0ब0/अवैध कब्जा/दिनांक 29.04.2023 द्वारा अपना पक्ष रखने का अवसर देते हुए 10 दिन के अन्दर कब्जा हटाने हेतु नोटिस जारी की गयी, परन्तु आप द्वारा राजकीय नलकूप की भूमि को कब्जा मुक्त नही किया गया। तत्पश्चात इस कार्यालय के पत्रांक 634/न0ख0ब0/अवैध कब्जा/दिनांक 16.06.2023 द्वारा पुनः एक सप्ताह का अवसर देते हुए अंतिम नोटिस जारी कर अवैध दुकान पर चस्पा करा दिया गया परन्तु अभी तक आप द्वारा कब्जा मुक्त नहीं किया गया है।

अतः आपको अंतिम अवसर देते हुए ''जरिये नोटिस''सूचित किया जाता है कि राजकीय नलकूप संख्या 48 बी0जी0 की भूमिपर क्षेत्रफल 113 वर्ग मीटर में अनाधिकृत दुकान के रूप में किये गये कब्जे को 15 दिवस के अन्दर हटाकर लिखित रूप में सूचित करे अन्यथा दिनांक 28.03.2026 को आपके विरूद्व भारतीय दण्ड संहिता 1860 के अधिनियम 45 धारा 441–442 एवं नार्दन इण्डिया कैनाल एण्ड ड्रेनेज एक्ट–08,1873 की धारा–70/04 तथा पी0पी0 एक्ट 1972 के अन्तर्गत कार्यवाही कर बतौर बल प्रयोग कर कब्जा हटा दिया जायेगा तथा उपरोक्त कार्यवाही में विभाग का जो भी हर्जा खर्चा होगा उसके लिए आपको जिम्मेदार मानते हुए वह आपसे वज़रिये राजस्व वसूल किया जायेगा, जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेदार होंगे।

आज दिनांक 11.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर से अन्तिम नोटिस जारी की गयी ।

**UP-248339 दिनांक 16.03.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**(सलिल कुमार) अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड–बहराइच**



**अमृत विचार क्लासीफाइड**

**विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम राम प्रताप छेदीलाल के स्थान पर छेदीलाल हो गया है। भविष्य में मुझे छेदीलाल नाम से ही शासकीय, अर्द्धशासकीय, शैक्षिक व बैंकिंग एवं अन्य समस्त अभिलेखों में जाना समझा जाय
**छेदी लाल पुत्र रामपाल**
ग्राम इनायतनगर पूरे बनहा, जनपद अयोध्या

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा (अर्जुन सेन पुत्र गुरुप्रसाद) टीईटी–2011 का प्रमाणपत्र उच्च प्राथमिक विद्यालय रोल नंबर –07063555 है जो खो गया है। किसी व्यक्ति को मिले तो 6393484452 पर संपर्क करने का कष्ट करें। **अर्जुन सेन पुत्र गुरू प्रसाद नि0– 455/14 कल्याणी देवी शहर उन्नाव।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं SAHIL KHAN से अपना नाम बदल कर MOHAMMAD SHAHIL KHAN रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना वा पहचाना जाए पुत्र FARUQ AHMAD **निवासी ग्राम महुआ ढार पोस्ट महादेया इस्टे रेहरा बाजार बलरामपुर** का रहने वाला हूं

**सूचना**

मैने अपना नाम TABASSUM SIDDIQUIE से बदलकर TABASSUM रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **W/O-MOHAMMED ABRAR R/O-425/118 BISMIL NAGAR AMBAR GARY, CHOWK DIST-LUCKNOW (U.P.).**

**सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD JANISH से बदल कर MOHD JALEES रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: WARIS ALI R/O: VILL ALLAPUR BHAKHRAULI BADDUPUR FATEHPUR BARABANKI UTTAR PRADESH-225306**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मै KAMAL AHMAD FARUQUE से बदलकर अपना नाम KAMAL AHMAD रख लिया है। अब भविष्य मे मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाये। **पुत्र AHMAD HUSAIN निवासी–बर्डपुर–7 टोला मटुवा पंडित पुर जिला–सिद्धार्थनगर** का रहने वाला हूँ।

**सूचना**

मेरे पति KHALIL AHMAD के पासपोर्ट पर त्रुटिवश मेरा नाम SARAH चढ़ गया है जबकि मेरा सही नाम SARA है। जो कि मेरे सभी दस्तावेजो पर मेरे नाम SARA है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **W/O: KHALIL AHMAD R/O: 56, ALHAN MAU, POST- SARAI BARAI, BARABANKI**

**NOTICE**

This is to inform the public that my High School ( ICSE ) certificate of the year – 2023, Index No – 1234738/014, Unique ID – 7772531 Has been lost. Ayan khan, S/o Mohd. Saleem. Beldaran Tola, Nanpara, Bahraich.

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 1211797 की मार्कशीट एवं सर्टिफिकेट तथा इन्टरमीडिएट वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0902034 की मार्कशीट व सर्टिफिकेट वास्तव में कहीं खो गया है। **अगस्त मुनि पुत्र श्री नरेन्द्र कुमार निवासी– ग्राम तरौना रहीमाबाद मलिहाबाद जिला लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मै AHMAD HUSAIN FARUQUE से नाम बदलकर AHMAD HUSAIN रख लिया है अब भविष्य मे मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाये। **पुत्र MOHAMMAD MUFTAFA निवासी – बर्डपुर –7 टोला मटुवा पंडित पुर जिला–सिद्धार्थनगर** का रहने वाला हूँ।

**सूचना**

मैं अपने बड़े पुत्र तरूल चन्द्र को उनके गलत चाल चलन के कारण अपनी चल अचल संपत्ति तथा संबंधों से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य से मेरा कोई वास्ता और सरोकार नहीं होगा। **दीप्पल प्रसाद पुत्र रामनरेश, ग्राम बिचौपुर मश0 कोल्हुई बिनौनी परगना, तहसील व जिला बलरामपुर।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम SHAGUFTA KHATOON W/O MOHAMMAD AKMAL था जो दिनांक 01/03/2026 को मैने अपना नाम बदलकर SHGUFTA KHATOON W/O MOHMMAD AKMAL रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। **निवासी ग्राम बारा पत्थर छावनी सरकार थाना कोतवाली देहात बहराइच, उ0प्र0।**

न्यूज ब्रीफ

### रेलवे ट्रैक के किनारे मिला युवक का शव

**रामनगर, बाराबंकी :** थाना क्षेत्र में रानीबाजार के पास रेल पटरी किनारे तालाब के पास मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की शिनाख्त हो गई है। मृतक की पहचान शम्भू यादव 37 पुत्र बीनू यादव निवासी ग्राम रजबा, थाना हसनपुर, जिला समस्तीपुर बिहार के रूप में हुई है। बताया जा रहा कि शम्भू यादव दिल्ली के राई स्थित एक दाल मिल में काम करता था। वह 9 तारीख को दिल्ली से घर जाने के लिए निकला था, लेकिन 11 तारीख की रात से उसका मोबाइल फोन बंद हो गया। इसके बाद से परिजन उससे संपर्क नहीं कर पा रहे थे। रविवार को रानीबाजार क्षेत्र में रेल पटरी के किनारे तालाब के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू किए थे। मृतक की पहचान शम्भू यादव के रूप में हुई।

### बाइक समेत किशोर लापता, मामला दर्ज

**रामनगर, बाराबंकी :** कोतवाली रामनगर क्षेत्र के एक गांव से 16 वर्षीय किशोर के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग न मिलने पर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम रामपुर खरगी निवासी गोविंद रावत ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका 16 साल का भतीजा सचिन कुमार 8 मार्च की रात घर से बिना किसी को बताए निकल गया। वह घर से बाइक लेकर गया था। परिजनों के अनुसार सचिन के जाने के बाद परिवार वालों ने आसपास के गांवों और रिश्तेदारों में काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। घटना से परिजन काफी परेशान और चिंतित हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

# सड़क हादसों में 3 की मौत, 2 की हालत गंभीर

रफ्तार की मार

**रामसनेहीघाट/सूरतगंज, बाराबंकी**


धनकुमार यादव।


गौरव सिंह।


हादसे के बाद कल्याणी नदी में गिरी हुई बोलेरो। अमृत विचार

**अमृत विचार:** अलग-अलग स्थानों पर हुए तीन सड़क हादसों में तीन की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनाओं में कार नदी में गिर गई तो निकाह का न्यौता बांटने के दौरान ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी।

पहला हादसा रामसनेहीघाट क्षेत्र में रविवार देर रात हुआ। दरियाबाद से भिटरिया की ओर जा रही बोलेरो गोकुला पुल तासीपुर गांव के पास अनियंत्रित होकर कल्याणी नदी में गिर गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुल के पास तेज आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो बोलेरो पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नदी में गिरी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद दोनों युवकों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। जहां चालक धनकुमार यादव पुत्र रामसूरत यादव निवासी अमहिया, रामसनेहीघाट को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल अयोध्या जनपद के रानीमऊ निवासी रवि का इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार वाहन अनियंत्रित होकर नदी में गिर गया। दूसरा हादसा मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बेलहरा–महमूदाबाद मार्ग पर सेलुहामऊ गांव के पास हुआ। यहां सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार नसीर (40) पुत्र कासिम अली निवासी भरहरमऊ, थाना महमूदाबाद, जनपद सीतापुर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके भतीजे अतीक (35) पुत्र हनीफ गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को एंबुलेंस से सीएचसी फतेहपुर ले जाया गया, जहां हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा कि दोनों अतीक की बहन की शादी के निमंत्रण पत्र बांटने निकले थे। तीसरा हादसा रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुरारपुर मोड़ के पास हुआ। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह बाइक सहित सड़क किनारे गहरे खड्ड में जा गिरा। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान गौरव सिंह (22) निवासी बभौरा लोधी, थाना जैदपुर के रूप में हुई।


जानकारी देते विशेषज्ञ। अमृत विचार

### 'स्मार्ट टेक' दो दिवसीय एक्सपर्ट सेशन शुरू

**बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी में एलएंडटी एजुटेक के सहयोग से सीएसई एवं डीसीएसआईएस विभाग द्वारा दो दिवसीय एक्सपर्ट सेशन 'स्मार्ट टेक' शुरू हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और साइबर सिक्योरिटी में गहन जानकारी प्रदान करना है। कुलपति प्रो. (डॉ.) विजय तिवारी, रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) हेमेंद्र शर्मा, प्रो. राजेश पोरवाल, प्रो. विनीत गुप्ता, प्रो. वीना सिंह और डॉ. मधु दीक्षित की उपस्थिति में पहले दिन महर्षि चरक सभागार में एलएंडटी एजुटेक की साइबर सिक्योरिटी स्पेशलिस्ट डॉ. धिखी ने साइबर सिक्योरिटी के महत्व, मूलभूत सिद्धांत और सुरक्षा प्रथाओं पर विस्तृत व्याख्यान दिया। पहले दिन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, डिपार्टमेंट ऑफ़ कंप्यूटर साइंस एंड इन्फोरमेशन सिस्टम, कोर इंजीनियरिंग (सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स) और कॉमर्स एवं मैनेजमेंट संकाय के एमबीए, बीबीए, बी.कॉम एवं इकोनॉमिक्स के सैकड़ों विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

### क्षेत्र पंचायत बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा

**मसौली, बाराबंकी :** ब्लॉक सभागार में सोमवार को ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न हुई। बैठक में ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए ब्लॉक प्रमुख ने क्षेत्र पंचायत द्वारा कराए गए विकास कार्यों का विवरण पढ़कर सुनाया तथा खर्च की गई धनराशि की जानकारी दी। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष रामसिंह भुल्लन वर्मा ने अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी करने की बात कही। साथ ही ग्रापं प्रतापगंज में नाला निर्माण व ग्रापं बांसा और अम्बौर में रास्ता निर्माण का मुद्दा उठाया। इस पर खंड विकास अधिकारी ने बताया कि प्रतापगंज में विवाद के कारण कार्य शुरू नहीं हो सका है, जबकि अम्बौर में दो दिन बाद कार्य शुरू हो जाएगा। बैठक के दौरान पंचायत सदस्यों ने बैठक का मानदेय न मिलने की शिकायत भी की। इस मौके पर एडीओ पंचायत संजीव कुमार, ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।



भ्रमण के दौरान मौजूद विभा, प्रिया शेराली व अन्य। अमृत विचार

### विकास के लिए खेल और शिक्षा अनिवार्य

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ताराश्री फाउंडेशन प्रोजेक्ट अंतर्गत साआईआई फाउंडेशन दिल्ली कम्युनिकेशन विभाग हेड प्रिया शेराली ने सतरिख स्थित स्टेडियम व कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण किया। इस अवसर पर ताराश्री फाउंडेशन की संस्थापक विभा भी मौजूद रहीं। भ्रमण के दौरान उन्होंने स्टेडियम परिसर में बन रहे टेबल टेनिस कक्ष, वॉलीबॉल और बैडमिंटन कोर्ट का अवलोकन किया और कहा कि खेल और शिक्षा दोनों युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। प्रिया शेराली ने छात्रों को डिजिटल शिक्षा के महत्व और कंप्यूटर ज्ञान के जरिए नए अवसरों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण केवल प्रमाण पत्र के लिए नहीं, बल्कि कौशल और ज्ञान बढ़ाने के उद्देश्य से लिया जाना चाहिए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ताराश्री फाउंडेशन द्वारा सीआईआई फाउंडेशन के सहयोग से संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को डिजिटल कौशल प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है।


विजेताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

### विज्ञान के साथ नैतिकता का समावेश जरूरी: साकेंद्र प्रताप

**फतेहपुर, बाराबंकी :** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर वारिस चिल्ड्रेन्स एकेडेमी इंटर कॉलेज में विज्ञान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें वैज्ञानिक सर सीवी रमन के वैज्ञानिक कार्यों व योगदान पर विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए। विद्यार्थियों के बीच भाषण, पोस्टर और विज्ञान रंगोली स्पर्धाएं आयोजित की गईं। मुख्य अतिथि विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने कहा आज की बड़ी चुनौती विज्ञान के साथ नैतिकता का समावेश करना है। विद्यालय के प्रबंधक विजय आनन्द बाजपेयी ने कहा विद्यार्थियों में खोज की प्रवृत्ति और तर्क शक्ति का विकास आवश्यक है। जिला विज्ञान क्लब समन्वयक आशीष पाठक ने सीवी रमन के रमन इफेक्ट की जानकारी दी। भाषण स्पर्धा में छात्रा समीक्षा श्रीवास्तव ने प्रथम, वंशिका पटेल ने द्वितीय और अभिषेक श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर में अन्वेषा वर्मा प्रथम, सुष्मिता द्वितीय और ममता सिंह तृतीय रहीं। जूबा अंसारी और रागिनी को सांत्वना पुरस्कार मिला। विज्ञान रंगोली स्पर्धा में वारिस चिल्ड्रेन्स एकेडेमी इंटर कॉलेज प्रथम, जीजीआईसी फतेहपुर द्वितीय और सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तृतीय स्थान पर रहा। संचालन जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक आशीष पाठक ने किया। अंत में प्रधानाचार्या कमलेश शुक्ला ने आभार व्यक्त किया।

### अधिवक्ता पर धारदार हथियार से किया हमला, कई लोग घायल

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** कोतवाली दरियाबाद क्षेत्र में खेत में आलू खोदने को लेकर हुए विवाद में एक अधिवक्ता पर धारदार हथियार से हमला किया गया। घटना में अधिवक्ता को बचाने आए पिता समेत कई लोग घायल हो गए। क्षेत्र के ग्राम भारतपुर निवासी वीरेन्द्र कुमार वर्मा ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 14 मार्च की सुबह वह अपने खेत में आलू खोदने की मशीन लेकर जा रहे थे। इसी दौरान मशीन का पहिया पड़ोसी खेत में चला गया, जिसको लेकर पहले से चली आ रही रंजिश के कारण गांव के ही शिवकुमार, आशीष कुमार और कुलदीप कुमार समेत उनके परिवार के लोगों ने हमला कर दिया। आरोप है कि महिलाओं के उकसाने पर शिवकुमार ने धारदार बांके से वीरेन्द्र कुमार के सिर पर जानलेवा वार किया। बचाव करते समय उनके हाथ में गंभीर चोट आ गई। इसके बाद आशीष कुमार ने हंसिया से सिर, कान और कंधे पर वार कर दिया, जिससे वह मौके पर गिरकर बेहोश हो गए। शोर सुनकर बचाने पहुंचे उनके पिता जगन्नाथ और अन्य परिजनों पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया, जिससे जगन्नाथ के सीने और हाथ में चोटें आईं। घटना के दौरान ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली दरियाबाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### कानूनी कार्रवाई के बाद ही परिजनों को सौंपी जाएगी बालिका

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** हैदरगढ़ कस्बे से चार दिन पहले घर के बाहर से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हुई बालिका पुलिस को लखनऊ में मिल गई। सोमवार देर शाम उसे कोतवाली पुलिस ले आई और सुधार गृह में रखा है। कानूनी प्रक्रिया के बाद ही बालिका परिजनों को सौंपी जाएगी। हालांकि परिजन पुलिस कार्रवाई से संतुष्ट नही हैं। बताते चलें कि शुक्रवार शाम कस्बा हैदरगढ़ में एक परिवार की 12 वर्षीय बच्ची के घर के बाहर से लापता होने की घटना में तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज की गई थी। शनिवार को बच्ची के चाचा के मोबाइल पर आई व्हाट्सएप कॉल पर धमकी के बाद मामला गंभीर हो गया। कोई ठोस कार्रवाई न होने से नाराज परिजनों ने रविवार देर शाम अधिवक्ताओं और कस्बे के संभ्रांत नागरिकों के साथ कोतवाली परिसर पहुंचकर धरना–प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसके बाद देर रात पुलिस ने बच्ची के लखनऊ में मिल जाने की सूचना परिजनों को दी और उसकी फोटो भी भेजी। कोतवाली प्रभारी अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि चारबाग पुलिस ने बालिका को बरामद कर लिया। जिसे यहां की पुलिस लखनऊ से ले आई है। बालिका घर से पैदल ही निकली और बस पर बैठकर लखन्ऊ पहुंच गई। वहां पुलिस को गलत पता बताया जिससे समय लग गया। मजिस्ट्रेटी बयान व मेडिकल के बाद ही बालिका परिजनों के हवाले की जाएगी। उधर परिजन पुलिस की कहानी पर भरोसा नहीं कर रहे। उनका कहना है कि पुलिस सही बात सामने नहीं ला रही।

### अधिवक्ताओं का हित और सम्मान बनाए रखना ही लक्ष्य: अध्यक्ष

**फतेहपुर, बाराबंकी :** बार सभागार में सोमवार को आयोजित होली मिलन समारोह में बार अध्यक्ष प्रेमचन्द्र पाल ने उपस्थित अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य सदैव अधिवक्ताओं के हित की सेवा करना और उनके सम्मान को बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि तहसील में सुचारू कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए नवनिर्वाचित कमेटी के सदस्यों और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जल्द ही बैठक की जाएगी। समारोह में हरिनाम सिंह वर्मा ने होली गीत प्रस्तुत किया, जबकि अनीत रावत और रामऔतार गौतम ने रचनाएँ प्रस्तुत कर उपस्थित अधिवक्ताओं का मनोरंजन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव नयन तिवारी, महामंत्री मनीष कुमार श्रीवास्तव, ओमप्रकाश यादव, बृजेश मिश्रा, अलीउद्दीन शेख, वीरेशचन्द्र वर्मा, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, सर्वेश श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश यादव ने किया। इस मौके पर शीतला प्रसाद श्रीवास्तव, रघुनाथ वर्मा, शशेन्द्र श्रीवास्तव, केशवराम वर्मा, अशोक यादव, शेख शहाबुद्दीन, प्रभात वर्मा, मो0 अनवर, महेन्द्र सिंह, प्रेमचन्द्र, सुजीत कुमार पाठक, सूरज सिंह सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

### नाबालिग का वीडियो वायरल करने की दी धमकी, मामला दर्ज

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** कोतवाली क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी का कथित अश्लील वीडियो वायरल करने व अपहरण की धमकी पिता को दी गई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि रविवार सुबह अक्षय प्रताप सिंह पुत्र महराज बक्श सिंह ने उसके मोबाइल पर फोन कर धमकी दी। आरोपी ने कहा कि उसकी नाबालिग पुत्री का अश्लील वीडियो उसके पास है और यदि उसके खिलाफ पहले दर्ज कराई गई एफआईआर वापस नहीं ली गई तो वह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। यह भी आरोप लगाया गया कि आरोपी ने मोबाइल पर मैसेज भेजकर भी गाली–गलौज की और परिवार के सदस्यों के बारे में अभद्र बातें लिखीं। यह सभी मैसेज उसके मोबाइल में सुरक्षित हैं। आरोपी को उसके चाचा अवधेश सिंह और भाई पंकज का संरक्षण प्राप्त है। इससे पहले भी आरोपी पर घर में घुसकर मारपीट और गाली–गलौज करने का आरोप है, जिसके संबंध में कोतवाली में मुकदमा दर्ज है। 9 मार्च को भी आरोपी ने उसकी मां को जबरन गाड़ी में बैठाने का प्रयास किया तथा भतीजे के साथ मारपीट की थी, जिस पर पुलिस चौकी पोखरा द्वारा शांति भंग की धाराओं में कार्रवाई की गई थी।

### टीईटी से मुक्ति को लेकर भेजे पोस्टकार्ड

**मसौली, बाराबंकी :** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आवाहन पर ब्लॉक संसाधन केंद्र मसौली में शिक्षक की पाती कार्यक्रम के तहत शिक्षकों ने राष्ट्रपति, मुख्य न्यायाधीश, प्रधानमंत्री और नेता प्रतिपक्ष के नाम पोस्टकार्ड भेजकर अपनी मांगें रखीं। इस दौरान शिक्षकों ने पोस्टकार्ड के माध्यम से आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्ति देने की मांग उठाई। ब्लॉक संयोजक संजय श्रीवास्तव ने बताया कि यह पोस्टकार्ड अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शिक्षकों की समस्याओं और मांगों को देश के शीर्ष संवैधानिक पदों तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में सुरेश चंद्र, विश्वनाथ वर्मा, नरेंद्र कुमार, अमित कुमार, लवलेश यादव, शिवम तिवारी, गरिमा, जमाल खां, अतुल कुमार श्रीवास्तव सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में मौजूद सीवीओ व अन्य। अमृत विचार

### बकरी-मुर्गी पालन और नई नस्लों पर दी जानकारी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रमुख पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विनोद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण एवं प्रसार योजना कार्यक्रम में किसानों और पशुपालकों को वर्तमान परिवेश में पशुपालन के आधुनिक तरीके और विभागीय योजनाओं को जमीन पर उतारने के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. शमीम अहमद ने गर्मी में पशुओं के प्रबंधन के तरीके बताए, डॉ. शेषमन, उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी हैदरगढ़ ने बीमारियों और टीकाकरण पर चर्चा की, जबकि डॉ. रमेश चंद्र और डॉ. सुधीर कुमार ने पशुपालन की नस्लों और सावधानियों के बारे में अनुभव साझा किया। कार्यक्रम में बकरी पालन, बैकयार्ड पोल्ट्री, नंदिनी, मिनी नंदिनी, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना, हरे चारे और नेपियर घास जैसी योजनाओं के लाभ बताए गए। विशेष रूप से पुंगनूर गाय की जानकारी दी गई, जो घर पर पालन योग्य है, 1–5 लीटर दूध देती है और दूध में 8% वसा होता है।

## ऐप आधारित होगी जनगणना : डीएम


कार्यक्रम का शुभारंभ करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार:** जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के सफल संचालन के लिए फील्ड ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार से शुरू हुआ। प्रशिक्षण सागर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट अयोध्या रोड निकट रसौली में आयोजित किया जा रहा है। शुभारंभ डीएम एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने किया। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह ऐप आधारित और डिजिटल माध्यम से की जाएगी जिससे आंकड़ों के संकलन, संधारण और विश्लेषण में सुविधा हो। प्रशिक्षुओं से अपील करते हुए कहा सभी प्रतिभागी पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करें और सही तथा विश्वसनीय आंकड़ों के संकलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। बताया जनगणना दो चरणों में संपादित की जाएगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण में वर्ष 2027 में जनसंख्या की गणना की जाएगी। एडीएम एवं जिला जनगणना अधिकारी निरंकार सिंह ने जनगणना की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी नवाबगंज आनंद तिवारी, मंडल स्तरीय मास्टर ट्रेनर, तहसीलदार नवाबगंज सहित नामित फील्ड ट्रेनर मौजूद रहे।

## छापेमारी में मिले दो दर्जन सिलेंडर

**बाराबंकी, अमृत विचार:** घरेलू गैस पर मंडराया संकट तमाम के लिए कमाई का मौका बन गया। आमजन की जरूरतों का फायदा उठाते हुए न सिर्फ कालाबाजारी बल्कि अवैध रिफलिंग का कारोबार चोखा हो गया। सोमवार को पूर्ति विभाग की छापेमारी में अवैध रिफलिंग होती मिली तो एक स्कूल से सिलेंडर चुराकर ले जा रहे एक युवक को पकड़ पुलिस के हवाले किया गया है।

जिला पूर्ति अधिकारी राकेश तिवारी की अगुवाई में टीम ने आवास विकास कालोनी में छापेमारी की। इस दौरान सेंट्रल एकेडमी के सामने एक संदिग्ध गोदाम सील किया गया। कुछ ही दूरी पर छत्रपाल व रीतेश यादव की दुकान से 11 सिलेंडर बरामद हुए जिसके वैध प्रपत्र नहीं दिखाए जा सके। इन्हे टीम ने कब्जे में ले लिया। बड़ा मामला पानी की टंकी के सामने मिला। जहां नई बस्ती निवासी उमेश चंद्र की दुकान पर 25 घरेलू गैस सिलेंडर मिले, जिनसे छोटे सिलेंडरों में रिफलिंग की जा रही थी। इनमें 24 खाली तथा एक भरा हुआ था। यहीं पर पांच किलो के तीन छोटे सिलेंडर के अलावा गैस भरने के यंत्र व अन्य सामग्री मिली। पूछतांछ में दुकानदार सही जवाब नहीं दे सका। डीएसओ ने बताया कि पूरे जिले में गैस सिलेंडर के अवैध इस्तेमाल के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। किसी को बख्शा नहीं जाएगा। उमेश चंद्र के खिलाफ नगर कोतवाली में केस दर्ज कराया गया है।


जांच करते जिलापूर्ति अधिकारी राकेश तिवारी। अमृत विचार

### नोडल अध्यापकों की कार्यशाला संपन्न


प्रशिक्षण के दौरान मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी :** समग्र शिक्षा अभियान के तहत विखं सिरौलीगौसपुर में नोडल अध्यापकों के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला 13, 14 और 16 मार्च को श्री सुंदरलाल महाविद्यालय, औरेला सैदनपुर में संपन्न हुई। कार्यशाला में नोडल अध्यापकों को आउट ऑफ स्कूल बच्चों की पहचान, सर्वेक्षण प्रक्रिया, विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम और उन्हें विद्यालय से जोड़ने के तरीकों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र में श्याम जी, पुष्पेंद्र, वेद प्रकाश, रश्मि शुक्ला, प्रदीप, अर्चना मिश्रा, अभिषेक तिवारी व संतोष सैनी ने शिक्षकों को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यशाला में विखं के 133 विद्यालयों के नोडल अध्यापक शामिल हुए।

### गांधी क्लब ने जीता जिला स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट


विजेता टीम के साथ हॉकी एसोसिएशन के सचिव। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** खेल निदेशालय द्वारा आयोजित जिलास्तरीय हॉकी बालक–बलिकाओं का टूर्नामेंट स्थानीय पीएसी हॉकी ग्राउंड पर हुआ। उद्घाटन पीएसी हॉकी टीम के कोच अमित सिंह ने किया। टूर्नामेंट में कुल छह टीमों ने भाग लिया। फाइनल गांधी क्लब बाराबंकी और स्टेडियम टीम के बीच खेला गया जिसमें गांधी क्लब ने स्टेडियम को 2–0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। विजयी गोल समद ने किए। फाइनल मैच में पुरस्कार वितरण बाराबंकी हॉकी एसो. के सचिव मज़हर अज़ीज़ खां ने किया। इस मौके पर चंदा रानी, विवेक कुमार, मुजीब अहमद, शाकिब अहमद, ललित उपाध्याय मौजूद थे। ललित उपाध्याय ने जूनियर खिलाड़ियों को मेहनत करने की प्रेरणा दी साथ ही बालिकाओं की सराहना की।

### धूमधाम से मना बाबा गुलाब शाह वारसी का उर्स


उर्स के दौरान मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी :** सूफी संत बाबा गुलाब शाह वारसी का सालाना उर्स कस्बा देवा में पूरे अकीदत से मनाया गया। मजार पर बड़ी संख्या में मुरीदों ने चादर व प्रसाद चढ़ाया और माथा टेककर दुआ मांगी। लोगों ने माता बेनजीर शाह वारसी के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद भी लिये। उर्स के मौके पर कुल शरीफ के बाद कव्वाली की महफिल सजाई गई जिसमें क़व्वालों ने सूफियाना कलामों से माहौल को रूहानी बना दिया। ये बाबा गुलाब शाह तेरा रूप सलोना लगता है, हुआ मैं तेरा दीवाना, जो होगा देखा जाएगा, मोहब्बत करने वालों सितम ढाती है ये दुनिया जैसे कलामों के साथ जब क़व्वालों ने मेरी नैय्या के खेवनहार तुम्हीं हो, सब कुछ सरकार तुम्हीं से है पेश किया तो पूरा पंडाल तालियों की गूंज से गूंज उठा।

### दिव्यांग शिक्षा प्रशिक्षण संपन्न


प्रशिक्षण के दौरान जानकारी देते बीईओ सुनील कुमार गौड़। अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी :** बीएसए व बीईओ देवा के निर्देशानुसार बीआरसी देवा में सहायक अध्यापकों के लिए पांच दिवसीय दिव्यांग शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर रेखा सिंह ने दिव्यांगता के प्रकार, कारण और निवारण के साथ बेसिक शिक्षा की प्रमुख योजनाओं पर चर्चा की। विशेष शिक्षक अर्चना देवी ने श्रवण बाधिता से संबंधित साइन लैंग्वेज, एलिम्को कैंप, स्टाइपेंड और स्कॉर्ट की जानकारी दी। बीईओ सुनील कुमार गौड़ ने दिव्यांग बच्चों के सामाजिक और शैक्षिक समावेशन पर जोर देते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। प्रशिक्षण में मंजू वर्मा, पूनम सिंह, अंजना कुमारी, लता वर्मा, शालिनी सोनकर, शांभवी राय, प्रमिला चौरसिया सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

### आदिशक्ति-रामभक्ति रामलीला का हुआ मंचन


कार्यक्रम की शुरुआत कराते पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी :** ग्राम अशोकपुर चाचू सराय में उप्र संस्कृत संस्थान लखनऊ व आदर्श सेवा संस्थान बाराबंकी के तत्वावधान में आदिशक्ति– रामभक्ति रामलीला का मंचन हुआ। उद्घाटन पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने किया। उन्होंने कहा रामलीला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, संस्कृत भाषा और भगवान श्रीराम के आदर्शों को समाज तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के लेखक– निर्देशक ललित सिंह पोखरिया और आयोजन प्रभारी सुरेश चंद्र शर्मा के निर्देशन में संस्कृत भाषा में मंचित रामलीला ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर विनय मिश्रा, अमित भैया रामजी, रत्नेश कुमार, राकेश वर्मा, विनोद वर्मा, रोहित मिश्रा, रवि शर्मा, इरफान और हरिहर दत्त पांडेय मौजूद रहे।

### सुदामा चरित्र कथा का किया वर्णन


कथा सुनाते कथा व्यास मुरली मनोहर शास्त्री। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** पूरे झाम तिवारी मजरे बहुता गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास मुरली मनोहर शास्त्री ने सुदामा चरित्र का वर्णन किया। कहा सच्ची मित्रता कृष्ण व सुदामा जैसी होनी चाहिए। बताया कृष्ण ने अपने निर्धन मित्र सुदामा को एक पल में ही दो लोक का राजा बना दिया था। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी, प्रलयंकर सिद्धनाथ त्रिपाठी, रत्नेश शर्मा, ओमप्रकाश अवस्थी, अरुण कुमार शुक्ला, नागेन्द्र मिश्रा, जीवनलाल शुक्ला, बृजेश त्रिपाठी, शिवा शुक्ला, राकेश तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार
लखनऊ, मंगलवार, 17 मार्च 2026
उन्नाव

न्यूज ब्रीफ

## चारों मूल्यांकन केंद्रों में स्टेटिक मजिस्ट्रेट व पर्यवेक्षक नियुक्त

उन्नाव, अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर परीक्षा-2026 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु परिषद द्वारा जिले में 4 मूल्यांकन केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। जिन पर 18 मार्च से 1 अप्रैल की अवधि में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना है। शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी ने हर केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। यह जानकारी डीआईओएस सुनील दत्त ने दी।

## महिला ने मारपीट का लगाया आरोप

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गांधी नगर निवासी नेहा गौतम के अनुसार रविवार को कुछ लोग उसके घर में जबरन घुस आए और गालीगलौज करते हुए मारपीट करने लगे। आरोप है कि इस दौरान हमलावरों ने धारदार हथियार से भी हमला किया। जिससे वह घायल हो गई। शोर सुन उसकी बहन राधा व पूनम बीच बचाव करने पहुंचीं। लेकिन हमलावरों ने राधा से भी मारपीट कर दी। हमले में राधा को गंभीर चोटें आईं। मामले में गंगाघाट कोतवाली पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक सवार घायल

उन्नाव, अमृत विचार : अचलगंज थानाक्षेत्र के जमेल गांव निवासी सुनील सोमवार को बाइक से साली की चौथी लेने शुक्लागंज जा रहा था। तभी थानाक्षेत्र के आजाद मार्ग चौराहा के पास तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे परिजन एक निजी अस्पताल ले गए।

# डीसीएम फंसने से नवीन पुल पर डेढ़ घंटे तक लगा रहा जाम

### पीक ऑवर में शुक्लागंज से कानपुर जाने वाले लोगों को करना पड़ा परेशानी का सामना

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** सोमवार सुबह नवीन पुल पर एक डीसीएम फंसने से डेढ़ घंटे तक जाम लगा रहा। पीक ऑवर में भारी वाहन आने से शुक्लागंज से कानपुर जाने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

जाम में स्कूली छात्र-छात्राएं, नौकरीपेशा लोग व अन्य वाहन चालक फंसे रहे। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 10 बजे कानपुर से प्रतिबंधित समय में एक डीसीएम शुक्लागंज की ओर आ गई। उसी समय पीक ऑवर होने से शुक्लागंज से कानपुर जाने वाले वाहनों का दबाव अधिक था। डीसीएम पुल पर आकर फंस गई इससे धीरे-धीरे जाम लगने लगा। कुछ ही देर में पुल से लेकर फोरलेन स्थित दुर्गा मंदिर के आगे तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। तभी शुक्लागंज से ई-बसें भी निकलने लगीं। जिससे स्थिति और जटिल हो गई। मौजूद पुलिस कर्मियों ने काफी मशक्कत कर एक-एक कर वाहनों को निकलवाया। बाद में फंसी डीसीएम को भी किसी तरह बाहर कराया गया। इसके बाद यातायात सामान्य हो सका। करीब डेढ़ घंटे बाद जाम खुलने पर लोगों ने राहत की सांस ली।



टेंपो स्टैंड का निरीक्षण करते एसडीएम। ● अमृत विचार

### एसडीएम ने टेंपो स्टैंड का लिया जायजा

नगर में यातायात व्यवस्था सुधारने व जाम की समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से बालूघाट में बने टेंपो स्टैंड का सोमवार को एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी ने निरीक्षण किया। इसमें उन्होंने पालिका कर्मियों व ठेकेदार को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

सोमवार दोपहर एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी, एसबीएम प्रभारी अनूप शुक्ला के साथ बालूघाट मोड़ पर बने नगर पालिका के टेंपो स्टैंड पहुंचे। उन्होंने स्टैंड की व्यवस्था का जायजा लिया और क्षेत्र में रोज लग रहे जाम को लेकर पालिका कर्मियों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने पड़ाव अड्डा के ठेकेदार को मौके पर बुलाकर सख्त निर्देश दिए कि नो पार्किंग जोन व सड़क किनारे खड़े वाहनों से किसी प्रकार का शुल्क न वसूला जाए। कहा कि सभी टेंपो, ई-रिक्शा व ऑटो को निर्धारित टेंपो स्टैंड पर ही खड़ा कर सवारियां भरवाई जाएं और वहीं से पड़ाव शुल्क वसूला जाए। इससे सड़क पर अव्यवस्थित तरीके से खड़े वाहनों की समस्या खत्म होगी और जाम से राहत मिलेगी। एसडीएम ने पुलिस को भी व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर तैनात रहने के निर्देश दिए। इस व्यवस्था से नगर में यातायात सुचारू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## पूरे दिन रेंगते रहे वाहन, घंटों जाम में फंसे रहे राहगीर

उन्नाव : तीन दिन के अवकाश के बाद सोमवार को यातायात व्यवस्था पूरी तरह घुटने टेकती नजर आई। सरकारी दफ्तरों, बैंकों व शिक्षण संस्थानों के एक साथ खुलने से मुख्य मार्गों पर वाहनों का भारी दबाव बढ़ गया। जिससे शहर के प्रमुख चौराहे जाम की चपेट में रहे। सुबह 10 बजे से ही बड़ा चौराहा, छोटा चौराहा व गांधी नगर तिराहा पर वाहनों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। दोपहर होते-होते स्थिति इतनी विकराल हो गई कि पैदल तक निकलना दूभर हो गया। शुक्रवार, शनिवार व रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार को काम का बोझ बढ़ा। जिससे लोगों की आवाजाही सामान्य से दोगुनी रही। शहर में ई-रिक्शा की अनियंत्रित संख्या व दुकानों के बाहर सड़क तक किए गए अतिक्रमण ने जाम में कोढ़ में खाज का काम किया। मुख्य मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ने के बावजूद कोई वैकल्पिक रूट या प्रभावी डायवर्जन प्लान लागू नहीं दिखा। जिससे गलियों में भी जाम की स्थिति रही। इस भीषण जाम में फंसकर न केवल दफ्तर जाने वाले कर्मी व स्कूली बच्चे बेहाल हुए बल्कि मरीज लेकर जा रही एंबुलेंस भी घंटों फंसी रही। मुख्य चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस व होमगार्ड जवान पसीना बहाते नजर आए। लेकिन वाहनों की अत्यधिक संख्या के आगे उनकी व्यवस्था बौनी साबित हुई। शाम तक यातायात को सुचारु करने के प्रयास जारी थे। मगर सड़कों पर रेंगते वाहन शहर की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था की कहानी खुद बयां कर रहे थे।



शहर में लगा भीषण जाम। ● अमृत विचार

# डंपर की टक्कर से महिला की मौत, पति घायल

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार:** लखनऊ-कानपुर हाईवे पर जाजमऊ पुल के पास रविवार देर रात तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर बैठी महिला सड़क पर गिर गई और डंपर चालक ने उसे रौंद दिया। मौके पर ही महिला की मौत हो गई, जबकि पति घायल हो गया। हादसे के बाद हाईवे पर करीब आधे घंटे तक जाम लगा रहा।

कानपुर के कुली बाजार निवासी नईमा बेगम (45) अपने पति वकील के साथ रविवार को किसी काम से अखलाक नगर आई थीं।

● **जाजमऊ पुल पर हादसा होने से हाईवे पर लगा जाम**

देर रात वह पति के साथ बाइक से लखनऊ-कानपुर हाईवे के रास्ते घर लौट रही थीं। जैसे ही दोनों जाजमऊ पुल के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे अनियंत्रित डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक अनियंत्रित हो गई और पीछे बैठी नईमा उछलकर सड़क पर गिर पड़ीं। बताया जाता है कि भागने की कोशिश में डंपर चालक ने महिला को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और डायल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा घायल पति को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।



नईमा बेगम

घटना के बाद डंपर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सड़क पर शव पड़े होने के कारण हाईवे पर जाम लग गया, जिसे पुलिस ने करीब आधे घंटे बाद किसी तरह हटवाकर यातायात सामान्य कराया।

# डीएम ने किया श्री अन्न मिलेट्स गैलरी का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** जिले में मोटे अनाज (मिलेट्स) के प्रति जागरूकता बढ़ाने व किसानों को वैज्ञानिक खेती से जोड़ने के उद्देश्य से डीएम गौरांग राठी ने अपने कार्यालय परिसर में नवनिर्मित श्री अन्न मिलेट्स गैलरी का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मिलेट्स न केवल पोषण सुरक्षा के लिए अनिवार्य हैं बल्कि यह स्वास्थ्य संवर्धन व किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में एक क्रांतिकारी फसल है।



फीता काटकर श्री अन्न मिलेट्स गैलरी का उद्घाटन करते डीएम व अन्य।

उन्होंने जिले के किसानों से अपील की कि वे पारंपरिक खेती के साथ मिलेट्स की खेती को बड़े पैमाने पर अपनाएं और शासन द्वारा संचालित विभिन्न लाभकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। सीडीओ कृति राज ने कहा कि जिले में श्री अन्न के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर प्रयास हो रहे हैं। इस गैलरी

● **किसानों की आय और स्वास्थ्य पर दिया गया जोर**

के माध्यम से आमजन व किसानों को मिलेट्स की उन्नत किस्मों की पहचान होगी। वैज्ञानिक खेती की आधुनिक विधियों की जानकारी मिलेगी। उप कृषि निदेशक रविचन्द्र प्रकाश ने गैलरी की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यहां ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो व सावां जैसे विभिन्न मिलेट्स उत्पादन व उनकी उपयोगिता का सजीव प्रदर्शन किया गया है। इससे किसानों को नई कृषि तकनीकों को अपनाने की प्रेरणा मिलेगी।

# एनआर की पीसीओएम ने लिया गंगाघाट रेलवे स्टेशन का जायजा

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार। सोमवार सुबह गंगाघाट रेलवे स्टेशन का उत्तर रेलवे की प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक डॉ. मोनिका अग्निहोत्री ने निरीक्षण किया। वह दिल्ली से सड़क मार्ग से स्टेशन पहुंचीं। उनके साथ टीआई अखिलेश कुमार सहित रेलवे के अन्य विभागों के अधिकारी रहे। इस दौरान उन्होंने स्टेशन की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कई जरूरी निर्देश भी दिए। इसके साथ रेलवे पुल पर होने पर वाले कार्य व मेगा ब्लॉक को लेकर भी चर्चा की। निरीक्षण के दौरान प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक ने स्टेशन परिसर की लाइटिंग व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था व शौचालयों की स्थिति का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने अमृत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन पर चल रहे कायाकल्प कार्य भी देखे और कार्य की प्रगति के बारे

● **अमृत स्टेशन योजना के तहत हो रहे कार्य की देखी हकीकत**

में जानकारी ली। कार्यस्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन्होंने कार्यदायी संस्था के कर्मियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान चारों ओर से उचित बैरिकेडिंग की जाए। ताकि स्टेशन पर यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना का खतरा न हो। निरीक्षण के समय तेज हवा चलने से खुदाई से निकली मिट्टी उड़ रही थी। इससे यात्रियों को परेशानी हो रही थी। इस पर उन्होंने सुबह-शाम मिट्टी में पानी का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि स्टेशन पर यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए और सभी कार्य समय से पूर्ण किए जाएं।

# भाजपा कार्यकताओं को मिला जीत का मंत्र

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** भाजपा के पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत नवाबगंज स्थित कुंवर महेश सिंह-जगरूप सिंह स्मारक महाविद्यालय परिसर में न्योतिनी, नवाबगंज व औरास मंडल की अलग-अलग प्रशिक्षण कार्यशालाएं संपन्न हुईं। इसका शुभारंभ जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी व मोहान विधायक बृजेश रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया।



सम्बोधित करते विधायक बृजेश रावत। ● अमृत विचार

कार्यशाला में विभिन्न सत्रों में वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति व भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया। औरास मंडल के प्रथम सत्र में अवधेश दीक्षित ने कार्यपद्धति पर प्रकाश डाला। वहीं द्वितीय सत्र में विशेष आमंत्रित सदस्य आशादीन तिवारी ने पार्टी के इतिहास विकास की गौरवगाथा सुनाई। पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद अवस्थी ने तृतीय सत्र में पार्टी के वैचारिक अधिष्ठान को स्पष्ट किया कि अंत्योदय ही भाजपा का मूल लक्ष्य है। चतुर्थ सत्र में विधायक

● **प्रशिक्षण महा अभियान के तहत संपन्न हुईं कार्यशालाएं**

बृजेश रावत ने सरकार की उपलब्धि व क्रियान्वयन विषय पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं से सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। नवाबगंज व न्योतिनी मंडल के सत्रों में पूर्व जिलाध्यक्ष राधेश्याम रावत व क्षेत्रीय संयोजक सरोज सिंह चौहान ने पार्टी के गौरवशाली इतिहास पर विषय प्रस्तुत किए। कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि विषय पर गिरजाशंकर गुप्ता, दिनेश गुप्ता व अरुण सिंह ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की हुई मौत

उन्नाव, अमृत विचार : गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गंगा नगर मोहल्ला निवासी अंकित (27) सोमवार को पड़ोसी ओम साहू के साथ अचलगंज थानांतर्गत एक ढाबे से खाना खाकर लौट रहा था। तभी थानाक्षेत्र के लखनऊ- कानपुर हाईवे पर गहरा के पास अचानक सामने से आई कार से बचने के प्रयास में उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। सड़क पर दाई ओर गिरने से पीछे से आए ट्रक की टक्कर से अंकित गंभीर घायल हो गया। वहीं दूसरी ओर गिरने से ओम मामूली घायल हुआ। उसकी सूचना पर एंबुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां ईएमओ ने अंकित को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजन शव देख बेहाल हो गए। अस्पताल कर्मियों ने शव मोर्चरी में रखवाया है। एसओ ने बताया कि शव मोर्चरी में रखवाया गया है। तहरीर के आधार रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रोज से अधिक संख्या में परीक्षा देने पहुंचे बच्चे

उन्नाव, अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में सोमवार से वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गईं। पहले दिन छात्रों की संख्या अन्य दिनों की तुलना में अधिक रही। परीक्षा शुरू होने के चलते कई छात्रों के अभिभावक उन्हें विद्यालय छोड़ने आए। पहले दिन कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों की मौखिक परीक्षा थी। जिसे शिक्षकों ने छात्रों से मौखिक प्रश्न पूछकर संपन्न कराया। कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों की प्रथम पाली में कृषि विज्ञान/गृह शिल्प की परीक्षा व द्वितीय पाली में खेल व शारीरिक शिक्षा की परीक्षा हुई। विकासखंड सफीपुर के कम्पोजिट स्कूल रनियामऊ की कक्षा 8 की छात्रा कोमल ने बताया कि पेपर सरल था। सभी प्रश्नों के उत्तर आते थे। शिक्षक अमित तिवारी ने बताया कि परीक्षाएं शांतिपूर्ण व पारदर्शिता से संपन्न कराई जा रहीं हैं। बच्चे पूरी तैयारी करके आये थे। मंगलवार को सभी छात्रों का गणित व संस्कृत का पेपर होगा। उच्च प्राथमिक विद्यालय करीमाबाद, ददलहा, जमुनिहा कच्छ, रूपपुर चंदेला आदि में भी समय से परीक्षा शुरू हुई। ज्यादातर विद्यालय में 90 से 95 प्रतिशत छात्र मौजूद रहे।



कंपोजिट विद्यालय रनियामऊ में निगरानी करते शिक्षक।

## किशोरी से छेड़छाड़ के दोषी को 3 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार : किशोरी से हुई छेड़छाड़ के मामले में कोर्ट ने अंतिम सुनवाई के बाद युवक को दोषी ठहराते हुए 3 साल की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 25 हजार का जुर्माना भी लगाया है। हसनगंज कोतवाली पुलिस ने 2 अक्टूबर-2017 को बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के भूपति खेड़ा गांव निवासी राकेश उर्फ भुर्री पर किशोरी से छेड़छाड़ करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने जांच के बाद 4 जनवरी-2018 को आरोपी को जेल भेजा था। आईओ अखिलेश प्रजापति ने साक्ष्य एकत्र कर 18 जनवरी-2018 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। तभी से केस कोर्ट में विचाराधीन था। सोमवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद न्यायाधीश विमल त्रिपाठी ने शासकीय अधिवक्ता प्रदीप श्रीवास्तव की दलील व साक्ष्य के आधार पर राकेश को दोषी ठहराते हुए 3 साल की सजा सुनाई।

## एसडीएम ने जांचा गैस एजेंसी का स्टाक रजिस्टर

हसनगंज उन्नाव, अमृत विचार : क्षेत्र में गैस सिलिंडर की किल्लत की आ रही शिकायतों के चलते सोमवार को एसडीएम प्रज्ञा पांडय व सीओ अरविंद चौरसिया सहित कोतवाली प्रभारी शरद कुमार ने मोहान-पुछड़ा चौराहे के पास स्थित सिद्धि विनायक गैस एजेंसी पहुंचकर स्टॉक रजिस्टर की जांच की। इस दौरान अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से बात कर वितरण व्यवस्था व हो रही समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान उपभोक्ताओं ने किसी प्रकार की समस्या होने से इनकार किया। वहीं सीओ ने एजेंसी प्रबंधन को निर्देश दिए कि किसी भी उपभोक्ता को अनावश्यक परेशान न किया जाए तथा किसी विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दी जाए। मैनेजर तनवीर ने बताया कि एजेंसी में पर्याप्त गैस है। एसडीएम ने बताया कि गैस सिलेंडर को लेकर अफवाहों पर नकेल कसने वो उपभोक्ताओं को समस्या न हो इसके चलते औचक निरीक्षण किया गया है। यह आगे भी होते रहेंगे। अफवाह फैलाने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# गोवंश संरक्षण में लापरवाही पर सख्ती

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** डीएम गौरांग राठी ने निराश्रित गौवंश के संरक्षण व भरण-पोषण को लेकर प्रशासन की सुस्ती पर भारी नाराजगी जाहिर की है। पन्नालाल सभागार में हुई समीक्षा बैठक में निर्देशों का अनुपालन न करने पर डीएम ने विकासखंड नवाबगंज को छोड़कर जिले के सभी खंड विकास अधिकारियों के वेतन तत्काल प्रभाव से रोकने के निर्देश सीडीओ को दिए हैं।

बैठक में यह पाया गया कि पिछली बैठकों में दिए गए निर्देशों जैसे सड़कों से निराश्रित गौवंश को गौशालाओं में शिफ्ट करना, मृत पशुओं का रिकॉर्ड अपडेट करना व एसडीएम व बीडीओ की संयुक्त



बैठक में मौजूद डीएम, सीडीओ व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

● **एक को छोड़ सभी बीडीओ के वेतन रोकने के निर्देश**

बैठकें आयोजित करने में घोर लापरवाही बरती गई। इसे देखते हुए डीएम ने सभी बीडीओ को फटकार लगाई। विशेष रूप से विकासखंड औरास में मिल रही शिकायतों को देखते हुए संबंधित बीडीओ को दो माह में सुधार करने की अंतिम चेतावनी दी है। सुधार न होने पर कठोर विभागीय कार्रवाई की बात कही गई। जमीनों को चिन्हित कर मक्का, ज्वार और नेपियर घास उगाने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में सीडीओ कृतिराज, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, डीडीओ व सीवीओ सहित अन्य उपस्थित रहे।

# मोटे अनाजों की खेती पर दिया गया जोर

नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार:** नवाबगंज विकासखंड में किसान मेला व गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें मोहान विधायक बृजेश रावत व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह रहे। इस दौरान जहां किसानों को आधुनिक खेती के गुर सिखाए गए वहीं युवा व महिला मंगल दलों को खेलकूद सामग्री का वितरण भी किया गया।

विधायक बृजेश रावत ने किसानों से कहा कि इस समय मोटे अनाज की खेती स्वास्थ्य व आमदनी दोनों के लिहाज से महत्वपूर्ण है। उन्होंने किसानों को इसके लिए प्रेरित करने के साथ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के प्रति भी जागरूक किया। बीडीओ शशांक ने तकनीकी जानकारी साझा करते हुए किसानों से फॉर्मर रजिस्ट्री कराने की अपील की। ताकि योजनाओं का लाभ सीधे व पारदर्शी तरीके से मिल सके। पशु चिकित्साधिकारी राजेश मौर्या ने पशुपालकों के लिए चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं



महिला को किट देते विधायक व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि।

● **किसान मेला एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया**

की जानकारी दी। कृषि बीज भंडार प्रभारी रामकिशोर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत बीजों पर मिलने वाले अनुदान व आधुनिक कृषि यंत्रों के बारे में बताया। ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शिवा तिवारी की देखरेख में 15 युवक व महिला मंगल दलों को खेलकूद सामग्री किट दी गई।

## श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन



कथा व्यास पं. राम त्रिवेदी

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : शंकरपुर सराय स्थित मां फूलमती देवी मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास पंडित रामजी त्रिवेदी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं व कंस वध के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। इसमें उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने बाल्यकाल में ही कई असुरों का संहार कर धर्म की स्थापना की व भक्तों की रक्षा की। कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए भगवान ने अंततः कंस का वध कर अधर्म का नाश किया। कथा सुन श्रद्धालु भक्तिभाव में डूबे रहे। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए और भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया। अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

## रंगों संग मना रोटरी क्लब का होली मिलन उत्सव

उन्नाव, अमृत विचार : रोटरी क्लब उन्नाव द्वारा शहर के एक रेस्टोरेंट में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इसमें क्लब के सदस्यों ने सपरिवार शामिल होकर आपसी सौहार्द व उल्लास के साथ रंगों के त्योहार का आनंद लिया। मुख्य अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3110 के असिस्टेंट गवर्नर रो. भक्ति विजय शुक्ला रहे। शुभारंभ क्लब अध्यक्ष रो. अशोक गुप्ता व सचिव रो. सौरभ श्रीवास्तव ने किया। इसमें बच्चों व सदस्यों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। अदिति श्रीवास्तव, अभिरुचि व आहान निगम ने शानदार नृत्य पेश कर खूब तालियां बटोरीं। कसक निगम, दीपा निगम, नीरज निगम व अरविंद श्रीवास्तव के गीतों ने कार्यक्रम में सुरों की महफिल सजा दी। रो. आईजे सिंह की हास्य कविताओं पर लोग लोटपोट हो गए। सदस्यों ने हाउसी व संगीत आधारित खेलों का जमकर लुत्फ उठाया।

आयोजन

पांच दिवसीय खेल महोत्सव का हुआ आगाज,पहले दिन खिलाड़ियों ने जमकर बहाया पसीना

# कबड्डी व वॉलीबॉल के मुकाबलों में स्टेडियम की टीम का रहा दबदबा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** जिला क्रीड़ाधिकारी मुकेश कुमार सब्बरवाल के नेतृत्व में 5 दिवसीय जिला खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के पहले ही दिन कबड्डी, वॉलीबॉल व बास्केटबॉल के रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इसमें खिलाड़ियों ने जीत के लिए जमकर पसीना बहाया।

कबड्डी बालक वर्ग में उन्नाव स्टेडियम ने शानदार खेल दिखाते हुए 42-29 के अंतर से उन्नाव योद्धा को शिकस्त देकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं बालिका वर्ग में उन्नाव स्टेडियम-ए और उन्नाव स्टेडियम-बी के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। इसमें टीम-ए ने 29-15 से जीत दर्ज की। बालक वर्ग के फाइनल में बीघापुर टीम ने 25-20 के स्कोर के साथ आसीवान को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। बालिका वर्ग में स्टेडियम टीम ने विजय अभियान जारी रखते हुए आजाद क्लब को 25-20 से हराकर उपविजेता बनने पर मजबूर कर दिया। बास्केटबॉल बालक वर्ग में जेएन शाह स्कूल टीम-बी ने अपनी ही संस्था की टीम-ए को हराकर जीत हासिल की। बालिका वर्ग में वंडर वूमेन की टीम ने बेहतरीन तालमेल का प्रदर्शन करते हुए पैट्रियोड इंटर



विजयी टीम के साथ मौजूद अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

कॉलेज को हराकर विजेता होने का गौरव पाया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विक्रम और जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव विनीत सिंह,खेलो इंडिया कोच कुशमेश कुमार, आनंद मोहन, उपेंद्र मोहन, क्रिकेट कोच शिवानी गुप्ता, वॉलीबॉल कोच शशिकांत, बैडमिंटन कोच इरशाद और कबड्डी कोच कृष्ण प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## श्याम प्रकाश श्रीवास्तव अंडर 23 जनपदीय क्रिकेट लीग: आइडियल क्लब विजयी

उन्नाव : जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित श्याम प्रकाश श्रीवास्तव अंडर-23 जनपदीय क्रिकेट लीग के अंतर्गत सोमवार को तीसरा मैच आईडियल क्लब व यूसीसी के बीच रामकली स्टेडियम शुक्लागंज में खेला गया। इसमें यूसीसी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए यूसीसी की पूरी टीम आकाश राठौर की शानदार गेंदबाजी के आगे ढेर हो गई। टीम निर्धारित 40 ओवर में 26 ओवर ही बल्लेबाजी कर सकी और 120 रनों पर आलआउट हो गई। इसमें प्रियांशु रावत ने 25 व रिकी पासवान ने 45 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आइडियल क्लब की टीम ने अभिनव राजपूत के अर्धशतक की बदौलत 26 ओवरों में 6 विकेट पर 124 रन बनाकर 4 विकेट से मैच जीत लिया। इसमें अभिनव राजपूत ने 57 व ऐश्वर्य सिंह ने 17 रन बनाए। आकाश राठौर को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ओम मिश्रा, साकिर हुसैन आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### दो घरों से जेवर व सामान ले गए चोर

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कौड़ियापुर गांव निवासी अच्छे व अमरेन्द्र कुमार के बंद घरों को निशाना बनाकर चोरों ने जेवर व पीतल के बर्तन पार कर दिए। घटना रविवार रात है जब अच्छे अपने चचेरे भाई के घर पर सो रहा था। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना का जायजा लिया। जांच कर खुलासे का आश्वासन दिया। अच्छे ने थाने में प्रार्थनापत्र देकर बताया कि वह घर पर अकेला था। रात को चचेरे भाई के घर सोने चला गया। इस बीच चोरों ने मकान के ताले तोड़ कर सोने-चांदी के जेवर आदि सामान साफ कर दिए। पड़ोस के अमरेन्द्र कुमार के बंद घर के ताले तोड़कर जेवर सहित बर्तन व अन्य सामग्री पार कर दी। थानाध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। घटना का खुलासा जल्द से जल्द करेंगे।

### पॉक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** एसएसपी जयप्रकाश सिंह के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत सोमवार को कोतवाली पुलिस ने पाक्सो एक्ट के वारंटी को दबोच लिया। पुलिस ने उसके विरुद्ध कार्रवाई कर उसे कोर्ट भेज दिया। पुलिस के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव भुड्डा निवासी झब्बू ने नाबालिग का अपहरण किया था। पुलिस ने उसके विरुद्ध नाबालिग के अपहरण, छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी देने के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। बीते दिनों झब्बू के विरुद्ध जिला न्यायालय से ग़ैर ज़मानती वारंट जारी किया गया था। इसके बावजूद वह न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा था। सोमवार को झब्बू को गिरफ्तार कर लिया।

# विभाग की लापरवाही, लोगों की जान पर भारी

संवाददाता, बेनीगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर में बिजली विभाग की घोर लापरवाही के चलते हो सकता है कभी भी बड़ा हादसा, विद्युत पोल लगा होने के बाद भी जर्जर बांस के सहारे लटक रहे 25-30 परिवारों के विद्युत कनेक्शन, विभाग बना अनजान।

बताते चलें कि नगर पंचायत बेनीगंज के मोहल्ला सिकलिन टोला के सण्डीला रोड स्थित सभासद ममता गुप्ता के आवास वाली गली में 20-25 परिवारों के विद्युत कनेक्शन हैं, और सभी की विद्युत लाइन एक जर्जर बांस के सहारे लटक रही है, जबकि विद्युत विभाग द्वारा रोड पर एक विद्युत पोल लगाया गया था, परन्तु काफी समय व्यतीत होने के बाद भी विद्युत तारों को अभी तक विद्युत पोल से नहीं लगाया गया है, जिससे प्रतीत होता है कि विद्युत विभाग किसी बड़ी अनहोनी होने का इंतजार कर रहा है।



जर्जर बांस के सहारे लटकते विद्युत तार।

### लोगों ने कहा

विद्युत लाइन के लिए मुख्य मार्ग से लेकर गली के अन्दर तक कई विद्युत पोल विभाग द्वारा काफी समय पहले ही लगा दिए गए थे, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी विद्युत लाइन अभी भी एक जर्जर बांस के सहारे झूल रही है, जिससे कभी भी बड़ी अनहोनी होने की आशंका बनी रहती है।

**श्रीनिवास गुप्ता, सभासद प्रतिनिधि सिकलिन टोला**

जर्जर बांस के सहारे संचालित विद्युत लाइन की चपेट में आने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, विद्युत विभाग को कई बार अवगत कराने के बाद भी विभाग ने अभी तक संज्ञान नहीं लिया है और अगर ऐसा ही रहा तो वह दिन दूर नहीं जब कोई बड़ी अनहोनी हो जाए।

**रामकिशन सोमवंशी, सिकलिन टोला**

# भाकियू सर्व समाज ने समस्याओं को लेकर दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** विकास खंड भरावन के बम्हनौआ टिकरा के कुम्हरन खेड़ा गांव में जन समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन सर्वसमाज का विशाल एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यवाहक जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में जिसमें आठ सूत्रीय जन समस्याओं की मांगो को लेकर किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष सुशील सिंह चौहान ने बताया विकास खंड भरावन की जन समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन सर्व समाज का संघर्ष जारी रहेगा। भाकियू सर्वसमाज के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया आठ सूत्रीय जन समस्या को लेकर विकास खंड भरावन के ग्राम पंचायत बम्हनौआ टिकरा के कुम्हरन खेड़ा गांव का मुख्य सम्पर्क मार्ग, गांवों की जर्जर सड़के, बजबजाती नालियों के निर्माण, उखड़े पड़े विद्युत पोल से सम्बंधित समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। भाकियू सर्व समाज के जिलाध्यक्ष सुनील तिवारी ने बताया समस्याओं का निदान न हुआ तो डीएम कार्यालय पर देंगे धरना। धरना प्रदर्शन में भाकियू सर्वमाज के ब्लॉक अध्यक्ष शिवलाल मौर्या, सतीश तिवारी, रामू तिवारी, रामपति, बिट्टू, रानू खान, आदर्श प्रजापति मौजूद रहे।

# पोर्टल पर राशन कार्ड के आवेदन लंबित

**हरदोई, अमृत विचार।** नए राशन कार्ड या डुप्लीकेसी के आवेदन जिला पूर्ति कार्यालय पर पिछले कई महीनों से पोर्टल पर लंबित में पड़े हुए है। आवेदक सम्बन्धित पटल पर जाकर जिम्मेदारों से अरदास लगा रहे है। लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सोमवार को कार्यालय के पटल पर पहुंचे एक आवेदक ने खबर में नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उसके आवेदन को पिछले चार महीने से लंबित रखा गया है। अब तक पोर्टल पर उसके आवेदन पर जिम्मेदार गंभीर नहीं है। आधा दर्जन से ज्यादा मौजूद आवेदकों ने बताया कि नए राशन कार्ड या डुप्लीकेसी के संबंधित समस्या के आवेदकों ने बताया कि विभाग में बिचौलिया हावी है।

# ट्रेन से गिरकर मरी किशोरी थी गर्भवती

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट का चौकाने वाला खुलासा, भ्रूण की होगी फ़ोरेंसिक जांच

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार Follow UP

- शहीद एक्सप्रेस से मां व बहनोई के साथ दिल्ली जाते समय संदिग्ध हालात में हो गई थी लापता

**अमृत विचार।** मां और बहनोई के साथ दिल्ली जा रही किशोरी की शहीद एक्सप्रेस ट्रेन से गिर कर मौत हो गई थी, सोमवार को पुलिस ने उसके शव का पोस्टमार्टम कराया, उसकी रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा गया है कि किशोरी गर्भवती थी और ट्रेन से गिरकर सिर की हड्डी टूटने से उसकी मौत हुई। रिपोर्ट के मुताबिक उसके भ्रूण को फ़ोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है, वहां से रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।

बताते चलें कि शनिवार की रात बिहार के तिलहटनी थाना रामभरवा ज़िला मोतिहारी की रसीली देवी अपनी 16 वर्षीय पुत्री लालता और दामाद आदित्य तिवारी के साथ शहीद एक्सप्रेस ट्रेन पर रक्सौल से सवार हो कर दिल्ली जा रही थी, उसी बीच लालता अपनी सीट से उठ कर बाथरूम की तरफ बढ़ी, नींद में उसने ट्रेन का दरवाज़ा खोलते ही वह टोंडरपुर रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से गिर पड़ी। बेहटा गोकुल पुलिस ने उसका शव कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी थी। इधर नींद से उठी रसीली देवी को जब लालता नज़र नहीं आई, तो उसने सीधे रेलवे के टोल-फ्री नंबर-139 पर गुमशुदगी दर्ज कराई। छानबीन में पता चला कि पुलिस ने जो शव बरामद किया, वह लालता था। सोमवार को उसके शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमे. किशोरी गर्भवती निकली, साथ ही उसके सिर की हड्डी टूट कर अंदर घुस गई थी, उसी से मौत हुई। किशोरी के गर्भ से निकले करीब 100 ग्राम के भ्रूण को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद आगे कुछ कहा जा सकता है।

### कहीं आत्महत्या तो नहीं

**हरदोई।** वैसे तो कहा जा रहा था कि शहीद एक्सप्रेस ट्रेन से गिरने वाली किशोरी हादसे का शिकार हुई, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसका गर्भवती होने से ऐसी दलील दी जा रही है कि गर्भवती हुई किशोरी खुद से इतनी शर्मसार हो गई कि उसने चलती ट्रेन से छलांग लगा कर आत्महत्या कर ली, फिलहाल पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है।

### दूध के कर्ज से बरी करते ही बरस पड़ी मां की आंखें

**हरदोई।** पोस्टमार्टम के बाद किशोरी का शव बाहर निकाला गया, उसकी मां रसीली देवी पास में खड़ी थी, बड़ी बेटियां उसके इधर-उधर सहारा दिए हुए थीं। अंतिम संस्कार के लिए शव लखनऊ के बैकुंठ धाम ले जाया जा रहा था, उससे पहले बेटी को दूध के कर्ज़ से बरी करते ही मां की आंखे बरस पड़ी, जिसे देख कर दूसरे भी रोने लगे।



होली मिलन समारोह में मौजूद लोगों को सम्बोधित करते विधायक श्रीकांत कटियार।

# होली मिलन समारोह में विधायक ने दी पर्व की बधाई

**गंजमुरादाबाद उन्नाव, अमृत विचार।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में सोमवार को होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। एडीओ पंचायत देवेंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि विधायक श्रीकांत कटियार का स्वागत किया। विधायक ने भी कार्यकर्त्ताओं व प्रधानों को गुलाल लगाकर होली खेली। विधायक ने कहा कि आज हम सभी यहां प्रेम, भाईचारे व आपसी सौहार्द के पर्व होली के उपलक्ष्य में एकत्र हुए हैं। होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है यह बल्कि हमारे जीवन में खुशियां, उमंग व आपसी प्रेम का संदेश लेकर आती है। सभी त्योहार हमें सिखाते हैं कि हम अपने मन के सारे भेदभाव, मनमुटाव व कटुता भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाएं और प्रेम व सौहार्द के रंगों से अपना जीवन रंगीन बनाएं। इसमें पूर्व क्रय विक्रय समिति अध्यक्ष मोनू सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रावेंद्र सिंह, अतुल मिश्रा, संदीप बाजपेई, प्रमेश चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि गुड्डू सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुशील कन्नौजिया, अजय तिवारी, रोहित सिंह प्रधान सहित तमाम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# प्रधानों के खातों में भुगतान हुआ तो खैर नहीं

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

- विकास कार्यों की धनराशि का भुगतान प्रधानों के निजी खातों में होने पर डीपीआरओ सख्त
- दरियापुर बलभद्र में प्रधान के निजी खाते में भुगतान किया गया

**अमृत विचार।** विकास खण्ड शाहाबाद की ग्राम पंचायत दरियापुर बलभद्र में विकास कार्यों के लिए प्राप्त सरकारी धन के उपयोग को लेकर ग्रामीणों के बीच चर्चा और सवाल दोनों तेज हो गए हैं। उधर डीपीआरओ ने कहा है विकास कार्यों की धनराशि अगर प्रधान के खाते में पाई गई तो शत-प्रतिशत कार्रवाई की जाएगी।

आरोप है कि पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर प्राप्त धनराशि के भुगतान में निर्धारित नियमों की अनदेखी की गई है।ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा तय व्यवस्था के अनुसार पंचायत विकास कार्यों में खर्च होने वाली धनराशि का भुगतान सीधे मजदूरों, मिस्त्रियों अथवा संबंधित फर्मों के खातों में किया जाना चाहिए, ताकि कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे और सार्वजनिक धन के उपयोग पर किसी प्रकार का संदेह न उत्पन्न हो, किंतु दरियापुर बलभद्र में यह चर्चा सामने आई है कि कुछ भुगतान ग्राम प्रधान बलराम सिंह यादव के निजी खाते में स्थानांतरित किए गए हैं। यदि यह तथ्य सही है, तो यह व्यवस्था की पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है।

### सफाई में क्या बोले सचिव

इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव सुबोध कुमार गुप्ता ने बताया कि नियमों के अनुसार ग्राम प्रधान के निजी खाते में धनराशि स्थानांतरित नहीं की जा सकती। हालांकि कभी-कभी छोटे-मोटे खर्चों की पूर्ति के लिए प्रधान के निजी खाते में धन दिया जाता है। सचिव के इस कथन के बाद पंचायत में धन के भुगतान की प्रक्रिया को लेकर और भी जिज्ञासा और सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा पंचायत में हुए खर्चों का स्पष्ट विवरण सार्वजनिक करने की मांग की है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले को किस गंभीरता से लेते हैं और पंचायत में विकास कार्यों के लिए आवंटित धन के उपयोग को लेकर उठे प्रश्नों का समाधान किस प्रकार किया जाता है।

### क्या बोले डीपीआरओ ?

इस संदर्भ मे जब डीपीआरओ विनय कुमार पुछा गया तो उन्होंने बताया कि प्रधान के निजी खाते में किसी मद मे भुगतान नही दिया जा सकता है। यदि कोई मामला संज्ञान मे आता है तो कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी

**बीघापुर उन्नाव, अमृत विचार।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर कर्ण निवासी उषा देवी ने बताया कि उसके पति राकेश कुमार चंडीगढ़ में मजदूरी करता है। बताया कि। सोमवार को बेटी के स्कूल व बेटे के गांव की गोशाला में मजदूरी करने जाने के बाद वह घर में ताला बंद कर अपने खेत पर गई थी। वापस लौटने पर घर का ताला टूटा मिला। कमरे में रक्खा बक्से का सामान बिखरा पड़ा था। उषा के मुताबिक कि बक्से में रखे 10 हजार रुपये नकद, चांदी की दो तोड़िया व बाइक की चाबी चाभी गायब थी। कोतवाली प्रभारी राजपाल का कहना ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है।

# जोगीपुर में लगी आग से राख हुईं घुमंतुओं की 11 झोपड़ियां

**हरदोई, अमृत विचार।** शहर के बगल में बसे जोगीपुर गांव में आग की एक चिंगारी ने एक-एक कर घुमंतु बिरादरी की 11 झोपड़ियों को अपनी ज़द में लेते हुए उन्हे राख में तब्दील कर दिया।घुमंतुओ की बस्ती तक पहुंचने के लिए तंग रस्तो. से निकलना पड़ता है, इसी वजह से दमकल कर्मी वहां तक नहीं पहुंच सके, नतीजतन घुमंतु खुद ही उठ रहीं आग की लपटों को बमुश्किल काबू कर सके। रविवार को हुए हादसे में हज़ारो की नगदी और लाखों का घर-गृहस्थी का सामान जल कर राख कर राख हो गया। राजस्व टीम जांच कर रही है।

बताया गया है कि कोतवाली शहर के जोगीपुर मजरा तत्यौरा में घुमंतु बिरादरी की बड़ी आबादी है। रविवार की शाम को वहां अचानक आग लग गई, देखते ही देखते उसने एक-एक कर 11 झोपड़ियो.को अपनी ज़द में ले लिया, जिसमें तोताराम और उसके पड़ोसी रामबाबू, मायाराम, दिन्नी, मोहित, मानू, पप्पू, राजकुमार, रघुनाथ, तेजपाल और संग्राम की झोपड़ी राख हो गई। आग लगने से पूरी बस्ती में भगदड़ मच गई। लोग अपने-अपने संसाधनों से आग काबू करने लगे, चूंकि घुमंतुओं की बस्ती तक पहुंचने के लिए तंग रस्तें तय करने पड़ते है।

# महिला को सांप ने डसा, हालत स्थिर

**बिलग्राम (हरदोई)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिबरामऊ में सोमवार को महिला को घर में भूसा भरते समय सांप ने डस लिया। घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिलग्राम में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया। ग्राम छिबरामऊ निवासी धनदेवी पत्नी विनोद कुमार सोमवार को अपने घर में रखे भूसे को समेटकर भर रही थीं। इसी दौरान भूसे के बीच छिपे एक सांप ने अचानक उनके हाथ में डस लिया। सांप के काटते ही महिला ने शोर मचाया, जिसे सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए।

# मजदूरों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** कांग्रेस ने जिले में मनरेगा योजना के तहत मजदूरों की मजदूरी, सामग्री मद के भुगतान, ग्राम रोजगार सेवकों के मानदेय व ईपीएफ जमा न होने की शिकायतों को लेकर प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन पर सवाल उठाए। पार्टी ने इन मुद्दों को लेकर मंगलवार को विकास भवन का घेराव कर धरना प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

मनरेगा कोऑर्डिनेटर विदुषी बाजपेई ने तिकोनिया पार्क स्थित कांग्रेस कार्यालय में बताया कि पार्टी देशभर में 'मनरेगा बचाओ संग्राम' चला रही है। एआईसीसी महासचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पहले ही स्पष्ट किया था कि यदि जॉब कार्डधारकों व मजदूरों का बकाया भुगतान नहीं किया गया तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। इसी क्रम में प्रदेश के सभी 75 जिलों में जिला व शहर कांग्रेस कमेटियां संयुक्त रूप से 17 मार्च को विकास भवन का घेराव कर धरना देंगी। बताया कि उन्नाव जिले में करीब दो लाख मजदूर परिवारों को बीते 75 दिनों से भुगतान नहीं मिला है। जबकि नियमानुसार 15 दिन में भुगतान होना चाहिए। सरकार व जिला प्रशासन की लापरवाही के चलते करीब 2.07 करोड़ रुपये मजदूरों की मजदूरी बकाया है। जिसमें फतेहपुर चौरासी ब्लॉक में करीब 42 लाख व बांगरमऊ ब्लॉक में 35 लाख से अधिक भुगतान लंबित है।

# आपसी भाईचारा बनाए रखें सभी लोग

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** आगामी ईद व नवरात्रि के पर्व को शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें प्रशासन व पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों व धर्मगुरुओं से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था व आपसी भाईचारे पर जोर दिया।

अध्यक्षता कर रहे एसडीएम शिवेंद्र वर्मा व सहायक पुलिस अधीक्षक संचित शर्मा ने कहा कि त्योहारों में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। अफसरों ने लोगों से कहा कि किसी प्रकार की भ्रामक अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही उन्हें सोशल मीडिया पर प्रसारित करें। त्योहारों के दौरान यदि कोई संदिग्ध गतिविधि या समस्या नजर आती है तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें। संबंधित विभागों को सफाई, बिजली व पानी की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। एसओ एसएन त्रिपाठी ने संभ्रांत नागरिकों व ग्राम प्रधानों से अपील की कि सफीपुर की गंगा-जमुनी तहजीब को बरकरार रखते हुए ईद व नवरात्रि मिल-जुलकर मनाएं। कहा कि पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सतर्क है और चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखी जाएगी। बैठक में प्रधान, धर्मगुरु व प्रबुद्ध वर्ग के लोग शामिल हुए।



पीस कमेटी की बैठक में मौजूद पुलिस अधिकारी व लोग। अमृत विचार

- पीस कमेटी की बैठक में प्रशासन ने की अपील

# शोभायात्रा का किया गया आयोजन

**सुरसा, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खंड के पचकोहरा में सोंमवार को भोलेनाथ व काली माता की पुर्नस्थापना पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में भोले बाबा के जयघोष के साथ ही रंग गुलाल के साथ झूमते गाजे भक्तों ने शोभायात्रा में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम व्यवस्थापक अर्जुन सिंह ने बताया कि पचकोहरा बस स्टाप के पास पुराने मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया गया, जिसमें भोले बाबा व काली माता की मूर्तियों की पुर्नस्थापना करवाई गई।सोंमवार को अबीर गुलाल लगाते हुए व डीजे की धुन पर दर्जनों की संख्या में भक्त झूमें। शोभा यात्रा पचकोहरा गांव के पांच मंदिरों से होते हुए काली माता मंदिर तक पहुंची।

# विवाहिता ने ससुरालियों पर लगाए प्रताड़ित करने के आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के बम्हना गांव निवासी रिचा मिश्रा पुत्री राकेश मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 14 फरवरी 2015 को अभिषेक पांडेय पुत्र लखनलाल निवासी गांव बम्हना कोतवाली सफीपुर हाल निवास शक्तिनगर कॉलोनी शुक्लागंज से हुरी थी। उन दोनों की एक बेटी है जो 9 वर्ष की है। आरोप है कि शादी के एक वर्ष बाद से पति, ससुर लखनलाल, सास बुद्धिमती व ननद अर्चना द्विवेदी दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। विरोध करने पर उससे मारपीट की जाती और जान से मारने की धमकी दी जाती थी। एसओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज, आरोपी से पूछताछ शुरू

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार को उसकी 15 वर्षीय बेटी जानवरों के लिये चारा लेने खेत गई थी। तभी गांव निवासी पूतलाल उससे छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर वह पड़ोस के खेत से मौके पर पहुंचा और उलाहना दिया। जिस पर वह मारपीट पर उतारू हो गया। एसओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। किशोरी के बयान के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

बैठक | एसडीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में गैस संचालकों ने कहा

# गोदामों में उपलब्ध है पर्याप्त रसोई गैस

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** तहसील सभागार में सोमवार को एसडीएम बृजमोहन शुक्ला की अध्यक्षता में क्षेत्र के गैस एजेंसी संचालकों व पुलिस अफसरों की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। इसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में रसोई गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करना व उपभोक्ताओं को आ रही तकनीकी समस्याओं का समाधान करना रहा। बैठक में एसडीएम ने सभी संचालकों से घरेलू व व्यावसायिक गैस सिलेंडर के स्टॉक की विस्तृत जानकारी मांगी। संचालकों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि उनके गोदामों में पर्याप्त गैस रिफिल उपलब्ध है। बीते कुछ समय से उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग व मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त करने में जो दिक्कतें आ रही थीं। संचालकों ने बताया कि उन समस्याओं को अब पूरी तरह से दूर कर लिया गया है। अब निर्धारित टोल-फ्री नंबर पर बुकिंग करने के बाद उपभोक्ताओं को उनके घर तक (डोर-टू-डोर) गैस सिलेंडर की निर्बाध आपूर्ति शुरू कर दी गई है। इस दौरान सीओ संतोष सिंह, कोतवाल अखिलेश चंद्र पांडेय, अमित-सुमित गैस एजेंसी से अनमोल, मोना गैस एजेंसी से सादिक खान, पवन इंडेन से अनूप कुमार, मां वैष्णो एचपी से बंटी, निर्मला इंडेन से संदीप सिंह और मां भुवनेश्वरी गैस एजेंसी संचालक ब्रजेंद्र सिंह मौजूद रहे।



रसोई गैस एजेंसी के संचालकों के साथ बैठक करते एसडीएम।

# किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में किशोर पर रिपोर्ट दर्ज

**उन्नाव, अमृत विचार।** आसीवन थानाक्षेत्र में एक किशोर पर किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोप लगे हैं। किशोरी की मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 22 जून-2025 को वह किसी काम से उन्नाव गई थी। घर पर उसकी 15 वर्षीय बेटी अकेली थी। तभी गांव निवासी 16 वर्षीय किशोर ने उसकी बेटी से दुष्कर्म किया। आरोपी ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। इसी डर से किशोरी ने यह बात परिजनों को नहीं बताई। करीब 8 माह बाद जब किशोरी के शरीर में बदलाव दिखने लगे तो परिजनों ने उससे कड़ाई से पूछताछ की। तब उसने अपने गर्भवती होने की बात बताई। आसीवन एसओ प्रदीप सिंह ने बताया कि मां की तहरीर के आधार पर आरोपी किशोर पर रिपोर्ट दर्ज कर उसे हिरासत में लिया गया है। किशोरी को मेडिकल के लिए मियागंज सीएचसी भेजा गया था। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया है।

# चकबंदी प्रक्रिया शुरू होने से आक्रोश

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव

- चकबंदी के पक्ष में नहीं थे ग्रामीण प्रशासन से लगाई थी गुहार

**अमृत विचार।** सफीपुर तहसील क्षेत्र के निहालपुर गांव के ग्रामीणों ने 20 दिसंबर 2025 को डीएम को ज्ञापन देकर गांव में आंबेडकर पार्क, बारात शाला, मिनी सचिवालय, जूनियर प्राथमिक विद्यालय होने के साथ गांव के बाहर से रिंगरोड होने आदि सहित अधिकांश भू-भाग में बाग होने से गांव को जिला उद्यान विभाग ने फलपट्टी के लिए चयनित होने का हवाला देकर चकबंदी न किए जाने की गुहार लगाई थी।

परिणाम स्वरूप डीएम ने ग्रामीणों की राय जानने के लिए मत विभाजन कराने का निर्देश दिया। एसओसी रामदेव निषाद की मौजूदगी में 17 जनवरी 2026 को कराए गए मत विभाजन में 80 फीसदी ग्रामीणों ने चकबंदी न कराने के पक्ष में अपना मत दिया था। कृषक अवनींद्र गौड़ ने बताया कि विभाग ने इसके पूर्व 2015 से लेकर अब तक 5 बार हुए मत विभाजन में हर बार चकबंदी न कराने के पक्ष में ग्रामीण अपनी राय दे चुके हैं। लेखपाल भी अपनी सर्वे रिपोर्ट में मानचित्र सहित चकबंदी न होने की रिपोर्ट दे चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि इन तमाम प्रक्रियाओं में ग्रामीणों ने चकबंदी को नकार दिया। इसके बाद एक बार फिर से विभाग ने मत विभाजन कराने को लेकर 6 (ग) फार्म भरवाने की प्रक्रिया शुरू की है। किसान अवनेंद्र गौड़ ने बताया कि बीते मत विभाजन के दौरान गांव में तनातनी बन गई थी। इस बार कही संघर्ष की स्थित न बन जाए इसे लेकर ग्रामीण आशंकित हैं। एसओसी रामदेव निषाद ने बताया कि चकबंदी में 52 प्रकार की प्रक्रियाएं होती है। उन्हीं के तहत कार्यवाही चलती रहती है। उसी कार्यवाही का एक हिस्सा है।

### विधायक के प्रयासों से चकबंदी पर लगी रोक

**सफीपुर, उन्नाव।** निहालपुर गांव के लोगों ने उच्चाधिकारियों से लेकर विधायक तक चकबंदी न कराने की फरियाद की थी। उन्होंने बताया कि गांव फलपट्टी घोषित होने से विधायक बम्बालाल दिवाकर के प्रयासों से राजस्व व राहत आयुक्त ने 27 जनवरी 2026 को पत्र जारी कर निहालपुर गांव सहित 7 गावों में चकबंदी न किए जाने के निर्देश दिए थे। लेकिन विभाग अपनी हठ धर्मित्ता पर अड़ा है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

अमृत विचार

लखनऊ, मंगलवार,17 मार्च 2026

हरदोई

मुकद्दस रमज़ान



- 27वां रोज़ा–
- अफ्तार–मंगलवार 6 :19 बजे
- 28वां रोज़ा–
- सहरी–बुधवार 4 :58 बजे।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

## बारात से वापस आते समय कटरा-बिल्हौर हाईवे पर हुए हादसे का शिकार

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई



नीरज पाल और अजय की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** कटरा-बिल्हौर हाइवे पर सुल्तानपुर पुलिया पर तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो जबकि गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक ने जिला अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। घटना से दोनों घरों में कोहराम मच गया।

रविवार को धमाई थाना माधौगंज निवासी नन्दराम के पुत्र रवि की बरात काली मिट्टी रणधीर खेड़ा लबानी थाना फतेपुर चौरासी उन्नाव को गईं थी। बरात में शामिल होने 27 वर्षीय नीरज पाल पुत्र ओम प्रकाश व उसका साथी 30 वर्षीय अजय पुत्र मथुरा प्रसाद निवासीगण ग्राम धमाई माधौगंज अपनी बाइक से गए हुए थे। सोमवार को बरात से वापस बाइक से दोनों लौट रहे थे, जैसे ही सुल्तानपुर पुलिया के पास पहुंचे तभी मल्लावां की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें नीरज की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गईं। इधर गंभीर रूप से घायल अजय को एम्बुलेंस से सीएचसी मल्लावां लाया गया जहां से हालत गंभीर देखकर डॉ दिव्यांशु चंद्रा ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन बघौली के पास ही पहुंचे थे कि तभी अजय ने भी दम तोड़ दिया। नीरज नोएडा में एक स्पोर्टस फैक्ट्री में काम करता था जो होली पर आया था और दोस्त रवि की बरात को लेकर रुका था। दो भाइयों और बहन में सबसे बड़ा था। वहीं अजय लुधियाना में मजदूरी करता था। जो अपनी बहन की 25 फ़रवरी को विवाह में अया था। उसके दो बेटे है जिसमें बड़ा बेटा तनुष 14 और जिशांत सात वर्ष का है। घटना से दोनों परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्नाव बॉर्डर पर होने की वजह से डंपर को उन्नाव पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।



मृतक के रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

### दो युवकों की मौत से माहौल हुआ गमगीन

रविवार को धमाई गांव में जहां नन्दराम के लड़के रवि के विवाह में ढोल नगाड़े बज रहे थे। सोमवार को गांव में दुल्हन के आने की तैयारी में खुशी का माहौल था, तभी अचानक गांव के ही दोनों युवक की मौत होने से माहौल गमगीन हो गया।

## जन्मदिन मनाने की तैयारियों के बीच पिकअप की टक्कर से बच्चे की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** तीन साल के बच्चे के जन्म दिन की तैयारियां चल रहीं थी। वह घर के बाहर निकल गया। उसी बीच उधर से निकले पिकअप ने उसे टक्कर मार दी, गंभीर रूप से घायल बच्चे को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाली पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम न कराने के समझौते बाद घर वाले उसका शव गांव उठा ले गए। पाली थाने के दरियापुर निवासी ओमकार अपने मकान में ही दूध डेयरी चलाता है। रविवार को वह अपनी बीमार मामी को देखने ननिहाल पिहानी गया और रात में वहीं रुक गया। सोमवार की सुबह ओमकार के पिता देवशरण ने डेयरी खोली और वहीं बैठे हुए थे, उसी बीच ओमकार का तीन वर्षीय पुत्र उत्कर्ष वहां खेल रहा था, सोमवार को ही उसका जन्म दिन था, घर में तैयारी हो रही थी। उसी बीच उधर से पिकअप आया और खेल रहे उत्कर्ष को टक्कर मार दी, जिससे उसके सिर में चोंट पहुंची, उसे वहां से उठा कर पीएचसी पाली ले जाया गया, जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। जन्म दिन वाले दिन हुई मौत से पूरे घर–परिवार में कोहराम बरपा हो गया, उत्कर्ष दो भाई और इकलौती बहन में सबसे छोटा था।

## किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोपी गया जेल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र निवासी किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 16 मार्च को किशोरी की मां ने थाना शाहाबाद पर तहरीर दी थी, जिसमें कहा कि अभियुक्त छबूला उर्फ अवनीश पुत्र खुशीराम निवासी ग्राम तडेर थाना शाहाबाद ने उसकी पुत्री के साथ गलत कार्य करने का प्रयास किया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। सोमवार को पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जहां से जेल भेज दिया गया।



## न्यूज ब्रीफ

### घर के बाहर बंधी भैंस खोल ले गए चोर

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** बीती रात के लगभग 2 बजे भैंस चोरी हो गई। थाना पाली के फिरोजपुर बरगदिया निवासी रामसागर ने बताया कि उनकी भैंस घर के बाहर टीनशेड में बंधी थी, रात में चार-पांच लोग आए और भैंस खोलकर ले जाने लगे। आहट होने पर रामसागर की नींद खुली, बाहर निकलकर देखा तो कुछ दूरी पर चार-पांच लोग उनकी भैंस को पिकअप पर लाद रहे थे। शोर मचाने पर चोरों ने आंखों पर टॉर्च लगा दी और ईंट पत्थर चलाने लगे, जिससे वह पिकअप गाड़ी का नंबर भी न देख सके। गाड़ी बेगराजपुर पाली मार्ग होते हुए काफी तेज रफ्तार से चली गई घर वालों ने पिकअप का काफी दूर तक पीछा भी किया पुलिस को सूचना दी पुलिस भी मौके पर आकर भैंस की छानबीन करने लगी पर भैंस न मिली।

### जुआ खेलते हुए तीन लोग गिरफ्तार

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम शफीक निवासी मोहल्ला मैदानपुरा, मोइनुद्दीन निवासी ग्राम जरौली शेरपुर तथा शमशाद अहमद निवासी मोहल्ला सैय्यदबाड़ा थाना बिलग्राम बताए। तलाशी के दौरान शफीक के पास से 1000 रुपये, मोइनुद्दीन के पास से 1300 रुपये और शमशाद के पास से 700 रुपये बरामद हुए।

### सेवानिवृत्त शिक्षक के निधन पर हुई शोक सभा

**हरदोई, अमृत विचार।** सेवानिवृत्त शिक्षक सीएल यादव के निधन पर एक शोकसभा का आयोजन किया गया। स्व. यादव शिक्षक के साथ कई संस्थाओं के पदाधिकारी व समाजसेवी थे। उनके निधन पर शोक संवेदना देने वालों का तांता लगा रहा। यादव छात्रावास रद्देपुरवा में शोकसभा को संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष भगत बाबा तेजगिरि ने शोक प्रस्ताव पारित किया। शोकसभा में प्रबंधक रामशंकर सिंह यादव ने कहा कि संस्था के पूर्व कोषाध्यक्ष व प्रबंध समिति के सदस्य (सीएल यादव) छोटेलाल यादव रिटायर्ड शिक्षक आरआर इंटर कालेज की लगभग 90 साल की आयु में मंगलवार की प्रातः देहांत हो गया। सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन व्रत धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बहन को विदा कराने जा रहे भाई की सड़क हादसे में मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** दिल्ली की कपड़ा फैक्ट्री में नौकरी करने वाला युवक बहन की शादी में घर आया था। शनिवार को वह उसी बहन को विदा कराने के लिए घर से निकला। लिकन उसके बाद से लापता हो गया। शनिवार की देर शाम पुलिस ने एक युवक को घायल अवस्था में पड़ा देखा। उसे सीएचसी सवायजपुर से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत होने की खबर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद रविवार को अगले दिन शव की शिनाख्त हो सकी। शनिवार की देर शाम पाली पुलिस ने खनिकला पुर के पास 22 वर्षीय युवक को सड़क से ज़ख्मी हालत में उठा कर सीएचसी सवायजपुर पहुंचाया, वहां से देर रात उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। जहां रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई। जानकारी होने पर पाली थाने के निज़ामपुर निवासी संतराम मेडिकल कालेज पहुंचा और शव की शिनाख्त अपने पुत्र रामू कुशवाहा के रूप में की। संतराम ने बताया कि रामू दिल्ली की कपड़ा फैक्ट्री में नौकरी करता था, 11 मार्च को बहन की शादी थी, उसी में शामिल होने आया हुआ था। शनिवार को वह बहन को विदा कराने उसकी ससुराल फर्रुखाबाद के राजपुर जाने के लिए निकला था।



रामू कुशवाहा की फाइल फोटो।

## मानकविहीन सड़क निर्माण से ग्रामीणों में रोष

संवाददाता, बेनीगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** बीते काफी समय से जर्जर खस्ताहाल बेनीगंज अल्लीपुर सम्पर्क मार्ग सुदृढ़ीकरण में ठेकेदार व जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा बरती जा रही लापरवाही के चलते सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है, जिससे आसपास के ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है, विभागीय जेई का कहना है जैसा मैटेरियल मिला है वैसी ही सड़क बनेगी, अब सवाल उठता है कि क्या वाकई में मैटेरियल कम मिला है या सड़क निर्माण में जमकर भ्रष्टाचारी हो रही है।

बताते चलें कि बीते कई सालों से जर्जर खस्ताहाल सड़क का सुदृढ़ीकरण का कार्य प्रगति पर है, लेकिन ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि सडक़ सुदृढ़ीकरण कार्य में घोर लापरवाही बरती जा रही है, सड़क निर्माण से पहले सड़क की सफाई से लेकर सड़क में बने कई फिट गहरे गड्ढों की भराई सम्बन्धित कोई भी कार्य नहीं किया जा रहा है, सड़क पर फैली मिट्टी के ऊपर ही डामर गिट्टी की परत बिछाई जा रही है, जिससे कुछ ही दिनों में सड़क उखड़नी शुरू हो सकती हैं, साथ ही सड़क निर्माण कार्य सिर्फ मजदूरों के सहारे किया जा रहा है( मौके पर न ही ठेकेदार उपस्थित है और न ही सम्बन्धित अधिकारी। इस प्रकार की लापरवाही विभागीय कार्यशैली पर सवालिया निशान है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला है।



मानकविहीन बनाई जा रही सड़क।

- पी.डब्ल्यू. डी. विभाग के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही सड़क

> निर्माणाधीन बेनीगंज अल्लीपुर मार्ग पहली बार पी.डब्ल्यू. डी. विभाग के द्वारा बनाया जा रहा है, सड़क पर मौजूद गहरे गड्ढों को भरने के लिए विभाग द्वारा पत्थर उपलब्ध नहीं कराए गए हैं, इसलिए विभाग द्वारा जैसी निर्माण सामग्री उपलब्ध कराई गई है वैसी ही सड़क बनाई जाएगी और सड़क सफाई के लिए तत्काल प्रभाव से सम्बन्धित व्यक्तियों को निर्देशित किया गया है।
>
> –सुनील कुमार, जेई


## नए कपड़े पाकर मदरसा के बच्चों के खिले चेहरे

संवाददाता, संडीला, हरदोई

**अमृत विचार।** ग्राम तिलोईया खुर्द स्थित मदरसा गुलशने वारसिया में सोमवार को मदरसे के विद्यार्थियों के बीच कपड़ों का वितरण किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को नए कपड़े देकर उनके चेहरों पर खुशी देखने को मिली। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों की सहायता करना और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान क़ारी मोहम्मद शकील वारसी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में शिक्षा का बहुत बड़ा महत्व है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही इंसान को सही रास्ता दिखाती है और जीवन में तरक्की की राह खोलती है। उन्होंने बच्चों को नसीहत देते हुए कहा कि वे पूरी लगन और मेहनत के साथ दीन और दुनिया दोनों की शिक्षा हासिल करें, क्योंकि अच्छी तालीम ही उन्हें बेहतर इंसान और समाज का जिम्मेदार नागरिक बनाएगी।

कपड़ा वितरण कार्यक्रम के दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। मदरसे के शिक्षकों और उपस्थित लोगों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह के सामाजिक कार्यों से जरूरतमंद बच्चों को मदद मिलने के साथ-साथ उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहन भी मिलता है। इस मौके पर मोहम्मद सलीम वारसी, मौलाना अब्दुल करीम साहब, मोहम्मद नसीम वारसी, मोहम्मद इस्लाम वारसी, मोहम्मद सलाहुद्दीन वारसी, मोहम्मद राशिद अली वारसी सहित मदरसे के शिक्षक व अन्य लोग मौजूद रहे।



कपड़ा वितरण कार्यक्रम में मदरसा गुलशने वारसिया के बच्चे।

## अधिवक्ता के तख़्त पर युवक को पीटा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** तहसील में सोमवार को अधिवक्ता के तख़्त पर मारपीट के मामले में पैरवी करने आये युवक को दबंगों ने पीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। पीड़ित सुदेश कुमार के अनुसार वह ग्राम तडेर की पारिवारिक परिचित प्रिन्सी पाल के साथ रविवार को हुई मारपीट के मामले में उसके साथ तहसील में वकील के तख़्त पर बैठा था, तभी तडेर निवासी महात्मा रामनरेश अपने पुत्र पंचम पत्नी और बहू के साथ आया और गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया।

## कानपुर में युवती की मौत, पाली पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

**हरदोई, अमृत विचार।** बीमार युवती का कानपुर में इलाज हो रहा था, जहां रविवार की रात मौत हो गई। उसका शव गांव पहुंचा। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर सोमवार को पोस्टमार्टम कराया।

पाली थाने के नंदरियापुर निवासी रामवीर ने साल 2024 में अपनी 24 वर्षीय पुत्री गोल्डी की शादी उसी थाने के खंदिया नगला के अंकित के साथ की थी। रामवीर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गोल्डी काफी दिनों से बीमार चल रही थी, जिसका कानपुर में इलाज चल रहा था। रविवार की रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मायके वाले उसका शव नंदरियापुर उठा लाए। उसी बीच गोल्डी की मौत संदिग्ध मानते हुए शव का पोस्टमार्टम कराने की बात कही गई, उसी पर पुलिस ने सोमवार को उसके शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### छेड़छाड़ के आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली पुलिस ने महिला से मारपीट और छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है। 14 मार्च को पीड़िता द्वारा तहरीर दी गयी कि अनुज पुत्र जिद्दी सिंह निवासी ग्राम झऊआ खुर्द थाना रोजा जनपद शाहजहांपुर एक अन्य द्वारा उसके साथ छेडछाड़, गाली–गलौज व मारपीट की गयी। इस सम्बन्ध में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की थी। उप निरीक्षक हरदीप कुमार और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल वृद्ध की 8वें दिन मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बाइक सवार दंपति दवा लेकर घर लौट रहे थे। उसी बीच सण्डीला-बेनीगंज रोड पर बरगदिया पुरवा के पास ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। उन्हें सीएचसी से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, वहां से पति को लखनऊ रेफर कर दिया गया। लेकिन पैसों के अभाव में परिजन उसे घर लेकर चले आए। जहां रविवार की शाम मौत हो गई।

कछौना कोतवाली के खतीरपुर मजरा बेरुआ निवासी रामगुलाम (61) बीते 8 मार्च को पत्नी रामगुनी को लेकर बेनीगंज दवाई लेने गया था। शाम को बाइक से लौटते समय बरगदिया पुरवा के पास ट्रैक्टर की टक्कर से दोनों घायल हो गए थे। सीएचसी कोथावां से उसे मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। रामगुलाम के पुत्र जयप्रकाश ने बताया कि अगली सुबह लखनऊ के लिए रेफर कर दिया, लेकिन पैसों का बंदोबस्त करने के लिए वह पिता को गांव चला गया था।



रामगुलाम की फाइल फोटो।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई कर करेत्तर की बैठक

**हरदोई, अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में कर करेत्तर की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान आबकारी, परिवहन, स्टाम्प शुल्क, विद्युत देयों की वसूली, वन विभाग, सिंचाई एवं नलकूप, नगर निकायों में राजस्व संग्रह की स्थिति, खनन, मण्डी समिति, बांट माप, खाद्य एवं सुरक्षा सहित अन्य राजस्व संग्रह से सम्बन्धित विभागों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व देयों की वसूली की विस्तृत समीक्षा की गयी। खनन विभाग, वाणिज्य कर विभाग, नगर पालिका बिलग्राम तथा आबकारी विभाग की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की।

## गैस वितरण तय समय पर कराना सुनिश्चित कराएं : डीएम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने नगर क्षेत्र की गैस एजेन्सियों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने जिन्दपीर चौराहा स्थित दो गैस एजेन्सियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय पाया गया कि एजेन्सी के बाहर इस आशय की सूचना नहीं चस्पा की गई थी कि अन्तिम बुकिंग के 25 दिन के उपरान्त ही नवीन बुकिंग हो सकेगी, के कारण मौके पर कतिपय लाभार्थी भी अनावश्यक रूप से एजेन्सी के बाहर खड़े हुये पाये गये। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित एजेन्सी के प्रबन्धक को निर्देशित किया गया है बुकिंग से सम्बन्धित सूचना अनिवार्य रूप से एजेन्सी के बाहर चस्पा करे, जिससे कि अनावश्यक रूप से उपभोक्ताओं को एजेन्सी के बाहर खड़ा न होना पड़े, साथ ही एजेन्सी के प्रबन्धकों को यह भी निर्देशित किया गया है कि अनिवार्य रूप से बुकिंग के 48 से 72 घण्टों के भीतर गैस रिफिल की शत-प्रतिशत होम डिलीवरी की जाये, किसी भी दशा में एजेन्सी पर अनावश्यक रूप से भीड़ न लगने पाये। निरीक्षण के दौरान पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेण्डरों का स्टॉक उपलब्ध पाया गया तथा कहीं भी गैस रिफिल की कमी नहीं पायी गयी। इस अवसर जिला पूर्ति अधिकारी दिलीप कुमार व पूर्ति निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।



उपभोक्ताओं से जानकारी लेते डीएम अनुनय झा। अमृत विचार

### गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराएं कार्य

**हरदोई, अमृत विचार।** स्वामी विवेकानन्द सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के गोद लिए विद्यालयों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने सिडकों, एईएमआई, आबकारी, सिचाई, जल निगम आदि विभागों का प्रजेन्टेशन के माध्यम से पूर्व एवं अबतक के किये गये कार्यो की स्थिति का अवलोकन करते हुये निर्देशित किया कि विद्यालयों मे खिड़की दरवाजे, फारसीलिगं, टाईल्स एवं वाल पेंटिगं का कार्य को सुचारू रूप से कराया जाये, जिससे कि बच्चों की रूचि बढ़ेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्य मानक के अनुरूप निर्धारित समय सीमा में किये जाये। कहा कि खण्ड विकास अधिकारीगण एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गोद लिये गांव का नियमित निरीक्षण करें व सभी कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करें। बैठक में सीडीओ सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 प्रियंका सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए अशोक मौर्य सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

आयोजन | संडीला नगर पालिका कार्यालय में चेयरमैन ने जनसुनवाई का दिया निर्देश

## नागरिकों की समस्याओं का हो त्वरित समाधान

संवाददाता, संडीला, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद कार्यालय में सोमवार को साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई की अध्यक्षता नगर पालिका चेयरमैन मो. रईस अंसारी ने की। कार्यक्रम में नगर के विभिन्न वार्डों से आए नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याएँ चेयरमैन के समक्ष रखीं।

जनसुनवाई के दौरान नागरिकों ने साफ-सफाई, नालियों की मरम्मत, सड़क की स्थिति, जल निकासी और अन्य जनसमस्याओं से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत कीं। चेयरमैन ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए कि शिकायतों का शीघ्र और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। चेयरमैन ने आगामी नवरात्रि और ईद के पर्व को देखते हुए नगर में विशेष व्यवस्थाएं करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि मस्जिदों, ईदगाहों तथा अन्य धार्मिक स्थलों के आसपास सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए और आवश्यक स्थानों पर चुना भी डलवाया जाए, ताकि त्योहारों के दौरान स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण बना रहे। इसके साथ ही पूरे नगर में विशेष सफाई अभियान चलाने के भी निर्देश दिए गए हैं, जिससे नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता इरफान हमीद ताज मियां, सभासद मो. फैयाज़, जुबैर अंसारी, सुरेश चंद्र गुप्ता, मनोज कनौजिया, पंकज, सिराज अहमद सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के माध्यम से नागरिकों ने अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन तक पहुंचाईं और समाधान की उम्मीद जताई।



जनसुनवाई करते नगर पालिकाध्यक्ष मो. रईस अंसारी।

## पान-मसाला तय कीमत से ज्यादा पर बेचा जा रहा

**सुरसा, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खंड में पान मसाला व सिगरेट तय कीमत से ज्यादा दामों पर बेचे जाने का मामला सामने आया है। कस्बे में कुछ छोटे दुकानदार ग्राहकों से मनमाने तरीके से अधिक कीमत वसूल रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि उन्हें माल बड़े डीलरों से महंगे दाम पर मिल रहा है, इसलिए वे भी अधिक कीमत पर बिक्री करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार गुटखे की कीमत लगभग 2.75 रुपये प्रति पाउच बताई जाती है, उसे कई दुकानों पर 7 रुपए प्रति पुरिया बेची जा रही है। वहीं अन्य पान मसाला, जिसका निर्धारित मूल्य 5 प्रति रुपये पाउच है, उसे भी कुछ दुकानदार 8 रुपए से अधिक में बेच रहे हैं।

## धूमधाम से निकाली निशान यात्रा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में एकादशी पर्व पर श्री खाटू श्याम निशान यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ बस स्टैंड स्थित बाल्मिकी मंदिर से हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालु और कार्यकर्ता निशान लेकर जयकारों के साथ निकले।

निशान यात्रा बस स्टैंड, सिनेमा चौराहा, ब्लॉक चौराहा, तहसील, नवीन गल्ला मंडी, अल्लाहपुर तिराहा, सरायं दरवाजा, दिलेरगंज, घंटाघर होते हुए श्री खाटू श्याम मंदिर चौक पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों और जयकारों के साथ माहौल को भक्तिमय बना दिया। यात्रा के दौरान जगह-जगह लोगों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। आयोजन में बड़ी संख्या में स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता, समाजसेवी और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम के अंत में खाटू श्याम मंदिर चौक पर भगवान श्री खाटू श्याम के जयकारों के साथ आरती की गई और सभी की सुख-समृद्धि की कामना की गई। आयोजन शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। यात्रा के मार्ग पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वदेशी जागरण मंच के नगर अध्यक्ष अनिल लाहौरी, नवनीश गुप्ता, राजा बाल्मीकि, सोमपाल वर्मा, आशीष कुमार, पवन सक्सेना, मनीष कुमार, रवि मिश्रा समेत सैकड़ो की संख्या में महिलाएं निशान यात्रा में शामिल हुए।



श्री खाटू श्याम जी की निशान यात्रा में शामिल महिलाएं।



रोजा

शिया
सहरी : 04.45 बजे
अफ्तार : 06.29 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.51 बजे
अफ्तार : 06.18 बजे

# शोपीस बने आरआर सेंटर, गांव की दहलीज पर बढ़ा संक्रमण

## सीडीओ बोलीं, भुगतान बड़ी समस्या, जल्द होगा समस्याओं का समाधान

अनदेखी

अमृत विचार पड़ताल

मदों के अभाव में आरआर सेंटर शुरू होने से पहले ही खस्ताहाल हो चले हैं। कई स्थानों पर तो कूड़ा गंतव्य तक न पहुंचकर नालियों को पाटने लगा है। ऐसे में बदले मौसम के बीच संक्रमण ने दस्तक देनी आरंभ कर दी है। उधर, इस मामले में सीडीओ प्रणता ऐश्वर्या का कहना है कि कई ग्राम पंचायतों के आरआर सेंटर के निर्माण कार्य का मद नहीं आ पाया है। जल्द जांच कराकर समस्या का निस्तारण करा दिया जाएगा।

विकास खण्ड परसेण्डी के बिरैचा, सूहेतारा, मीरनगर गांव में आरआर सेंटर शोपीस हो चले हैं। कई स्थानों पर कूड़ा ही नहीं पहुंच रहा, ऐसे में गंदगी गांव के भीतर बढ़ती जा रही। बबलू, तुलसी, सुमित, अमित, अजय, अंकित आदि का कहना है कि गांव के भीतर गलियों का कूड़ा आरआर सेंटर पर बमुश्किल तमाम पहुंच पा रहा। ऐसे में नालियां ही कूड़े से पटने लगी हैं। गांव के तालाब में भी कूड़ा पड़ने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि आरआर सेंटर अगर संचालित हो जाएं तो गांव के संक्रमण की दस्तक को समाप्त किया जा सकता है।

**शुरू होने से पहले ही व्यवस्थाएं बाधित:** विकास खण्ड क्षेत्र खैराबाद के बनेहटा गांव का आरआर सेंटर पूर्णतया संचालित होने से पहले ही बाधित हो गया है। ग्रामीण सुरेंद्र, सरवन, रामजीवन आदि के मुताबिक, आरआर सेंटर की फर्श धंस गई है। परिसर के निकट हैण्ड पंप भी शोपीस बन गया है। प्रधान प्रतिनिधि मनोहर लाल लोधी का कहना है कि मद आते ही समस्याओं का निस्तारण करा लिया जाएगा। बद्रीमंसूरपुर के इसौली गांव का आरआर सेंटर क्षतिग्रस्त हो चुका है।



बद्रीमंसूरपुर का क्षतिग्रस्त आरआर सेंटर। अमृत विचार



शोपीस बना बनेहटा का आरआर सेंटर। अमृत विचार

### संक्रमण ने दी दस्तक, अस्पताल में बढ़े मरीज

जिला अस्पताल में मरीजों की कतार में खैराबाद और परसेण्डी से आए मरीज भी थे। सूरेपारा गांव के शिवकुमार, पप्पू, अंकित मिले, पूछने पर बताया कि परिवार में कई लोग तेज बुखार से पीड़ित हैं, स्थानीय स्तर पर सुधार नहीं हुआ तो अस्पताल दिखाने आए हैं। भदियासी गांव की कलावती आदि ने संक्रमण की समस्या साझा की।

### सफाईकर्मी बढ़ें तो बने बात

ग्रामीण अखिलेश, जीतू, हिमांशु आदि का कहना है कि गांव में सफाईकर्मियों की कमी है। एक – एक सफाईकर्मी पर चार–चार गांव की जिम्मेदारी है। ऐसे में कूड़े के ढेर और नालियों की प्रतिदिन होने वाली सफाई व्यवस्था बाधित हो रही है।

न्यूज ब्रीफ

### तालाब में डूबने से प्रधान पुत्र की मौत

**मिश्रिख, सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत बर्मी की प्रधान के 11 वर्षीय पुत्र की तालाब में डूबकर मौत हो गई। वर्तमान ग्राम प्रधान आरती देवी के मुताबिक, उनका पुत्र विपिन (11) अपने भाई और गांव के अन्य बच्चों के साथ गांव के ही तालाब में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथ मौजूद बच्चों के शोर मचाने पर जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचे, उसकी सांसें थम चुकी थीं।

### स्टंट करना पड़ा भारी 60 हजार का जुर्माना

**सीतापुर, अमृत विचार।** नेशनल हाईवे पर कारों के काफिले के साथ स्टंटबाजी कर जन्मदिन मनाना कुछ युवकों को भारी पड़ गया। सोशल मीडिया पर स्टंट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने एक्शन लिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत युवाओं ने हाईवे पर गाड़ियां रोककर केक काटा और चलती कारों की खिड़कियों पर लटककर वीडियो बनाए। यातायात निरीक्षक फरीद अहमद ने बताया कि प्रति वाहन 12 हजार का जुर्माना लगाया गया है। कुल 60 हजार का चालान किया गया है।



कबीरपंथी संतों को माला पहनाते समाजसेवी सागर गुप्ता।

### कबीरपंथी संतों का किया सम्मान

**सीतापुर, अमृत विचार।** सदर विस के खैराबाद क्षेत्र में सरैया सानी गांव में आयोजित संत कबीर सम्मेलन में मुख्य अतिथि समाजसेवी सागर गुप्ता सम्मिलित हुए। उन्होंने सम्मेलन में पधारे कबीरपंथी संतों का आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों से भेंट की। सागर गुप्ता ने कहा संत कबीर केवल एक कवि नहीं बल्कि क्रांतिकारी समाज सुधारक थे। आज के दौर में बढ़ती नफरत के बीच कबीर का सहज मार्ग ही शांति का एकमात्र रास्ता है। कबीर के विचारों को मात्र पढ़ने के बजाय उन्हें आचरण में उतारने की आवश्यकता है।

## जीआईसी में फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण शुरू

**सीतापुर, अमृत विचार।** राजकीय इण्टर कालेज में सोमवार को जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में जनगणना-2027 के लिए फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। डीएम ने बताया कि इस बार भारत की पहली डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें डेटा संकलन के लिए मोबाइल ऐप और निगरानी के लिए केंद्रीय पोर्टल का उपयोग किया जाएगा। तकनीक के प्रयोग से आंकड़े पहले की तुलना में अधिक सटीक और जल्दी प्राप्त होंगे।प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जनगणना दो चरणों में होगी। पहला चरण मकान सूचीकरण जो 22 मई से 20 जून 2026 तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण जनसंख्या गणना का रहेगा जो 9 से 28 फरवरी 2027 तक होगा। खास बात यह है कि इस बार आम जनता को 7 से 21 मई तक वेब पोर्टल के जरिए 'स्वगणना' का विकल्प भी मिलेगा। वर्तमान में 144 फील्ड ट्रेनर्स को चार बैचों में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

### गन्ना बेचकर लौट रहे किसानों की हादसे में मौत

**गोंदलामऊ, सीतापुर।** संदना थाना क्षेत्र में सोमवार को सड़क हादसे में दो किसानों की जान चली गई। रालामऊ निवासी प्रदीप और राजेंद्र प्रसाद रामगढ़ चीनी मिल में गन्ना तौलकर ट्रैक्टर–ट्रॉली से सिधौली–मिश्रिख मार्ग होते हुए वापस अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में अचानक ट्रैक्टर–ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दोनों किसानों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### रेलवे लाइन के पास मिला युवक का शव

**सीतापुर, अमृत विचार।** सिधौली कस्बे के संत नगर पूर्वी निवासी नितिन सिंह उर्फ दिव्यास (28) का शव सोमवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। शव पकरिया चौराहा और महमूदाबाद मार्ग के बीच रेलवे लाइन के समीप एक टैंक पर पड़ा मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चर्चा है कि युवक नशे का आदी था, हालांकि मौत का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं है। कोतवाली प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ होगी।

### सड़क दुर्घटना में गई वृद्ध की जान

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिले के अलग–अलग क्षेत्रों में सड़क हादसों में एक वृद्ध की जान चली गई। रेउसा क्षेत्र के सीतापुर–बहराइच मार्ग पर रविवार रात ओवरटेक के दौरान बाइकों की आमने–सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद बाइक से सड़क पर गिरे झुर्री लाल (55) को पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने कुचल दिया जिससे उनकी मौत हो गई। दूसरी बाइक पर सवार उमाशंकर और सरोज गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर, सिधौली कस्बे के बिसवां चौराहा पर दो वाहनों के बीच टक्कर हो गई। हादसे के बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज हरिश्चंद्र यादव ने भीड़ को हटाकर मामला शांत कराया और एक युवक को हिरासत में ले लिया।

### सूर्यकुंड तीर्थ पर उमड़ी आस्था



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कारागार राज्य मंत्री व अन्य। अमृत विचार

**हरगांव, सीतापुर।** क्षेत्र के प्रसिद्ध सूर्यकुंड तीर्थ स्थल पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा होली आपसी प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। समारोह में उपस्थित प्रधानों व गणमान्य नागरिकों ने एकदूसरे पर फूलों की वर्षा की। इस दौरान पूर्व विधायक महेंद्र यादव, चेयरमैन गफ्फार खान, श्रीश मिश्रा, अरुणेश त्रिपाठी, सुनील मिश्र, गोपाल शास्त्री और संजय दीक्षित सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### चोरों के आतंक से व्यापारियों में दहशत

**इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर।** कस्बे में देर रात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। बेखौफ चोरों ने एक साथ तीन दुकानों को निशाना बनाते हुए पुलिस की गश्ती व्यवस्था को चुनौती दी है। पीड़ितों के अनुसार, चोरों ने सबसे पहले परवेज आलम की कपड़े की दुकान का शटर काटकर करीब 30 हजार की नकदी और हजारों के कपड़े पार कर दिए। इसके बाद चोरों ने पास ही स्थित अंग्रेजी शराब व बीयर की दुकान और एक मोबाइल शॉप के ताले तोड़ने का प्रयास किया। शराब की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। सुबह घटना की जानकारी मिलते ही व्यापारियों में आक्रोश फैल गया। प्रभारी निरीक्षक आशीष तिवारी ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज खंगाले, एसओ ने बताया कि जा रही है औरजल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। स्थानीय निवासियों ने क्षेत्र में रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# मछरेहटा ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित खेल स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सिधौली के गांधी विद्यालय मैदान पर खेले गए फाइनल में साने मछरेहटा ने खान 11 गड़िया को हरा खिताब जीत लिया। मछरेहटा ने 70 रन का लक्ष्य हासिल कर 1.11 लाख व ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजेता कप्तान मोहम्मद आमिर भैय्यू और उपविजेता शाहनवाज सन्ने को मुख्य अतिथियों ने पुरस्कृत किया। अमन यादव 'मैन ऑफ द मैच' व ऋषभ 'मैन ऑफ द टूर्नामेंट' रहे। कार्यक्रम के पवन सिंह चौहान ने सिधौली में जल्द स्टेडियम बनवाने की घोषणा की।



मेधावियों के साथ उपस्थित अतिथिगण। अमृत विचार

### विद्या ज्ञान का रहा दबदबा

खेल निदेशालय के तत्वाधान में मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में पहली बार आयोजित जूनियर सेपक टकरा प्रतियोगिता में विद्याज्ञान इंटर कॉलेज का दबदबा रहा। बालक व बालिका दोनों वर्गों के फाइनल में विद्याज्ञान ने जीत दर्ज कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में लखनऊ पब्लिक स्कूल दूसरे व आरएमपी इंटर कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा, जबकि बालिका वर्ग में आनंदी देवी इंटर कॉलेज उपविजेता रहा। जिला क्रीड़ा प्रभारी संजीव सिंह ने विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

## मांस की दुकानें बंद करने को सौंपा ज्ञापन

**लहरपुर, सीतापुर।** आगामी चैत्र नवरात्र के दृष्टिगत क्षेत्र में संचालित मांस व मछली की दुकानों को बंद कराए जाने की मांग को लेकर सोमवार को हिंदू एकता सेवा ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ट्रस्ट के युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार राजपूत के नेतृत्व में एसडीएम आकांक्षा गौतम को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि 19 मार्च से 27 मार्च तक चैत्र नवरात्र का पावन पर्व है। जनमानस की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते दुकानों को इस अवधि में बंद रखा जाए। इस अवसर पर कुलदीप कुमार, रत्नेश प्रताप सिंह, शिव गोपाल दीक्षित, अनुज सिंह, दीपक कुमार और शुभम कश्यप आदि मौजूद रहे।



प्रमाण–पत्र के साथ सम्मानित महिलाएं। अमृत विचार

### शक्ति सम्मान से नवाजी गईं महिलाएं

**बिसवां, सीतापुर।** शक्ति अभियान के अंतर्गत ब्लॉक सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की आयोजक विभा सिंह ने महिलाओं के ऐतिहासिक संघर्षों को याद करते हुए कहा कि महिलाएं शक्ति का स्रोत हैं, लेकिन आज भी वे नीति–निर्धारण और सर्वोच्च पदों पर पूरी तरह से भागीदार नहीं बन पाई हैं। उन्होंने सावित्रीबाई फुले और सरोजिनी नायडू जैसी विभूतियों का उदाहरण देते हुए समाज सुधार पर जोर दिया। इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष अब्दुल अतीक खान, अब्दुल करीम अंसारी और हरिशंकर गुप्ता सहित अन्य वक्ताओं ने भी विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में सरिता भारती, सुषमा भार्गव, राधा और कमरुननिशा सहित अन्य महिलाओं को 'शक्ति सम्मान पत्र' और हरियाली के प्रतीक गमले भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर श्रीराम यादव, ज्योति भारती और शर्मावती सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### लहरपुर में हिंदी-अवधी फिल्म 'रसूख' का आगाज



शूटिंग के दौरान उपस्थित कलाकार। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर।** नगर के एक निजी लॉन में 'अवध गंगा फिल्म' के बैनर तले बनने वाली फिल्म 'रसूख' का शुभारंभ हुआ। सोमवार को फिल्म के प्रोड्यूसर व मुख्य अभिनेता संग्राम सिंह पटेल ने गणेश की पूजा–अर्चना कर शूटिंग का श्रीगणेश किया। फिल्म के बारे में संग्राम सिंह ने बताया यह फिल्म हिंदी व अवधी, भाषाओं में दर्शकों के बीच आएगी। शूटिंग क्षेत्र के विभिन्न आकर्षक स्थलों पर की जाएगी। मुख्य कलाकार वैष्णवी राजपूत, निर्देशक मुबीन वारसी, सह–निर्माता रवि सुधा चौधरी, मनोज बक्शी, मियां चौहान, दुर्गेश चौहान सहित अन्य कलाकर रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित कवि कमलेश मौर्य 'मृदु' व अन्य। अमृत विचार

### कवि सम्मेलन: कविताओं के रंग में डूबे श्रोता

**बिसवां, सीतापुर।** तहसील क्षेत्र के कुंवर गड्डी सिधौली में होली मिलन समारोह के अवसर पर एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन प्रख्यात कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य 'मृदु' ने किया, जबकि संयोजन युवा कवि सोमेंद्र सक्षम द्वारा किया गया। समारोह का शुभारंभ कवयित्री पिंकी अरविंद प्रजापति की वाणी वंदना से हुआ। अध्यक्षीय काव्य पाठ करते हुए कमलेश मौर्य 'मृदु' ने राष्ट्रीय एकता का आह्वान किया। ओज कवि पवन तारा ने अपनी पंक्तियों 'पसीने की कमाई छीन लेंगे' से जोश भरा, तो वहीं विजय तन्हा ने हास्य व्यंग्य के जरिए गुदगुदाया। कवियत्री दिव्या वर्मा, सुशील यदुवंशी, अमित यादव, शीलू यादव व सोमेंद्र सक्षम ने भी अपनी रचनाओं से समां बांधा। आयोजक अधिवक्ता अमर सिंह राना ने अतिथियों का स्वागत किया। अंत में पूर्व जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी, रंजीत सिंह यादव व भूपेंद्र सिंह तोमर ने कवियों की सराहना करते हुए सभी को होली व नव–वर्ष की शुभकामनाएं दीं।

## एडीजी ने परखी सुरक्षा, दिए निर्देश

**मिश्रिख / नैमिषारण्य।** लखनऊ जोन के एडीजी प्रवीण कुमार ने नैमिषारण्य गेस्ट हाउस में पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि संतों या धार्मिक नेताओं से जुड़े किसी भी विवाद पर पुलिस तत्काल एक्शन ले और उसे त्वरित हल करे। एडीजी ने आगामी मिश्रिख मेले की तैयारियों को लेकर यातायात प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्पष्ट रूट मैप बनाने के निर्देश दिए। कहा कि भूमि विवाद की शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज किया जाए और समयबद्ध निस्तारण हो। बैठक के बाद उन्होंने चक्रतीर्थ और ललिता देवी मंदिर का निरीक्षण भी किया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऐलिया में अव्यवस्था देख सीएमओ ने जताई नाराजगी

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऐलिया का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में मिलीं खामियों और प्रशासनिक लापरवाही पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए सुधार के सख्त निर्देश दिए। सीएमओ ने सबसे पहले कर्मचारी उपस्थिति रजिस्टर की जांच की और ड्यूटी से नदारद रहने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया। अस्पताल परिसर में गंदगी देख उन्होंने सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाए और दवा स्टोर का स्टॉक चेक करते हुए आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। डॉ. सुरेश कुमार ने मरीजों व तीमारदारों से बातचीत कर उनका हाल जाना और डॉक्टरों को सख्त हिदायत दी कि किसी भी सूरत में बाहर की दवाएं न लिखी जाएं। निरीक्षण से केंद्र पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

## नेत्र शिविर में 56 मरीजों की हुई जांच, 24 लोग ऑपरेशन के लिए रेफर

**लहरपुर, सीतापुर।** नगर के मोहल्ला पटकी टोला स्थित डॉ. ओम प्रकाश शुक्ला की क्लीनिक पर सोमवार को आंख अस्पताल सीतापुर के सौजन्य से एक निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए 56 नेत्र रोगियों ने अपना पंजीकरण कराया। आंख अस्पताल सीतापुर की डॉ. तान्या के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने सभी पंजीकृत मरीजों के आंखों की सूक्ष्मता से जांच की और उन्हें उचित परामर्श दिया। शिविर के आयोजक डॉ. आशुतोष शुक्ला ने बताया कि परीक्षण के दौरान 24 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, जिन्हें ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर बस द्वारा सीतापुर भेजा गया है। शिविर को सफल बनाने में डॉ. आकाश शुक्ला, डॉ. अटल शुक्ला, रामजी तिवारी, भुजबल तिवारी, भोले कनौजिया और लहरपुर विद्यापीठ के छात्र-छात्राओं ने मुख्य रूप से सहयोग किया।

### मनरेगा बचाओ यात्रा का बिसवां से आगाज



कार्यक्रम में शामिल सांसद राकेश राठौर। अमृत विचार

**सीतापुर/बिसवां।** शहीद पार्क में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर 'मनरेगा बचाओ यात्रा' का औपचारिक शुभारंभ किया गया। क्षेत्रीय प्रभारी डॉ. आरपी वर्मा के नेतृत्व में शुरू हुई इस यात्रा को सांसद राकेश राठौर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा मनरेगा ग्रामीण गरीबों की जीवन रेखा है। चेतावनी दी कि यदि मोदी सरकार ने इसे खत्म करने की कोशिश की तो गरीब जनता सरकार पलट देगी। कांग्रेस उपाध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह और सुनीला रावत ने भाजपा पर रोजगार छीनने और भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का आरोप लगाया। पहले दिन यह यात्रा बहेरवा, भागीपुर, मुंडेरवा और करौंदी जैसे गांवों में पहुंची, जहां नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस मौके पर हसीना खातून, विष्णु गौतम, अख्तर और दिनेश यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अवैध सिलेंडर बरामद, दुकानदार पर केस दर्ज

**लहरपुर, सीतापुर।** नगर में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी के मामले में पूर्ति निरीक्षक कविता वर्मा ने आरोपी दुकानदार के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है। बता दें कि एसडीएम व सीओ के नेतृत्व में लहरपुर गैस सर्विस गोदाम के निरीक्षण के दौरान एक उपभोक्ता के पास संदिग्ध पर्ची मिली थी। पूछताछ में पता चला कि वह पर्ची मोहल्ला ठठेरी टोला निवासी दुकानदार अबू तालिब ने दी थी। प्रशासन द्वारा दुकान पर छापेमारी में 9 घरेलू जिसमें 3 भरे हुए व एक कमर्शियल सिलेंडर बरामद किया गया। साथ ही चार उपभोक्ताओं की रसीद बुक भी मिली। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह उन उपभोक्ताओं की गैस रिफिल कराकर महंगे दामों में बेच देता था जो खुद गैस नहीं लेते थे।

### रुक्मणी विवाह के प्रसंग पर झूमे श्रद्धालु

**लहरपुर, सीतापुर।** प्रसिद्ध बाबा औघड़ नाथ धाम चंदेसुवा में चल रहे श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ एवं कथा के सोमवार को भक्तिमयी छटा बिखरी। वृन्दावन से पधारे कथा व्यास मोहन माधव रामानुज दास महाराज ने रुक्मणी हरण, रुक्मणी विवाह एवं उद्धव प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया। संगीतमय कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इससे पूर्व बनारस से आए यज्ञाचार्य राधारमण रामानुज वैष्णव दास ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ पूजन संपन्न कराया। यजमान लल्लन अवस्थी व मंगली प्रसाद निषाद ने आहुतियां डालीं, वहीं बड़ी संख्या में महिलाओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर सुख–समृद्धि की कामना की। इस दौरान प्रधान अनूप पांडेय, कृष्ण मुरारी मिश्र, धीरेश त्रिवेदी व केके पांडेय समेत भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

लापरवाही

परसेंडी विकास खंड के सूरेपारा सहित कई गांवों में स्थिति भयावह

# जर्जर तार और टूटे पोल दे रहे हादसों को दावत

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** परसेंडी विकास खंड परसेंडी के ग्राम सुरेपारा में बिजली विभाग की घोर लापरवाही ग्रामीणों की जान पर भारी पड़ रही है। गांव में दो वर्षों से टूटे बिजली के पोल और लटकते जर्जर तार किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं। हैरत की बात यह है कि नवीन विद्युतीकरण के दौर में भी यहां बिना केबल वाली पुरानी लाइन बिछी है, जिससे आए दिन शॉर्ट-सर्किट और ट्रिपिंग की समस्या बनी रहती है।

ग्रामीण अंकित कश्यप और उमाशंकर ने बताया कि गांव की हर गली में जर्जर व्यवस्था का जाल बिछा है। कई बार लाइनमैन और अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन नतीजा सिफर रहा। निर्मला, रामरानी और कमलेश के मुताबिक, तारों के आपस में टकराने से अक्सर गांव की बत्ती गुल हो जाती है, जिससे खेती और रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीण गोवर्धन लाल ने चिंता जताई कि गर्मी शुरू होने वाली है। केबल न होने के कारण कुछ लोगों के द्वारा नंगे तारों पर कटिया फंसाने से ट्रांसफार्मर फुंकने का डर बना रहता है।



पोल के सहारे झूलते जर्जर विद्युत तार।

> मामला आपके द्वारा संज्ञान में आया है। अधिकारियों को भेजकर गांव की बिजली व्यवस्था की जांच कराई जाएगी। टूटे पोल और जर्जर तारों की समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा
> **–शैलेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता, विद्युत विभाग ग्रामीण क्षेत्र**

### पेड़ों से टकरा रही बिजली लाइन, ग्रामीणों में दहशत

**लहरपुर, सीतापुर।** विकासखंड के तालगांव फीडर अंतर्गत ग्राम खानपुर, मोहिउद्दीनपुर, रमुवापुर और गुलरी पुरवा जाने वाले संपर्क मार्ग के किनारे लगी विद्युत लाइन ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गई है। सड़क किनारे लगे पेड़ों की टहनियां विद्युत तारों से छू रही हैं जिससे हवा चलने पर होने वाली स्पार्किंग से आपूर्ति ठप हो जाती है। निजामुद्दीन, इश्तियाक, शेखर और उपेंद्र ने इसकी शिकायत विभाग से की है। अवर अभियंता अभिनव शुक्ला ने बताया कि जल्द ही विद्युत कर्मियों को भेजकर पेड़ों की छंटाई कराई जाएगी, ताकि आपूर्ति सुचारू हो सके।



मेधावियों के साथ नगर विकास राज्यमंत्री। अमृत विचार

### होली मिलन समारोह की रही धूम

**खैराबाद/सीतापुर।** नगर में विभिन्न संगठनों द्वारा होली मिलन कार्यक्रमों का आयोजन कर आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। तैलिक समाज कल्याण समिति द्वारा आयोजित भव्य समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर 'गुरु' और पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रमाशंकर साहू ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में मेधावी छात्रों और 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। लवी और समृद्धि जायसवाल ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मन मोह लिया। पूर्व जिलाध्यक्ष अचिन महरोत्रा और नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कुलदीप जायसवाल, विश्राम सागर राठौर, अभिषेक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

### अनियंत्रित कार खाई में पलटी, तीन घायल

**छतोह :** नगर पंचायत परशदेपुर क्षेत्र में देर रात एक चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। हादसे में चालक, एक महिला और एक बच्ची घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार वाहन में सवार सभी लोग थाना जगतपुर क्षेत्र के निवासी हैं। इसी दौरान परशदेपुर-अमेठी मार्ग पर स्थित राइस मिल के पास वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और घायलों को वाहन से बाहर निकाला। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा पहुंचाया गया। सूचना मिलने पर परशदेपुर चौकी प्रभारी मोहित शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और अग्रिम कार्रवाई प्रारंभ की।

### रंजिश में दो पक्षों में हुई मारपीट, चार घायल

**महराजगंज :** थुलवासा चौकी क्षेत्र के पूरे महतो मजरे थुलवासा गांव निवासी बाबूलाल और पप्पू के परिवार के बीच लंबे समय से पुरानी रंजिश है। जिसको लेकर सोमवार सुबह पप्पू के परिवार ने बाबूलाल के परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना में बाबूलाल व उनकी पत्नी कलावती, बेटा इंद्रेश व प्रदीप समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बीच-बचाव करने आए ग्रामीणों द्वारा एम्बुलेंस की मदद से चारों घायलों को सीएचसी महराजगंज लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चारों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाबूलाल के बेटे प्रदीप कुमार ने गांव के ही पप्पू पुत्र किरसन, सत्येंद्र कुमार पुत्र पप्पू, गीता पत्नी पप्पू और रोशनी पुत्री पप्पू के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि दोनों पक्षों के घायलों का उपचार चल रहा है। चौकी इंचार्ज थुलवासा को जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### प्रतिबंधित पेड़ों को काटने पर केस दर्ज

**महाराजगंज :** महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के पिंडारी खुर्द अहिरन कोडरा गांव निवासी छीटू प्रसाद की बाग से प्रतिबंधित आम व महुआ के पेड़ काटने का आरोप है। सोमवार को वन विभाग के बीट प्रभारी शारदा भगत सिंह ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर प्रतिबंधित पेड़ों के अवैध कटान की शिकायत की। वन दरोगा की तहरीर पर महराजगंज पुलिस ने आरोपी रामसुख के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### अस्पताल में भर्ती घायल की मौत


**महराजगंज :** क्षेत्र के पूरे इंदनी मजरे कुसुढ़ी सागरपुर गांव निवासी ओम कुमार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। ओम कुमार ने बताया कि उसके पिता राम मनोहर बीते 11 मार्च को साइकिल से निमंत्रण से वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में राजाकंसपुर गांव के पास अज्ञात बाइक चालक ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि केस दर्ज कर बाइक चालक की तलाश की जा रही है।

### ढाई करोड़ से होंगे विकास कार्य

**रायबरेली :** राही ब्लॉक में सोमवार को भारी पुलिस बल के बीच टेंडर प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी कराई गई। टेंडर प्रक्रिया को लेकर सुबह से ही ब्लॉक परिसर में गहमा-गहमी का माहौल बना रहा। दोपहर में टेंडर डालने वाली फर्मो के ऑनर ने अपने-अपने टेंडर भरे। जिम्मेदारो की मौजूदगी में दोपहर बाद लगभग तीन बजे टेंडर खोले गए। पूरी प्रक्रिया के दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा। खंड विकास अधिकारी गौरी राठौर ने बताया कि लगभग ढाई करोड़ रुपये से विकास कार्य कराया जाएगा।

# जिला अस्पताल में अव्यवस्था का साम्राज्य, सीएमएस खामोश

## सोमवार को जिला अस्पताल में दवा के लिए होती है जंग, 1347 मरीजों के आने से चार काउंटरों ने खोली अस्पताल व्यवस्था की पोल


दवा वितरण काउंटर पर एक दूसरे से चिपक कर लाइन में खड़े मरीज व तीमारदार।


दवा वितरण काउंटर से लेकर बाहर खुले परिसर तक लगी मरीजों की लाइन।

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिला पुरुष अस्पताल में इस बार फिर सोमवार को जो नजारा सामने आया, उसने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। अलग-अलग विभाग के डॉक्टरों ने निर्धारित समय में 1347 मरीजों की ओपीडी कर दी, लेकिन परामर्श के बाद दवा लेने की व्यवस्था पूरी तरह लड़खड़ाती नजर आई। चार दवा वितरण काउंटरों पर उमड़ी भीड़ और घंटों तक लगी कतारों ने यह साफ कर दिया कि अस्पताल प्रशासन बढ़ती मरीजों की संख्या के हिसाब से व्यवस्था संभालने में नाकाम साबित हो रहा है।

सोमवार को जिला अस्पताल में अलग-अलग विभाग के डॉक्टर से परामर्श लेने के बाद जैसे ही मरीज दवा वितरण काउंटर की ओर पहुंचे, वहां पहले से ही भारी भीड़ मौजूद थी। चारों काउंटरों के सामने लंबी कतारें लगी थीं। यहां तक दवा वितरण काउंटर से बाहर खुले परिसर और सीएमएस कार्यालय की तरफ लाइन में खड़े मरीजों और उनके तीमारदारों को अपनी बारी आने के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। बुजुर्ग मरीज, महिलाएं और छोटे बच्चों के साथ आए परिजन लाइन में खड़े-खड़े थकते नजर आए। अस्पताल की दीवारों पर नियम और निर्देश तो साफ-साफ लिखे गए हैं, लेकिन जमीनी हकीकत उन दावों से बिल्कुल उलट दिखती है। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि कई जगहों पर कतारें टूटती और फिर बनती दिखाई दीं। मरीजों का कहना था कि डॉक्टर से मिलने की प्रक्रिया जितनी सहज रही, उससे कहीं ज्यादा मुश्किल दवा प्राप्त करना बन गया।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब अस्पताल प्रशासन को पहले से पता होता है कि सोमवार को ओपीडी में मरीजों की संख्या अधिक रहती है, तो फिर अतिरिक्त व्यवस्था क्यों नहीं की जाती। 1347 मरीजों की ओपीडी के बावजूद दवा वितरण के लिए सिर्फ चार काउंटर ही संचालित किए गए। यह स्थिति सीधे तौर पर अस्पताल प्रबंधन की तैयारी और योजना पर सवाल खड़े करती है। इस पूरे मामले में अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पुष्पेंद्र कुमार की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है। अस्पताल की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सीएमएस पर ही होती है, लेकिन लगातार सामने आ रही अव्यवस्थाओं के बावजूद उनके द्वारा अब तक मरीज हित में कोई कारगर कदम नहीं उठाए गए।

सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या अस्पताल प्रशासन को सिर्फ ओपीडी की संख्या गिनने तक ही जिम्मेदारी सीमित लगती है, या फिर मरीजों को समय पर दवा दिलाना भी उसकी प्राथमिकता में शामिल है। फिलहाल जिला अस्पताल में सोमवार की भीड़ और दवा काउंटरों पर फैली अव्यवस्था ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अगर प्रशासन ने समय रहते व्यवस्था को मजबूत नहीं किया, तो मरीजों की परेशानी और बढ़ना तय है।

**चार कर्मियों पर सैकड़ों मरीजों का बोझः** जिला अस्पताल में दवा वितरण व्यवस्था मरीजों की बढ़ती संख्या के सामने छोटी पड़ती नजर आ रही है। अस्पताल में दवा वितरण के लिए अब भी सिर्फ चार काउंटर ही संचालित हैं और इन पर मात्र चार स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती है। इन्हीं चार कर्मचारियों के भरोसे सैकड़ों मरीजों को दवा देने की जिम्मेदारी है। नतीजा यह होता है कि मरीजों की लंबी कतारें लग जाती हैं और कई लोगों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है।सीमित जगह और कम स्टाफ के भरोसे चल रही दवा वितरण व्यवस्था अब सवालों के घेरे में है।

**फार्मासिस्ट बोले-संसाधन सीमित, स्टाफ बढ़ाने की जरूरतः** दवा वितरण काउंटर के इंचार्ज फार्मासिस्ट का कहना है कि अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों के अनुसार ही काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जबकि दवा वितरण काउंटर पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों की संख्या सीमित है। ऐसे में भीड़ के समय व्यवस्था संभालना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। उनका कहना है कि यदि दवा वितरण काउंटर पर अतिरिक्त स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की जाए तो मरीजों को दवा देने की प्रक्रिया और सुचारु हो सकती है।

### अस्पताल में भीड़ संभालने को गार्ड, फिर भी लोग काबू से बाहर

जिला अस्पताल के दवा वितरण काउंटर पर रोज उमड़ने वाली भीड़ को संभालना अब सुरक्षा गार्डों के लिए भी बड़ी चुनौती बन गया है। मरीजों और तीमारदारों की लंबी कतारों को व्यवस्थित रखने के लिए अस्पताल प्रशासन ने यहां सुरक्षा गार्ड तैनात कर रखे हैं, जिनकी जिम्मेदारी लोगों को लाइन में लगवाने और सीमित जगह में अव्यवस्था फैलने से रोकने की है, लेकिन हकीकत यह है कि दवा काउंटर के सामने खड़े होने की जगह इतनी कम पड़ जाती है कि कई बार लोग मजबूरी में लाइन से बाहर खड़े हो जाते हैं। ऐसे में गार्ड उन्हें दोबारा कतार में लगने की सलाह देते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि यह स्थिति कोई नई नहीं है। इसके बावजूद अस्पताल के जिम्मेदार अधिकारी और सीएमएस इस समस्या पर अब तक मौन साधे हुए हैं, जिससे मरीजों की परेशानी लगातार बनी हुई है।


पुरुष और महिला दवा वितरण काउंटर पर लगी मरीजों की लाइन।


" अस्पताल में जो संसाधन उपलब्ध हैं उन्हीं के अनुसार स्वास्थ्य कार्य किया जा रहा है। दवा वितरण काउंटर पर अधिक भीड़ से मरीजों को होने वाली परेशानी को समाप्त करने के लिए योजना बनाई जा रही है। जल्द ही इसका समाधान करा दिया जाएगा।

–डॉ. पुष्पेंद्र कुमार, सीएमएस, जिला पुरुष चिकित्सालय।

# पेड़ से लटकता मिला किशोरी का शव, हड़कंप

- पाली गांव का मामला, जांच करने में जुटी पुलिस

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** पाली गांव के पास सोमवार की सुबह एक किशोरी का शव दुपट्टे के सहारे पेड़ से लटकता मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी होते ही ग्रामीणों का हुजूम इकठ्ठा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना के पीछे का कारण तलाशने में जुट गई है।

पाली गांव स्थित पेट्रोल पंप निर्माणाधीन है। दस फरवरी से वहां काम करने के लिए करीब बलिया निवासी ठेकेदार प्रेम कुमार के बुलाने पर लखीमपुर खीरी जिले के गोकर्णनाथ थाना क्षेत्र के मोड़ा सवारन निवासी राम विलास अपनी पत्नी अनीता व पुत्री आरती ( 15 ) बेटे नीरज , चंदन व बहू पूनम को लेकर मजदूरी करने आए। सोमवार देर रात आरती अपनी मम्मी से गुटखा लेने की बात बताकर जुग्गी से निकल गई। देर तक वापस नहीं आई तो परिजनों ने उसे खोजना शुरू किया। सुबह पेट्रोल पंप से करीब 50 मीटर की दूरी पर एक शीशम के पेड़ से दुपट्टे के सहारे उसका शव लटकता मिलने से हड़कंप मच गया।


जांच करती पुलिस व मौजूद भीड़।

वहीं कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्म हत्या प्रतीत हो रही है। फिर भी घटना को लेकर गंभीरता से जांच हो रही है। फारेंसिक टीम ने भी घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद घटना का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवार दो युवकों को मारी टक्कर, एक की मौत

ऊंचाहार (रायबरेली)

**अमृत विचार।** सोमवार की सुबह गंगा एक्सप्रेस-वे में निर्माण सामग्री लेकर जा रहे तेज रफ्तार डंपर ने अनियंत्रित होकर बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा बाइक सवार युवक घायल हो गया। घटना से आक्रोशित भीड़ ने मार्ग को अवरुद्ध करके हंगामा शुरू कर दिया। काफी विलंब से पहुंची पुलिस को ग्रामीणों ने शव कब्जे में लेने से रोक दिया। काफी मशक्कत के बाद लोगों को समझा बुझाकर शांत किया।

यह हादसा क्षेत्र के गांव मिर्जापुर ऐहारी गांव के पास हुआ है। क्षेत्र के गांव मदारीपुर निवासी युवक राज अपने साथी मुरारमऊ निवासी चंद्रकेश के साथ बाइक से कही जा रहा था। रास्ते में मिर्जापुर ऐहारी गांव के पास गंगा एक्सप्रेस-वे में लगे डंपर ने अनियंत्रित होकर उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

हादसा


दुर्घटनास्थल पर बिलखते परिजन।

हादसा इतना तेज था कि बाइक सवार युवक राज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी चंद्रकेश घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई और तेज रफ्तार दौड़ रहे डंपरों की मनमानी को लेकर ग्रामीणों ने रास्ता अवरुद्ध कर हंगामा शुरू कर दिया। इस बीच शव डंपर के नीचे पड़ा था। सूचना के बावजूद पुलिस काफी विलंब से पहुंची। पुलिस के पहुंचते ही ग्रामीण और उत्तेजित हो गए तथा वह तेज नारेबाजी करने लगे। ग्रामीणों ने पुलिस को शव कब्जे में लेने से रोक दिया। हालात बेकाबू होता देख स्थानीय पुलिस ने आसपास के थानों जगतपुर और गदागंज की पुलिस फोर्स तथा बज्र वाहन को भी बुला लिया गया। सीओ गिरजा शंकर त्रिपाठी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों ने किसी प्रकार समझा बुझाकर ग्रामीणों को शांत किया तब पोस्ट मार्टम की कार्रवाई शुरू हुई।

**वृद्ध की ट्रेन से कटकर मौत, लालगंजः** लालगंज-उन्नाव रेल मार्ग पर रेलवे स्टेशन से करीब 2 किलोमीटर दूर ट्रेन से कटकर एक अज्ञात वृद्ध की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार की सुबह एक अज्ञात वृद्ध की शटल ट्रेन से कटकर मौत हुई है। ट्रेन रघुराज सिंह से वापस रायबरेली जा रही थी तभी लालगंज रेलवे स्टेशन से पहले वृद्ध की रेल से कटकर मौत हुई है। मृतक की शिनाख्त की कोशिश के साथ-साथ घटना के संबंध में जांच की जा रही है।

### अनाथ बच्चों से मिलीं कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह

**रायबरेली, अमृत विचार।** राही ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत लोधवारी के ग्राम पूरे दुबे में कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह एक बार फिर अनाथ बच्चों से मिलने पहुंचीं। उन्होंने बच्चों की स्थिति का जायजा लिया और उनका हालचाल पूछा। गांव निवासी चिंतामणि रैदास की मौत के बाद मनु, मांडवी, मनीष और संदीप अनाथ हो गए। उस समय भी पूनम सिंह ने परिवार के घर पहुंचकर बच्चों को आर्थिक सहायता दी थी। पूनम सिंह ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे जीवन की इस कठिन परिस्थिति में खुद को अकेला न समझें। उन्होंने कहा कि वह हर कदम पर इन बच्चों के साथ खड़ी हैं। इस दौरान पूनम सिंह भावुक भी नजर आईं। पूनम सिंह ने कहा कि समाज को इस बात पर गंभीरता से विचार करना होगा कि क्या गरीबों और असहाय बच्चों को सामान्य जीवन जीने के लिए पहले अपने पूरे परिवार को खोना पड़ेगा, तभी जाकर उनके रहने और खाने की व्यवस्था हो पाएगी। उन्होंने समाज से अपील की है कि ऐसे बच्चों की मदद निस्वार्थ भाव से की जाए, न कि प्रचार के लिए।


अनाथ बच्चों से मुलाकात करतीं पूनम सिंह।

### अंतर्राज्यीय वाहन चोरी गिरोह का पर्दाफाश

**रायबरेली, अमृत विचार।** जिले में बढ़ते वाहन चोरी के मामलों को लेकर पुलिस ने बड़ा ऑपरेशन करते हुए अंतर्राज्यीय वाहन चोरी गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। हरचंदपुर और बछरावां थाने की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की। गिरोह के पास से एक स्कॉर्पियो, दो अर्टिगा और एक आई-20 समेत कुल पांच वाहन बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार गिरोह सड़क किनारे खड़ी चार-पहिया गाड़ियों को निशाना बनाता था। आरोपी वाहन के इग्निशन और विंडो लॉक तोड़कर अंदर प्रवेश करते थे और पहले से खरीदी हुई ईसीएम (इंजन कंट्रोल मॉड्यूल) को गाड़ी में फिट कर सेंसर डिवाइस हटा देते थे। इसके बाद चोरी की गाड़ियां बंगाल, बिहार और अन्य राज्यों में ले जाकर बेची जाती थीं। रात्रि वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर बछरावां पुलिस ने हरदोई शारदा नहर, महाराजगंज मोड़ से गिरोह के आठ सदस्यों को दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों में अनिल उर्फ अनीश, रिंकू उर्फ राहुल उर्फ हेडन निवासी जिला बुलंदशहर, जितेंद्र उर्फ जीतू निवासी जिला एटा, प्रदीप सिंह उर्फ पिंटू निवासी जिला मऊ, अरविंद निवासी संत कबीर नगर, राकेश उर्फ छोटू जिला जमुई बिहार, राजू उर्फ योगेश जिला हरिद्वार उत्तराखंड और नौशाद उर्फ फहीम उर्फ राजू निवासी चकंदरा थाना सतपुडा जिला सतपुडा बिहार शामिल हैं। इसके अलावा, हरचंदपुर पुलिस ने नहर मार्ग से बिंदा कुमार और देवी शंकर को सोने-चांदी के आभूषणों के साथ गिरफ्तार किया, जिनकी कीमत लगभग 10 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने बताया कि गिरोह के खिलाफ अन्य राज्यों में भी मामले दर्ज हैं।


अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते एसपी रवि कुमार, पुलिस गिरफ्त में वाहन चोर।

### डीएम की जनसुनवाई में दिव्यांग ने मांगा आवास

**रायबरेली, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जनसुनवाई की। यहां पर ग्राम मझिगवां हरदोई विख हरचंदपुर निवासी दिव्यांग राम भरोसे पुत्र राम विशाल ने प्रार्थना पत्र देकर डीएम से आवास मुहैया कराने की मांग की। इस पर डीएम ने प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। जिसके सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि प्रार्थी का पीएम आवास की पात्रता सूची में नाम है शीघ्र ही आवास का लाभ मिल जाएगा। डीएम ने राम भरोसे को दिव्यांगजन विभाग से नई ट्राई साइकिल दिलवाई। डीएम ने बच्चों के लिए मिशन वात्सल्य के तहत स्पॉन्सरशिप योजना का भी लाभ दिलाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है।


जनसुनवाई के दौरान दिव्यांग को ट्राई साइकिल प्रदान करतीं डीएम हर्षिता माथुर।

### डीएम ने ईवीएमवेयर हाउस का किया निरीक्षण

**रायबरेली, अमृत विचार।** सोमवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का आन्तरिक त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली गई। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल कुमार यादव, उपजिलाधिकारी सचिन यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सर्विस रोड न बनने पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

जगतपुर (रायबरेली)

**अमृत विचार।** सर्विस रोड का निर्माण न होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार को धरना प्रदर्शन किया। इससे क्षेत्र के छोटा धोबहा गांव की आवाजाही प्रभावित होने से ग्रामीण परेशान हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के एक ओर गंगनहर और दूसरी ओर रेलवे लाइन है। पहले इसी रास्ते से गांव के लोग आवागमन करते थे, लेकिन गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण के दौरान रास्ता बंद कर दिया गया, जिससे गांव का संपर्क पूरी तरह टूट गया।

ग्रामीण बृजेश, रोशन, सुमित, इंद्रजीत सिंह, मुन्नीलाल, सोनू सिंह, दीपू सिंह और आशापाल सिंह ने बताया कि अब गांव तक पहुंचने के लिए केवल नहर की पटरी का सहारा रह गया है, जो जगह-जगह गड्ढों से भरी हुई है। बरसात के समय में हालात और खराब हो जाते हैं, तब बाइक तक गांव तक नहीं पहुंच पाती। जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने कहा कि छोटा धोबहा गांव आजादी के बाद से अब तक पक्की सड़क से नहीं जुड़ सका है।


सर्विस रोड न बनने पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

# शिवगढ़ में चोरों ने किए 3.75 लाख के तार चोरी

शिवगढ़ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र में चोरों ने बेखौफ वारदात को अंजाम देते हुए विद्युत विभाग की आपातकालीन लाइन से लगभग 3 लाख 75 हजार रुपए मूल्य के तार चोरी कर लिए। चोरी की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने विद्युत विभाग की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

विद्युत विभाग के अनुसार शिवगढ़ से बछरावां तक 19 किलोमीटर लंबी पुरानी लाइन की आपातकालीन रिपेयरिंग में लगभग 5 लाख रुपए खर्च किए गए थे। गर्मियों में क्षेत्रवासियों को बिजली की परेशानी न हो, इसके लिए यह कार्य कराया गया था। रविवार को रिपेयरिंग पूरा होने के बाद लाइन चालू की गई, लेकिन तुरंत फाल्ट होने लगा। विभाग की जांच में पता चला कि अहलादगढ़ से अम्बेडकर नगर तक 1.25 किलोमीटर लाइन के तार चोरी हो चुके थे। एसडीओ संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि चोरी के तारों की कीमत लगभग 3.75 लाख रुपए आंकी गई है।

सख्ती

बच्चों की सुरक्षा को लेकर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) उमेश चंद्र कटियार ने अपनाया कड़ा रुख

# बिना फिटनेस वाले वाहनों के संचालन पर लगेगी रोक

- शासन के निर्देश पर एक से 15 अप्रैल तक स्कूली वाहनों के खिलाफ चलाया जाएगा सघन अभियान

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जनपद कासगंज और आगरा में हाल ही में हुई दुखद घटनाओं ने स्कूली वाहनों की खराब दशा और सुरक्षा की लापरवाही को उजागर कर दिया। इन घटनाओं में झटके से फर्श टूट जाने के कारण एक छात्रा वाहन से गिरकर बस के पहिए के नीचे आने से अपनी जान गवां बैठी। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए शासन ने एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक स्कूली वाहनों के खिलाफ सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।


उमेश चंद्र कटियार।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) उमेश चंद्र कटियार ने बताया कि कार्यालय द्वारा ऐसी स्कूली वाहनों की सूची तैयार की जा रही है जिनका फिटनेस या परमिट समाप्त हो चुका है या जिनकी उम्र 15 वर्ष पूरी कर चुकी है। अभियान के दौरान इन वाहनों की भौतिक और तकनीकी जांच की जाएगी। सभी विद्यालय प्रबंधन से अपेक्षा की गई है कि वे अपने-अपने स्कूली वाहनों की पूरी तरह से जांच कराएं। वाहन का फर्श मजबूत और सुरक्षित होना चाहिए, बॉडी पूरी तरह सही होनी चाहिए और वाहन स्कूली बस मानकों के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने कि यदि किसी वाहन में कमी पाई जाती है, तो उसे सुधार कराए बिना संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी। वहीं, जिन वाहनों का फिटनेस/परमिट समाप्त हो चुका है या जिनकी आयु 15 वर्ष हो चुकी है, उनका संचालन किसी भी हालत में नहीं किया जाएगा। 15 वर्ष की आयु पूरी कर चुके वाहनों के पंजीयन चिन्ह को निरस्त किया जाएगा। अभियान के दौरान यदि बिना फिटनेस, बिना परमिट या मानकों के अनुरूप नहीं चलने वाले वाहन पाए जाते हैं, तो उसे थानों में निरुद्ध किया जाएगा और स्कूल प्रबंधतंत्र को पूर्ण रूप से जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

### बच्चों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम : उमेश

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ने चेतावनी दी है कि ऐसे वाहनों के संचालकों और विद्यालय प्रबंधकों के खिलाफ कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। माना जा रहा है कि यह अभियान बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अभियान से न केवल स्कूली वाहनों की तकनीकी और भौतिक स्थिति में सुधार होगा, बल्कि बच्चों के जीवन को खतरे में डालने वाली लापरवाही को भी रोकने में मदद मिलेगी।

### चेकिंग के दौरान तमंचे के साथ पुलिस ने युवक को दबोचा

**लालगंज (रायबरेली), अमृत विचार।** लालगंज कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध असलहा के साथ पकड़ लिया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि दबोचा गया युवक ग्राम प्रतापपुर थाना सरेनी निवासी आशू सिंह पुत्र राजू सिंह है। उसके पास से 12 बोर एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। युवक की गिरफ्तारी के बाद उसके खिलाफ मुकदमा लिखकर विधिक कार्रवाई की गई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए युवक को जेल भेज दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### डंपर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बछरावां (रायबरेली) :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत खैरहनी निवासी भुइयादीन पुत्र दुल्ला (70) समधी के यहां 13वीं संस्कार में शामिल होने के लिए शेखपुर समोधा गांव आया हुआ था। बाइक से बन्नावा जाते समय शेखपुर समोधा बन्नावा संपर्क मार्ग पर अज्ञात डंपर ने उसकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क मार्ग पर गिरकर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा घायल वृद्ध को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां से उसे ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया।

### पत्रकार को जान से मारने की मिली धमकी

**सिंहपुर (अमेठी) :** क्षेत्र के पूरे कुंभारन मजरे टिकरी गांव निवासी पत्रकार गंगा प्रसाद प्रजापति ने एक सरहंग व्यक्ति पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार रविवार को वह बाजार शुक्ल से घर लौटे थे। रास्ते में तिवारीपुर मजरे टेढ़ई गांव के पास अपने मित्र की दुकान पर मुलाकात कर अपने घर आ गए। इसके कुछ समय बाद तिवारीपुर गांव के ही एक सरहंग व्यक्ति ने नशे की हालत में फोन कर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि आरोपी पहले भी विवाद कर चुका है और इसके विरुद्ध माननीय न्यायालय रायबरेली में कई वाद विचाराधीन हैं। इस बार उसने फोन पर धमकी दी है, जिसकी बातचीत मोबाइल में रिकॉर्ड भी है। वहीं थानाध्यक्ष डीएस मिश्रा ने तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गयी है। जांच के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी।

### मधुमक्खियों के हमले से दो लोग घायल

**संग्रामपुर (अमेठी) :** थाना संग्रामपुर क्षेत्र में सोमवार को मधुमक्खियों के हमले में एक बुजुर्ग सहित दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को परिजनों द्वारा निजी साधन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार श्रीराम पाल (60) पुत्र भगवत निवासी संग्रामपुर नहर में पानी आने के बाद गेहूं की अंतिम सिंचाई के लिए खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों का झुंड आ गया और उनके सिर पर कई डंक मार दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।पास के खेत में मौजूद पूरे मेहरबान लाल मजरा संग्रामपुर निवासी वीरेंद्र श्रीवास्तव (55) पुत्र पंचम लाल उन्हें बचाने के लिए दौड़े। इस दौरान मधुमक्खियों ने उन्हें भी डंक मार दिया, जिससे वह भी घायल हो गए।घटना के बाद दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर लाया गया, जहां प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष सिंह की देखरेख में उनका इलाज किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### सफाई न होने से फैला गंदा पानी

**संग्रामपुर (अमेठी) :** कालिकन धाम के पास पानी की टंकी के आसपास नालियों की नियमित सफाई न होने से गंदा पानी सड़क पर फैल गया है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को कालिकन धाम में लगने वाले मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण पहुंचे, जिससे समस्या और बढ़ गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से नालियों की सफाई नहीं होने और कचरा जमा होने के कारण नालियां जाम हो गई हैं। सड़क पर फैले गंदे पानी से कीचड़, दुर्गंध और मच्छरों की समस्या बढ़ गई है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरा भी पैदा हो गया है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से जल्द नालियों की सफाई और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है।

# मखदूमपुर कला में गोमती नदी पर बनेगा पक्का पुल

## खुशी की लहर: 37.20 करोड़ रुपये की परियोजना को मिली मंजूरी, लाखों लोगों को मिलेगी राहत

संवाददाता, शुकुल बाजार (अमेठी)



सैकड़ों वर्ष पुराना पुल का आंशिक भाग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खण्ड के मखदूमपुर कला गांव के पास गोमती नदी पर पक्के पुल के निर्माण को मंजूरी मिलने से क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। इस परियोजना पर करीब 37.20 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पुल बनने से आसपास के लगभग एक लाख लोगों का आवागमन सुगम हो जाएगा और अयोध्या की दूरी भी करीब 15 किलोमीटर तक कम हो जाएगी। इससे लोगों का समय और यात्रा खर्च दोनों कम होंगे। और राम जन्मभूमि जाने का सुगम रास्ता होगा

बुजुर्ग ग्रामीणों के अनुसार, पहले इस स्थान पर देवगांव रियासत की ओर से सैकड़ों वर्ष पूर्व एक पक्का पुल बनवाया गया था, जो समय के साथ क्षतिग्रस्त होकर टूट गया। पुल टूटने के बाद इस मार्ग से आवागमन बंद हो गया और लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में जब गोमती नदी का जलस्तर बढ़ जाता है तो समस्या और बढ़ जाती है। कई बार ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर नाव के सहारे नदी पार करनी पड़ती है। लोगों की समस्या को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी की मांग पर जिलाधिकारी ने पांच मई 2025 को लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर पुल निर्माण की संस्तुति और बजट की मांग की थी। संस्तुति मिलने के साथ ही इस्टीमेट तैयार किया जा रहा है।

वहीं सेतु निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रशांत सिंह ने बताया कि मखदूमपुर में पुल निर्माण को मंजूरी मिल गई है। 31 मार्च तक जीओ आ सकता है, जिसके बाद आगे की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाएगी। पुल निर्माण का कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा।

### सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी



संदीप शुक्ला।



अनिल यादव।

पुल की मंजूरी मिलने के बाद मकदूमपुर निवासी ग्रामीण संदीप शुक्ला, अनिल यादव ने पुल निर्माण की मंजूरी पर खुशी जताते हुए कहा कि लंबे समय से क्षेत्र के लोग इस पुल की मांग कर रहे थे। पुल बनने से न केवल सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी, बल्कि व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी आसान हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और लोगों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा।

# एसआई भर्ती परीक्षा में 'पंडित' शब्द का विरोध, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



एसडीएम को ज्ञापन देते नेता व बुद्धिजीवी लोग। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। अमेठी तहसील क्षेत्र के बुद्धिजीवियों ने 'पंडित' शब्द के प्रयोग पर आपत्ति जताते हुए राज्यपाल के नाम उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

एडवोकेट राजेश मिश्र के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी आशीष सिंह को ज्ञापन दिया। इसमें बताया गया कि 14 मार्च 2026 को आयोजित एसआई भर्ती परीक्षा की पहली पाली में 'अवसर के अनुसार बदल जाने' जैसे अर्थ के विकल्प में 'पंडित' शब्द का प्रयोग किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने इसे आपत्तिजनक बताते हुए कहा कि भारतीय परंपरा में 'पंडित' शब्द विद्वान और सम्मानित व्यक्ति के लिए प्रयोग किया जाता है। इसे अवसरवादिता जैसे नकारात्मक अर्थ से जोड़ना भाषाई और सामाजिक रूप से अनुचित है। प्रतिनिधियों ने कहा कि इससे समाज में गलत संदेश जाता है और जातीय तनाव बढ़ सकता है। उन्होंने प्रश्न को तत्काल निरस्त करने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उपजिलाधिकारी ने मामले को उच्च अधिकारियों तक भेजने का आश्वासन दिया।

इस दौरान राजीव शुक्ल, दिनेश तिवारी, रसिक तिवारी, गुंजन सिंह, रोहित तिवारी, शुभम शुक्ल, विकास शुक्ल और अन्य लोग मौजूद रहे।

# सरकारी भूमि पर कब्जे को लेकर भाकियू टिकैत गुट का हल्ला बोल

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय अमेठी में सोमवार को ग्राम सभा गंगोली में तालाब, बंजर व अन्य सरकारी भूमि पर कथित अवैध कब्जे को लेकर किसानों का आक्रोश देखने को मिला। संयुक्त किसान मोर्चा, किसान मजदूर सेवा संस्थान और भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन भाकियू टिकैत गुट के मध्यांचल अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह की अगुवाई, राजकुमार पांडेय के नेतृत्व और प्रेम शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में दिया गया। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि ग्राम सभा गंगोली में तालाब, बंजर और अन्य सार्वजनिक जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। इतना ही नहीं,पीडब्ल्यूडी की सड़क तोड़कर वहां गेट लगा दिया गया और खरंजा उखाड़कर दीवार खड़ी कर सार्वजनिक रास्ता बंद कर दिया गया, जिससे ग्रामीणों के आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि जूनियर हाई स्कूल आम्हा के निलंबित शिक्षक एवं सपा नेता शिव प्रताप यादव द्वारा यह कार्य कराया गया है। किसानों ने प्रशासन से मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाए और सार्वजनिक रास्ते को तत्काल खुलवाया जाए। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो भाकियू टिकैत गुट, किसान मजदूर सेवा संस्थान और संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान रामजस, राजेंद्र प्रसाद वर्मा, गीता गुप्ता, सुखदेव गुप्ता, नीरज मिश्रा, अवधेश मौर्या, संजीवन मौर्य और शिवनाथ सिंह समेत कई किसान नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



अधिकारी को ज्ञापन सौंपते भाकियू टिकैत गुट के कार्यकर्ता। अमृत विचार

# संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में मिला विवाहिता का शव, मुकदमा दर्ज

संवाददाता, गौरीगंज (अमेठी)

- **गौरीगंज क्षेत्र के डिंगुर मजरे हृदय शाह की घटना, हत्या करने का लगाया गया आरोप**

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के डेंगुरपुर गांव में होली के मौके पर मायके आई एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर दी गई। सोमवार सुबह गांव से लगभग 300 मीटर दूर गेहूं के खेत में उसका लहूलुहान शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं विवाहिता के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार भाले सुल्तान के दिछौली गांव निवासी 27 वर्षीय रेखा होली का त्योहार मनाने अपने मायके गौरीगंज क्षेत्र के डिंगुर मजरे हृदय शाह आई हुई थी। रविवार रात करीब आठ बजे वह शौच के लिए खेत की ओर गई थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन रात में कोई पता नहीं चल सका। सोमवार सुबह करीब साढ़े सात बजे गांव के कुछ ग्रामीण शौच के लिए खेत की तरफ गए तो उन्हें गांव से करीब डेढ़ सौ मीटर दूर गेहूं के खेत में रेखा का लहूलुहान शव पड़ा दिखाई दिया। सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर स्थानीय पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने आरोप लगाया है रेखा के चेहरे व सिर पर धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या की गई है। घटना स्थल पर भी रेखा का मोबाइल फोन नहीं मिला। रेखा की शादी करीब 12 वर्ष पहले मंशाराम से हुई थी और उसके दो बच्चे भी हैं। वह होली के त्योहार पर ही अपने मायके आई हुई थी।



रेखा की फाइल फोटो।

घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में मिला है। फॉरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य एकत्र किए गए हैं और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सूचना पर पहुंचे मृतका के परिजनों व पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना के खुलासे के लिए चार टीमों का गठन किया गया है। विवाहिता के मोबाइल नंबर के कॉल डिटेल की भी जांच की जा रही है।




जांच करते एएसपी ज्ञानेंद्र सिंह व अन्य।

### शोषण के मुद्दे पर ठेकेदारों ने की पेशबंदी

**ऊंचाहार (रायबरेली) अमृत विचार।** पूरी मजदूरी न मिलने और हक मांगने पर काम से निकाल देने की धमकी के मामले को लेकर मुखर हो रहे एनटीपीसी के श्रमिकों के विरुद्ध कुछ ठेकेदारों ने मजदूरों के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। ठेकेदारों ने अपने अधीन काम करने वाले चंद मजदूरों को आगे करके श्रमिकों की बात को नकारने के साथ उनके आंदोलन को ही खारिज कर दिया। दरअसल एनटीपीसी में काम करने वाले दिहाड़ी मजदूर काफी समय से अपने हक के लिए लड़ रहे हैं। मजदूरों का कहना है कि ठेकेदार उन्हें पूरी मजदूरी नहीं देते, पूरी मजदूरी मांगने पर उन्हें काम से निकाल देने की धमकी दी जाती है। लगातार शोषण किए जाने का भी आरोप है। इस मामले को लेकर बीती शनिवार को श्रमिक संगठनों ने बड़ा आयोजन किया था और एनटीपीसी के ठेकेदारों तथा प्रबंधन पर आरोप लगाया था। इसके बाद एनटीपीसी के ठेकेदारों में खलबली मच गई। इसके जवाब में एनटीपीसी के कुछ ठेकेदारों ने सोमवार को आवासीय परिसर में पत्रकारों को बुलाकर एक छोटा सा कार्यक्रम किया, जिसमें ठेकेदारों ने अपने अधीन करने वाले चंद मजदूरों को पेश किया और उनसे कहलवाया कि उन्हें पूरी मजदूरी मिल रही है और मजदूरों का कोई भी संगठन नहीं है। एनटीपीसी के ठेकेदारों के इस आयोजन के बाद आंदोलनरत श्रमिकों में और आक्रोश फैल गया है। उन्होंने आने वाले दिनों में बहुत बड़े पैमाने पर आंदोलन की तैयारी शुरू कर दिया है।

### जय माता दी के भजनों से गूजे माता के पंडाल



जागरण में भजन सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

**मुसाफिरखाना (अमेठी) अमृत विचार।** क्षेत्र के दादरा गांव स्थित पौराणिक देवी हिंगलाज धाम पर चल रही 36 वां हिंगलाज महायज्ञ महोत्सव के विश्राम दिवस की रात्रिकालीन बेला में भव्य जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें जागरण सम्राट धर्मेंद्र पांडेय अयोध्या ने भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को देर रात तक भाव-विभोर कर दिया। उनके मधुर और जोशीले भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और पूरा पंडाल भक्ति के रंग में रंग गया। कार्यक्रम की शुरुआत माता रानी की आरती के साथ हुई। इसके बाद धर्मेंद्र पांडेय ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। " अपना जीवन यही कहानी, जय जय हिंगलाज महारानी" और "जय माता दी" जैसे भजनों पर श्रद्धालु ताली बजाते हुए भक्ति में लीन हो गए।पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। भजनों के बीच-बीच में धर्मेन्द्र पाण्डेय ने माता रानी की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि सच्चे मन से की गई भक्ति कभी व्यर्थ नहीं जाती और माता अपने भक्तों की हर मनोकामना पूरी करती हैं। व्यस्थापक कृपा शंकर सिंह ने अपील की कि वे धर्म और संस्कृति से जुड़े ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लें और समाज में सद्भाव व सेवा की भावना को आगे बढ़ाएं। इस अवसर पर अंजनी शुक्ला, कृपा शंकर सिंह,अंजनी श्रीवास्तव,मनोज शुक्ला,रवींद्र तिवारी,रवि तिवारी,उमाकांत सिंह,विजय,जितेंद्र, दुर्गेश,धर्मेन्द्र,विपुल सिंह,सर्वेश सिंह,सच्चिदानंद दुबे,रतिभान सिंह,प्रशांत,निशांत,लकी आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### हिंदू आबादी में इफ्तार पार्टी आयोजित

**ऊंचाहार (रायबरेली)।** क्षेत्र के जमुनापुर के पास स्थित एक लॉन में ग्राम प्रधान जितेंद्र सिंह उर्फ जीतू की अगुवाई में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों ने भाग लिया। सामाजिक सौहार्द का संदेश देते इस आयोजन की लोगों ने खूब सराहना की। व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय सिंह बौआ ने कहा कि हम लोग सर्व धर्म समभाव को मानने वाले है। हमारे धर्म में वसुधैव कुटुंबकम् को आत्मसात किया गया है। इस मौके पर शिव कमल सिंह, मो. रसीद, मो. ननकऊ, शीश अहमद, छब्बन, मुन्ना, मो. शालिम, शकील, मो. शमीम, शकीर, हबीब, बच्चा, नईम रहे।

### नियम विरुद्ध बैठक की शिकायत पर जांच शुरू

**ऊंचाहार (रायबरेली)।** बीते 9 मार्च को ऊंचाहार क्षेत्र पंचायत की बैठक आहूत की गई थी। बैठक के दौरान बैठक कक्ष के बाहर बड़ा बवाल हो गया था। क्षेत्र पंचायत सदस्य मनीष कौशल का आरोप है कि ब्लॉक प्रमुख पुत्र ने बैठक में जाने से रोकने के लिए उनके ऊपर रिवॉल्वर तान दी थी। इस मामले की जांच क्षेत्राधिकार डलमऊ कर रहे हैं। इस बीच भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल ने जिला अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि बैठक की सूचना क्षेत्र पंचायत सदस्यों को निर्धारित अवधि के अंदर नहीं दी गई और बैठक में सदस्य भी नहीं पहुंचे थे। नियमों को ताक पर रखकर मनमाने ढंग से न सिर्फ बैठक संपन्न की गई, अपितु प्रस्ताव भी पारित कराकर खाना पूरी की गई। इस शिकायती पत्र पर मुख्य विकास अधिकारी ने जिला ग्राम विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक और उपायुक्त मनरेगा की दो सदस्यीय टीम का गठन किया। यह टीम सोमवार को जांच के लिए ऊंचाहार ब्लॉक मुख्यालय पहुंची थी, जहां पर मौजूद क्षेत्र पंचायत सदस्यों के बयान दर्ज किए गए। क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने बताया कि उन्हें समय पर सूचना नहीं दी गई और ना ही वह बैठक में मौजूद थे। केवल उन्होंने बाद में पहुंचकर उपस्थिति रजिस्टर में अपने हस्ताक्षर किए हैं। उधर शिकायतकर्ता अभिलाष कौशल का कहना है कि इस जांच टीम आने की सूचना भी उन्हें किसी ने नहीं दी।

# कलाकारों की प्रस्तुति पर झूम उठे दर्शक

**होली मिलन समारोह**

सिंहपुर (अमेठी)



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते आयोजक रोहित सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तिलोई विकास खंड के रजनपुर गांव में रविवार साम आयोजित होली मिलन समारोह में क्षेत्रीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम का शुभारंभ आयोजक रोहित सिंह ने लक्ष्मी स्वरूपा कन्याओं की मौजूदगी में दीप प्रज्ज्वलित किया। उन्होंने कहा कि पैतृक गांव में इस आयोजन का उद्देश्य समाज में सौहार्द और सकारात्मक संदेश देना है। ऐसे सांस्कृतिक आयोजन लोगों को एक मंच पर लाकर आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

समारोह के दौरान मंच से कलाकारों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बिग बॉस सीजन-2 के विजेता हेमंत बृजवासी ने भक्ति गीतों के साथ फिल्मी गीतों की शानदार प्रस्तुति दी, जिसे सुनकर दर्शक झूम उठे। देर रात तक चले इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे और कलाकारों की प्रस्तुतियों का आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह पहुंचे।

समारोह में क्षेत्र के सैकड़ों प्रबुद्ध जनों और सम्मानित बुजुर्गों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । वहीं समारोह में आयोजित भोज में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख मुन्ना सिंह, भाजपा नेता राकेश त्रिपाठी, वैभव मिश्रा, संजय सिंह, जय प्रकाश सिंह, मयंक प्रताप सिंह,राजीव सिंह, अवनींद्र प्रताप सिंह, रामसुख, कृष्ण कुमार सिंह, रोमित सिंह, कुंवर अभिषेक सिंह, राजीव सिंह, दुर्योधन सिंह, अजीत प्रताप सिंह, सुनील सिंह, सुजीत मिश्रा और राम कल्प तिवारी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में मोतियाबिंद के 25 मरीज चिह्नित

सरेनी (रायबरेली)

**अमृत विचार।** नीबी गांव में आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में कुल 65 मरीजों की आंखों की जांच की गई। जांच के दौरान 25 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। इन सभी को तत्काल आपरेशन और लेंस प्रत्यारोपण हेतु इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय व अनुसंधान केन्द्र लखनऊ भेजा गया। शिविर में आंखों की जांच कुशल नेत्र विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत सिंह और उनकी टीम ने की। शिविर का संचालन व्यवस्थापक सतीश मिश्रा ने किया। इससे पूर्व शिविर का उद्घाटन कांग्रेस नेत्री सुधा द्विवेदी ने फीता काटकर किया।

उन्होंने कहा कि आंखों की रोशनी लौटाने जैसा कोई और पुण्य कार्य नहीं होता। उन्होंने आयोजकों की सराहना की और कहा कि वे भविष्य में भी हर शिविर में आने का प्रयास करेंगी, ताकि गरीबों के हौसलों को बढ़ावा मिले। शिविर के आयोजन में मुख्य रूप से सूर्यबली सिंह, संयोजक सुन्दर सिंह सिकरवार, रोशनलाल त्रिपाठी, जैनेन्द्र, बच्चा लाल, सुरेश निर्मल, शिवकुमार, उत्तम दीक्षित, लोकनाथ, रामपाल यादव आदि मौजूद रहे। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को आंखों से जुड़ी बीमारियों का समय पर निदान और आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई।



शिविर में मौजूद स्वास्थ्यकर्मी व अन्य।

**फाइनल मैच** शिवगढ़ क्षेत्र के पहाड़पुर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के बाद समाजसेवी राज भैया उर्फ राज दीक्षित ने विजेताओं को किया सम्मानित

# डे-नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में दयालगंज ने रीवा को हराया

शिवगढ़ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** शिवगढ़ क्षेत्र के पहाड़पुर में आयोजित श्री जय जमादार बाबा डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन 6 के फाइनल में दयालगंज ने रीवा को एक रन से पराजित कर कप अपने नाम कर लिया।

प्रतियोगिता के फाइनल में दयालगंज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 44 रन बनाए। वहीं जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी रीवा टीम आठ ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर सिर्फ 43 रन ही बना पाई। इस प्रकार से दयालगंज ने एक रन से मैच जीत लिया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि समाजसेवी राज भैया उर्फ राज दीक्षित हरियाणा वाले ने खिलाड़ियों को सम्मानित करने के साथ ही आयोजक कमेटी को विशेष आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर उनकी टीम से राकेश त्रिवेदी, अमित मिश्रा भी मौजूद रहे। वहीं बीके टूर एण्ड ट्रेवल्स एजेंसी लखनऊ के मैनेजर बीके अवस्थी की ओर से रनर एवं विनर टीम के खिलाड़ियों को टी-शर्ट एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। नर्सिंग ऑटोमोबाइल शोरूम लाही बॉर्डर गुमावां के प्रबंधक सूरज सिंह द्वारा बेस्ट बॉलर प्रशांत तथा बेस्ट बैट्समैन अंकित व आयोजक कमेटी को सम्मानित किया गया। इस मौके पर आशीष शुक्ला, अंशुल अवस्थी, अक्षय द्विवेदी, नीरज अवस्थी, शुभकान्त अवस्थी, चंदन शुक्ला, छोटू अवस्थी, मुन्ना शुक्ला, सोनू पाण्डेय, दिलीप अवस्थी, जय अवस्थी आदि लोग उपस्थित रहे।



ट्रॉफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

### नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने एम्स का किया शैक्षिक भ्रमण

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा आठ के 35 विद्यार्थियों ने बैगलेस कार्यक्रम के तहत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान का प्रेरणादायी शैक्षिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने ब्लड बैंक, ओपीडी, आपातकालीन विभाग, अस्थि रोग विभाग और न्यूरो सर्जरी विभाग का अवलोकन किया। उन्होंने चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों से संवाद करते हुए चिकित्सा सेवा से जुड़े विभिन्न पहलुओं को समझा। विशेष संवाद सत्र में डॉ. आकर्षण गुप्ता, डॉ. महेंद्र कुमार मीना और चेष्टा अरोड़ा ने एम्स की कार्यप्रणाली, ब्लड बैंक की उपयोगिता, आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं और अस्पताल प्रबंधन की प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. एसपी त्रिपाठी और उपप्राचार्य डॉ. यज्ञनाथ के निर्देशन में आयोजित इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना और उनके व्यक्तित्व एवं करियर दृष्टि के विकास में सहायक बनना था। कार्यक्रम का संचालन हिंदी शिक्षक मनोज कुमार पांडेय और काउंसलर अभिषेक श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में हुआ।



इतिहास ने, भूगोल ने, परंपरा ने, संस्कृति ने, धर्म ने, नदियों ने हमें आपस में बांधा है।
-अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व प्रधानमंत्री

## राज्यों से राष्ट्रीय संकेत

देश के चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव केवल क्षेत्रीय सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया के अलावा राष्ट्रीय राजनीति के भविष्य की दिशा भी तय कर सकते हैं। लगभग साढ़े सत्रह करोड़ मतदाता 824 विधानसभा सीटों पर मतदान करेंगे। इन राज्यों से लोकसभा के 116 और राज्यसभा के 51 सदस्य आते हैं, इसलिए इनके नतीजों से मिले सियासी संकेत स्वाभाविक रूप से राष्ट्रीय सत्ता समीकरणों को प्रभावित करेंगे।

चुनाव वाले राज्यों तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरलम, असम में सामाजिक संरचना, राजनीतिक परंपराएं और आर्थिक चुनौतियां भिन्न हैं, इसलिए मतदाताओं के मुद्दे भी अलग-अलग हैं। मतदाताओं के सामने मुख्य मुद्दों में बेरोजगारी, महंगाई, सामाजिक सुरक्षा, क्षेत्रीय पहचान और विकास का प्रश्न प्रमुख रहेगा। पिछले वर्षों में रोजगार के अवसरों में अपेक्षित वृद्धि नहीं हुई, जबकि जीएसटी संग्रह और विदेशी निवेश में शानदार बढ़ोतरी हुई। इससे यह सवाल भी उठ रहा है कि आर्थिक वृद्धि का लाभ आम नागरिक तक किस हद तक पहुंचा है, इसलिए इन चुनावों में मतदाता केवल वैचारिक नारों के बजाय रोज़गार, शिक्षा और बुनियादी सेवाओं जैसे ठोस मुद्दों पर वोट करते दिखाई दे सकते हैं। इन चुनावों के किसी दल या गठबंधन को अधिकतर राज्यों में निर्णायक जीत मिलती है, तो उसका प्रभाव लोकसभा और राज्यसभा की रणनीतियों में दिखाई देगा। क्षेत्रीय दलों की मजबूती भी राष्ट्रीय राजनीति में उनकी सौदेबाज़ी की क्षमता बढ़ा सकती है, फिलहाल राजनीतिक दृष्टि से कुछ राज्यों के मुकाबले दिलचस्प होंगे। तमिलनाडु में द्रविण मुनेत्र कषगम का लगातार दूसरी बार सत्ता में लौटने का प्रयास हो अथवा पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस चौथी बार सत्ता में आने की चुनौती हो या फिर केरल में पारंपरिक सत्ता परिवर्तन की परंपरा को देखते हुए कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, मार्क्सवादी के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा और कांग्रेस के गठबंधन का सीधा संघर्ष यह देखने लायक होगा, तो वहीं असम और पुडुचेरी में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के सामने सत्ता बरकरार रखने की चुनौती भी दर्शनीय है। इन चुनावों के अलावा गोवा, गुजरात, महाराष्ट्र, नगालैंड और त्रिपुरा की आठ विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों से यद्यपि इनकी विधानसभाओं का संतुलन बहुत अधिक नहीं बदलेगा, लेकिन यह दलों की लोकप्रियता के संकेत अवश्य देंगे। इन चुनावों के संदर्भ में चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर बहुतों को संदेह है, तो मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण प्रक्रियाओं में बड़ी संख्या में वैध मतदाताओं नाम कटने के आरोप भी जायज हैं। ऐसे में चुनाव आयोग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।

आयोग को पारदर्शिता, निष्पक्षता और समान अवसर सुनिश्चित करके यह साबित करना होगा कि चुनावी मैदान सभी दलों के लिए समान है। लोकतंत्र में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं, बल्कि जनता की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब भी होते हैं। यदि चुनावी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी रहती है तथा राजनीतिक दल विकास और जनकल्याण के वास्तविक मुद्दों पर प्रतिस्पर्धा करते हैं, तो यह लोकतंत्र को मजबूत करने वाला कदम होगा।

### प्रसंगवश

## 'सियासत में जरूरी है रवादारी, समझता है'

सपा मुखिया अखिलेश यादव अपने सबसे बड़े जनाधार वाले मुस्लिम समाज को कम तवज्जो देते हैं। ये धारणा टूट रही है। अब अखिलेश मुस्लिम समाज को अधिक से अधिक समय दे रहे हैं। अपने पिता दिवंगत मुलायम सिंह यादव की तरह, वो मुस्लिम महफ़िलों-शादियों में ख़ूब शिरकत कर रहे हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने राजनीतिक करियर में जितनी मुस्लिम शादियों और रोजा इफ्तार पार्टियों में सम्मिलित हुए होंगे, इतनी शिरकत उन्होंने चंद सप्ताह में कर लीं।

सपा मुखिया की मुस्लिम महफिलों में बढ़ती दिलचस्पी पर राजनीति पंडितों का मानना है कि हालिया बिहार और महाराष्ट्र निकाय चुनावी नतीजों में एआईएमआईएम की सफलता के बाद अखिलेश असद्दुदीन औवेसी की यूपी दस्तक को गंभीरता से ले रहे हैं। भाजपा द्वारा तुष्टिकरण के आरोपों और ध्रुवीकरण से बचने के अलावा अधिक से अधिक हिंदू समाज के वोट हासिल करने के लिए वो मुस्लिम समाज से सीमित ही रिश्ता रखने व इनके मसलों पर ज्यादा मुखर न होना ही मुनासिब समझ रहे थे, क्योंकि चाह कर भी वो अपने पिता मुलायम सिंह यादव की तरह अकलियत के मुद्दों पर अधिक मुखर नहीं हो सकते थे।



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

एक जमाना था जब उत्तर प्रदेश में चार दलों का वजूद था, इसलिए मुलायम के जमाने वाली सपा एमवाई (मुस्लिम-यादव) समीकरण से सरकार बना सकती थी, किंतु अब समाजवादी पार्टी का लक्ष्य भाजपा के तकरीबन चालीस से पचास फीसद जनाधार के मुकाबले इतना ही जनाधार हासिल करना है, जो एमवाई समीकरण से संभल नहीं रही। यही कारण है कि पीडीए बनाकर दलित-पिछड़ों को विश्वास में लेने की सपा की मुख्य रणनीति है। बसपा हाशिए पर है और कांग्रेस साथ है।

भाजपा को हराने के लिए सपा इकलौता दल है, इसलिए मुस्लिम समाज सपा को नजरंदाज नहीं कर सकता। भले ही सपा मुसलमानों को कितना भी नजरंदाज कर ले, लेकिन बिहार विधानसभा चुनाव और महाराष्ट्र निकाय चुनाव में ओवैसी की तरफ बढ़ते मुस्लिम रुझान से अखिलेश अपनी रणनीति को परिवर्धित करते हुए अकलियत के नजदीक जा रहे हैं।

ये सच है कि दुनिया की तरह वक्त भी गोल है, जहां से शुरू होता है वहीं आ जाता है। घूम फिरकर हम वहीं आ जाते हैं, जिसे छोड़कर निकले थे। औवेसी सपा को पुराने स्वरूप में लाने पर मजबूर कर रहे हैं। यूपी में भाजपा की भगवा संस्कृति की हुकूमत के नौ बरसों के दौरान रमजान की इबादत में सियासत का अतिक्रमण कम हो गया था। समाजवादी पार्टी मुखिया भी मुस्लिम महफ़िलों और मसले मसायलों में एक लिमिट तक ही नजर आ रहे थे, लेकिन बिहार और फिर महाराष्ट्र निकाय चुनावी नतीजों का असर यूपी में दिखने लगा है।

2027 की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव का यह अंतिम वर्ष है। माह-ए- रमज़ान में इसका असर दिखा। बहुत अर्से से सूनी पड़ी लखनऊ की गंगा-जमुनी तहजीब ने अंगड़ाई ली। भव्य रोजा इफ्तार पार्टियों में हिंदू-मुस्लिम सद्भावना के मंजर दिखाई दिए। सद्भावना और गंगा-जमुनी तहजीब को बहाल करने या पुनः इबादत में सियासत के रंग घोलने में समाजवादियों का बड़ा योगदान रहा। सफेद जाली टोपियां इफ्तार पार्टियों की शान रहती हैं, लेकिन समाजवादी लाल टोपियां भी इफ्तार पार्टियों में खूब नजर आ रही हैं।

सियासी इफ्तार पार्टियों पर मशहूर शायर राहत इंदौरी ने लिखा था-

**सियासत में ज़रूरी है रवादारी, समझता है**
**वो रोज़ा तो नहीं रखता, पर इफ्तारी समझता है**

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## 5 राज्यों के चुनाव व पश्चिम बंगाल की निर्णायक परीक्षा





जयदेव राठी
लेखक

भारत में जब भी कई राज्यों में एक साथ चुनाव होते हैं, तो राजनीतिक विमर्श केवल स्थानीय मुद्दों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह राष्ट्रीय राजनीति की दिशा का संकेत भी देने लगता है। चुनाव आयोग द्वारा पांच राज्यों- पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों की तिथियों की घोषणा के बाद देश की राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इन चुनावों को लेकर अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग समीकरण बन रहे हैं, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों की नजर विशेष रूप से पश्चिम बंगाल पर टिकी हुई हैं। इसका कारण यह है कि यहां पिछले लगभग डेढ़ दशक से सत्ता में मौजूद तृणमूल कांग्रेस और उसे चुनौती देने के लिए पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरी भाजपा के बीच सीधा और तीखा मुकाबला देखने को मिल रहा है।

पश्चिम बंगाल की सियासत पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय राजनीति का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुकी है। 2011 में वाम मोर्चे के लंबे शासन को समाप्त कर सत्ता में आईं ममता ने राज्य की राजनीति को पूरी तरह बदल दिया। उसके बाद से तृणमूल कांग्रेस लगातार सत्ता में बनी हुई है और इस बार का चुनाव उसके लिए लगभग 15 वर्षों के शासन की परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है। लोकतांत्रिक राजनीति का एक स्वाभाविक नियम यह है कि लंबे समय तक सत्ता में रहने वाली सरकारों को एंटी-इंकंबेंसी का सामना करना पड़ता है। जनता के एक वर्ग में यह भावना बनने लगती है कि अब बदलाव होना चाहिए। पश्चिम बंगाल में भी विपक्ष इसी मनोविज्ञान को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है।

> पांच राज्यों में चुनावों का एलान हो गया है। इन राज्यों में अलग-अलग समीकरण बन रहे हैं, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों की नजर विशेष रूप से पश्चिम बंगाल पर टिकी हुई हैं।

भाजपा ने पश्चिम बंगाल में अपनी राजनीतिक जमीन काफी मजबूत की है। कभी राज्य की राजनीति में सीमित उपस्थिति रखने वाली यह पार्टी आज तृणमूल कांग्रेस की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी बन चुकी है। 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को राज्य में उल्लेखनीय सफलता मिली थी और 2021 के विधानसभा चुनावों में भी उसने मजबूत प्रदर्शन करते हुए खुद को मुख्य विपक्ष के रूप में स्थापित कर लिया। यही कारण है कि इस बार भाजपा पूरे आत्मविश्वास के साथ 'परिवर्तन' का नारा दे रही है। पार्टी का मानना है कि राज्य में भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक अक्षमता जैसे मुद्दों के कारण जनता बदलाव चाहती है।

इस चुनाव में एक नया आयाम विशेष सघन पुनरीक्षण यानी एसआईआर का विवाद भी जुड़ गया है। यह विवाद 'रोटी, कपड़ा और मकान' जैसे बुनियादी मुद्दों को भी पीछे छोड़ते हुए इस वर्ष बंगाल की राजनीति का एक प्रमुख विषय बन गया। इसमें तृणमूल कांग्रेस और चुनाव आयोग के बीच खुला टकराव देखने को मिला। ममता बनर्जी ने इस प्रक्रिया को बंगाली पहचान और मतदाता अधिकारों के लिए संभावित खतरा बताया, जबकि भाजपा का कहना है कि यह प्रक्रिया फर्जी नामों को हटाने के लिए जरूरी है, जिनमें कथित तौर पर बांग्लादेश से आए घुसपैठिए, रोहिंग्या और अन्य लोग शामिल हैं। यह विवाद सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचा और ममता बनर्जी स्वयं अदालत में उपस्थित हुईं। ममता बनर्जी निष्क्रिय नहीं हैं। वे एक अनुभवी राजनीतिक योद्धा हैं, जो प्रत्येक प्रहार का उत्तर जानती हैं।

भाजपा का आरोप है कि पड़ोसी देशों से होने वाली अवैध घुसपैठ ने राज्य की जनसांख्यिकी और सुरक्षा दोनों को प्रभावित किया है। भाजपा इस मुद्दे को राष्ट्रीय सुरक्षा और पहचान की राजनीति से जोड़कर जनता के सामने रखती रही है। दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस इन आरोपों को राजनीतिक प्रचार बताती है और कहती है कि भाजपा राज्य की सामाजिक एकता को तोड़ने की कोशिश कर रही है। इस तरह घुसपैठ का मुद्दा केवल प्रशासनिक समस्या नहीं, बल्कि चुनावी बहस का बड़ा राजनीतिक विषय बन गया है।

ममता बनर्जी की राजनीति की सबसे बड़ी ताकत उनकी जनसंपर्क क्षमता और कल्याणकारी योजनाएं मानी जाती हैं। उनकी सरकार ने महिलाओं, गरीबों और ग्रामीण वर्ग के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनका लाभ बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंचा है। यही कारण है कि तृणमूल कांग्रेस का दावा है कि जनता का भरोसा अब भी उसके साथ है। पार्टी यह भी कहती है कि भाजपा बाहरी ताकत के रूप में बंगाल की राजनीति में प्रवेश करना चाहती है, जबकि तृणमूल खुद को बंगाल की संस्कृति और अस्मिता का प्रतिनिधि बताती हैं।

पश्चिम बंगाल की राजनीति में केवल विकास या प्रशासनिक मुद्दे ही निर्णायक नहीं होते, बल्कि सांस्कृतिक पहचान भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बंगाल का समाज अपनी भाषा, संस्कृति और बौद्धिक परंपरा को लेकर काफी सजग माना जाता है। ऐसे में चुनावों के दौरान 'बंगाली अस्मिता' का प्रश्न अक्सर उभरकर सामने आ जाता है। ममता बनर्जी इसी भावनात्मक मुद्दे को मजबूत करने की कोशिश करती रही हैं, जबकि भाजपा राष्ट्रीय राजनीति के बड़े मुद्दों को सामने रखकर चुनावी मैदान में उतरती है।

हाल के वर्षों में राज्य सरकार पर कई आरोप भी लगे हैं, जिनमें शिक्षक भर्ती घोटाले और राशन वितरण से जुड़े विवाद प्रमुख रहे हैं। इन मामलों को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की है। भाजपा का कहना है कि इन घटनाओं ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं और जनता अब पारदर्शिता और जवाबदेही चाहती है, हालांकि तृणमूल कांग्रेस इन आरोपों को राजनीतिक साजिश बताकर खारिज करती रही है।

यदि व्यापक राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में देखा जाए, तो पश्चिम बंगाल का चुनाव केवल राज्य की सत्ता तक सीमित नहीं है। इसके परिणाम का असर राष्ट्रीय राजनीति पर भी पड़ सकता है। ममता बनर्जी को राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के प्रमुख चेहरों में गिना जाता है। यदि वे एक बार फिर मजबूत जनादेश प्राप्त करती हैं, तो उनकी राजनीतिक स्थिति और मजबूत हो सकती है। वहीं भाजपा के लिए बंगाल में सफलता पूर्वी भारत में अपनी राजनीतिक पकड़ को और विस्तार देने का अवसर होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



महागठबंधन इस चुनाव में जीत दर्ज करेगा। मेरी पार्टी हमेशा भाजपा के खिलाफ लड़ती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी। कांग्रेस के दो विधायकों के गायब होने की चर्चा अफवाह है।
-तेजस्वी यादव
नेता
राष्ट्रीय जनता दल

एनडीए की जीत तय है। जिन विधायकों को एकजुट रखने के लिए होटल में ठहराया गया है, वे भी अंततः एनडीए के पक्ष में वोट करेंगे।
-जीतन राम मांझी
मंत्री
केंद्र सरकार



## यह युद्ध क्या लंबा और विनाशकारी होगा!



प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

मध्य पूर्व अचानक संघर्ष की भयंकर आग में झुलस रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से 'पूर्ण और बिना शर्त आत्मसमर्पण' की मांग की और कहा कि कोई सौदा नहीं, कोई मध्यस्थता नहीं, सिर्फ पूरी तरह जीत। यह अल्टीमेटम युद्ध के सातवें दिन आया, जब अमेरिका और इज़राइल ने ईरान पर हजारों लक्षित हमले किए। ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोज़तबा खामेनेई ने इसे केवल एक 'सपना' करार देते हुए पूरी तरह खारिज कर दिया, जिससे तनाव और भी गहरा गया है।

खामेनेई के कड़े शब्दों ने अमेरिका के लिए सीधे चुनौती खड़ी कर दी है। ईरान ने ट्रंप का अल्टीमेटम ठुकराते हुए कहा, 'हम अंत तक लड़ेंगे।' इसके तुरंत बाद, ईरानी मल्टी-वारहेड मिसाइलों ने इज़राइल और गल्फ क्षेत्रों को विनाश की आग में ढक दिया। युद्ध के 11वें दिन, 140 से अधिक अमेरिकी सैनिक घायल हो चुके हैं, जिनमें आठ की स्थिति गंभीर है। पेंटागन चुप है, लेकिन सुरक्षा विशेषज्ञ इसे 'साइलेंट किलर' मोड कहते हैं। ईरान ने क्षेत्रीय सहयोगियों को सक्रिय किया, जिससे लेबनान में 10 लाख लोग विस्थापित हुए। ट्रंप का दावा कि ईरान की मिसाइल क्षमता 80% कम हो गई है, हकीकत से मेल नहीं खाता, क्योंकि जवाबी हमले लगातार जारी हैं। रूस के साथ ईरान की बातचीत अमेरिकी आर्थिक दबाव को और गहरा रही है।

भविष्य की अनिश्चितता ने पूरी दुनिया को गहरी चिंता में डाल दिया है। यदि ईरान पीछे नहीं हटता, तो यह संघर्ष लंबे एट्रिशन युद्ध में बदल सकता है, जहां मौतों की संख्या बढ़ेगी और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भारी बोझ पड़ेगा। ऐसी स्थिति में ट्रंप को अपना अल्टीमेटम वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है और घोषित 'विक्ट्री' केवल राजनीतिक बयान भर रह जाएगी। दूसरी ओर, ईरान अपने सहयोगियों के साथ अंत तक लड़ने का संकेत दे चुका है। भारत जैसे देश तटस्थ रहते हुए कूटनीति के रास्ते को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। यह अल्टीमेटम शांति की संभावनाओं को कठिन परीक्षा में डाल रहा है। अब आने वाला समय ही तय करेगा कि ट्रंप की दिखावटी ताकत भारी पड़ेगी या ईरान की दृढ़ता पूरी दुनिया को एक नए संकट के दौर में धकेल देगी।

> भविष्य की अनिश्चितता ने दुनिया को गहरी चिंता में डाल दिया है। ईरान पीछे नहीं हटता, तो यह संघर्ष लंबे एट्रिशन युद्ध में बदल सकता है।

वैश्विक अर्थव्यवस्था संकट की कगार पर खड़ी है। संयुक्त राष्ट्र ने इसे 'मेजर ह्यूमैनिटेरियन इमरजेंसी' घोषित किया। अब तक 1000 से अधिक नागरिक स्थल तबाह हो चुके हैं। मध्य पूर्व में अस्थिरता फैल रही है, बेरूत से तेहरान तक बमबारी जारी है। तेल की कीमतें 91 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं और होर्मुज स्ट्रेट में खतरे के कारण और बढ़ सकती हैं। जर्मन चांसलर ने चेतावनी दी कि बिना ठोस एग्जिट प्लान के युद्ध अनंत तक खिंच सकता है। चीन ने ईरान को स्पष्ट संदेश दिया कि अमेरिका और इजराइल को चुनौती न दें, जबकि रूस का समर्थन ईरान को जारी है। ट्रंप बार-बार 'विजय नजदीक' बता रहे हैं, लेकिन मिसाइल हमले थमने का नाम नहीं ले रहे। दुनिया की निगाहें थम गई हैं, क्योंकि किसी भी क्षण परमाणु खतरे का भय मंडरा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय तनाव चरम पर पहुंच चुका है। दबाव और शांति के बीच संतुलन साधना अब सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। बैक चैनल्स के जरिए शांति के संकेत भेजे जा रहे हैं, लेकिन अल्टीमेटम से पीछे हटना लगभग असंभव है। विशेषज्ञ मानते हैं कि बिना रिजीम चेंज के कोई 'जादुई जीत' संभव नहीं। ईरान ने सरेंडर नहीं किया। उसका नेतृत्व और भी रेडिकल हो गया है। अमेरिकी बलों ने अब तक 5000 से अधिक टारगेट्स हिट किए, लेकिन ईरानी मिसाइलें लगातार जारी हैं। पेंटागन की चुप्पी वैश्विक स्तर पर सवाल खड़े कर रही है और यह अल्टीमेटम युद्ध को लंबा खींच सकता है, जिससे आर्थिक भार अमेरिका पर भारी पड़ेगा।

ईरान पूरी तरह अमेरिका को थकाने और दबाव में रखने की रणनीति पर केंद्रित है। होर्मुज स्ट्रेट और प्रमुख तेल पाइपलाइंस को निशाना बनाकर उसने वैश्विक ऊर्जा संकट और बढ़ा दिया है। क्षेत्रीय अस्थिरता फैलाने के लिए विद्रोही समूहों को सक्रिय करना उसकी रणनीति का हिस्सा बन गया है। युद्ध का कोई सुरक्षित ऑफ-रैंप न होने के कारण यह दावा कि यह जल्द खत्म होगा, पूरी तरह खोखला लगता है।

डिप्लोमेसी अब सबसे अहम जरूरत बन गई है। रूस और ईरान की बातचीत जारी है, जबकि चीन की चेतावनी स्पष्ट और सख्त है। ट्रंप बैक चैनल्स के माध्यम से शांति के संकेत दे रहे हैं, लेकिन 'सरेंडर या डाई' अल्टीमेटम इसे रोक रहा है। ईरान न्यूक्लियर रिफाइनमेंट तेज कर सकता है, जो वैश्विक स्तर पर बड़ा खतरा पैदा करता है। अब दुनिया के नेताओं को तुरंत मध्यस्थता करनी होगी, वरना ह्यूमैनिटेरियन क्राइसिस और गहरा जाएगा। यह अल्टीमेटम इतिहास में दर्ज होगा, या तो अमेरिकी 'विजय' के रूप में, या गंभीर भूल के रूप में।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## जलेश्वर भाई नहीं रहे

ओह! अभी कुछ देर पहले सोशल मीडिया से बहुत दुखद सूचना मिली। साथी जलेश्वर नहीं रहे।

बीते कुछ वर्षों से निजी जीवन के विषाद और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जलेश्वर लगातार जूझते रहते थे, पर उनका इस तरह जाना बहुत अखर रहा है। बिटिया की बहुत दुखद मृत्यु के बाद वह काफी हद तक टूट गए थे। उनके चारों तरफ दुख, उदासी और निराशा का अंधेरा-सा था। बेटी की स्मृतियां और कुछ दोस्तों से फोन की बतकही ही उसका संबल थीं! पर सेहत साथ नहीं दे रही थी। घर में निपट अकेले थे। जैसा साथी पत्रकार महेंद्र मिश्र की पोस्ट से पता चल रहा है कि बनारस स्थित अपने निवास के बाथरूम में गिरने और लंबे समय तक वहां पड़े रहने से उनकी मृत्यु हुई।



उर्मिलेश
वरिष्ठ पत्रकार

जहां तक याद आ रहा, जलेश्वर से मेरी पहली मुलाकात सन् 78 और 79 के बीच कभी हुई रही होगी। हम कुछ मित्र इलाहाबाद से बनारस गए थे। उनके बड़े भाई, लेखक और वामपंथी कार्यकर्ता महेश्वर जी के यहां जलेश्वर से मिले थे।

साथी जलेश्वर से मेरी आखिरी मुलाकात कुछ साल पहले बनारस के लंका से अस्सी की तरफ जाने वाली सड़क के एक चौराहे के पास की एक दुकान पर हुई थी। किसी कार्यक्रम में मैं बनारस गया हुआ था। दोनों ने फोन पर चर्चा के बाद सुबह-सुबह वहीं मिलना तय किया था। मार्निंग वाक के बाद मैं खोजते-खोजते जलेश्वर की बताई दुकान तक पहुंच गया।। वह कुछ मिनट बाद पहुंचा!

संभवतः उस दुकान की मालकिन एक बूढ़ी औरत थी। हमने वहां कुछ साथ-साथ खाया भी। तब से हम फिर कभी नहीं मिल सके। यदा-कदा फोन पर बातचीत होती थी। उसकी फेसबुक पोस्ट जब भी दिखती मैं जरूर पढ़ता था। उसने अपनी आखिरी पोस्ट में TOI की एक खबर को उद्धृत किया है; जो सोनम वांगचुक की रिहाई के फैसले से संबंधित है। अब उसकी कोई नयी पोस्ट नहीं दिखेगी। पर उसकी आवाज और उसके तेवर की गूंज कभी खत्म नहीं होगी! जब भी उसकी याद आएगी, उसकी आवाज भी सुनाई देगी!

उसके जीवन का आखिरी दौर बहुत दुख-तकलीफ में बीता। पर निजी दुखों और समाज में निराशाजनक माहौल के बावजूद उसके अंदर युवा दिनों का धारदार और जानदार जलेश्वर कभी मरा नहीं! इसलिए उसके इस तरह चले जाने पर मैं सिर्फ यही कह सकता हूं:

साथी जलेश्वर जिंदाबाद!

-फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## बंदी प्रत्यक्षीकरण मौलिक अधिकारों का सजग प्रहरी

भारतीय संविधान ने नागरिकों को कुछ महत्वपूर्ण अधिकार दिए हैं, जिन्हें हम मौलिक अधिकार कहते हैं। मौलिक अधिकार वे अधिकार हैं, जो राज्य के विरुद्ध नागरिकों को प्राप्त होते हैं। संविधान के भाग तीन में इसका विस्तृत उल्लेख किया गया है। मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए संविधान के अनुच्छेद 32 में इन अधिकारों की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट को रिट निकालने की शक्ति प्रदान की गई है। यह रिटें इस प्रकार हैं- बंदी प्रत्यक्षीकरण परमादेश अधिकार पृच्छा उत्प्रेषण और प्रतिषेध प्रमुख रूप से हैं। न्यायालय इन रिट को जारी करके नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करता है। हाई कोर्ट संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत मौलिक अधिकारों की रक्षा करता है, जबकि सुप्रीम कोर्ट अनुच्छेद 32 के तहत अधिकारों की रक्षा से संबंधित रिटें जारी करता है।

हाई कोर्ट मौलिक अधिकारों के अतिरिक्त अन्य अधिकारों पर भी रिटें जारी कर सकता है। इस प्रकार हाई कोर्ट को सर्वोच्च न्यायालय से रिट जारी करने में अधिक शक्ति प्राप्त है। इन रिटों का इतना महत्व है कि इसे संविधान की आत्मा तक कहा जाता है, क्योंकि यदि मौलिक अधिकारों की रक्षा न हो सके तो फिर इन अधिकारों का क्या महत्व रह जाएगा। वस्तुतः बंदी प्रत्यक्षीकरण एक महत्वपूर्ण न्यायिक रिट है, जिसे अंग्रेजी में हैबियस कॉर्पस कहा जाता है। हैबियस कॉर्पस शब्द लैटिन भाषा से लिया गया है, जिसका अर्थ है शरीर को प्रस्तुत करना। इस प्रकार यह रिट अवैध गिरफ्तारी पर रोक लगाकर नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करता है तथा अवैध गिरफ्तारी से संरक्षण भी प्रदान करता है।



रवींद्र त्रिपाठी
लेखक

इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि यदि गिरफ्तारी विधि सम्मत नहीं है, तो न्यायिक हिरासत भी अवैध है। इसी आधार पर प्रतापगढ़ निवासी शिवम् चौरसिया की ओर से दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को मंजूर करते हुए अभियुक्त को तत्काल रिहा करने का आदेश जारी कर दिया, क्योंकि गिरफ्तारी की प्रक्रिया विधि सम्मत तरीके से पूर्ण नहीं की गई थी। गिरफ्तारी मेमो में गिरफ्तारी का कारण दर्शित नहीं किया गया था। अभियुक्त को थाने पर बयान के लिए बुलाया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। हतप्रभ करने वाली बात यह है कि मजिस्ट्रेट ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया।

अभियोजन पक्ष की ओर से यह दलील दी गई कि गिरफ्तारी के बाद यदि मजिस्ट्रेट ने रिमांड को स्वीकार कर लिया है, यदि गिरफ्तारी की प्रक्रिया में कोई त्रुटि रह जाती है, तो वह विलुप्त मान ली जाती है, लेकिन हाई कोर्ट इस बात से सहमत नहीं हुआ। वैसे इन सब प्रावधानों के संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में बहुत ही स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 का पांचवा अध्याय इसी के लिए समर्पित है। इसमें गिरफ्तारी प्रावधानों का बारीकी से वर्णन किया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में धारा 36 से 62 तक गिरफ्तारी के संबंध में विस्तृत प्रावधान है। धारा 36 में स्पष्ट प्रावधान है कि गिरफ्तार करने वाला पुलिस अधिकारी अपनी पूरा पोशाक धारण करेगा। उसकी पोशाक में किसी प्रकार की कोई त्रुटि नहीं होनी चाहिए। धारा 36 क के अनुसार उसे अपने नाम की एक नाम पट्टिका भी धारण करनी होगी, ताकि उसकी पहचान सुस्पष्ट रहे। 36 ख के अनुसार गिरफ्तारी का एक मेमो बनाया जाएगा, जिसमें गिरफ्तारी का कारण स्पष्ट रूप से लिखा रहेगा तथा वह गिरफ्तारी मेमो एक साक्षी द्वारा प्रमाणित हो, जो उसके परिवार का सदस्य होगा। यदि मौके पर परिवार का सदस्य मौजूद न रहे, तो उस क्षेत्र का, जहां उसकी गिरफ्तारी हो रही है, वहां का कोई सम्मानित व्यक्ति होना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।



# आत्मिक शुद्धि का पर्व नवरात्रि



अध्यात्म पथ पर प्रगतिशील साधकों के लिए नवरात्रि के त्योहार की अनुपम महिमा है। शिवरात्रि साधक के लिए साधना में प्रवेश करने का काल है, तो नवरात्रि उत्सवपूर्ण नवीनीकरण के अवसर की नौ रात्रियां हैं। नवरात्रि व्रत का मूल उद्देश्य है इंद्रियों का संयम और आध्यात्मिक शक्ति का संचय। वस्तुत: नवरात्रि अंत:शुद्धि का महापर्व है। आज वातावरण में चारों तरफ विचारों का प्रदूषण है। ऐसी स्थिति में नवरात्रि का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। अपने भीतर की ऊर्जा जगाना ही देवी उपासना का मुख्य प्रयोजन है। दुर्गा पूजा और नवरात्रि मानसिक-शारीरिक और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक हैं। ज्योतिष शास्त्र में चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व है, क्योंकि चैत्र नवरात्र के बाद सूर्य का राशि परिवर्तन होता है। सूर्य 12 राशियों में भ्रमण पूरा करते हैं और फिर से अगला चक्र पूरा करने के लिए पहली राशि मेष में प्रवेश करते हैं। सूर्य और मंगल की राशि मेष दोनों ही अग्नि तत्व वाले हैं, इसलिए इनके संयोग से गर्मी की शुरुआत होती है। चैत्र नवरात्रि से नववर्ष के पंचांग की गणना शुरू होती है।

## हिंदू नववर्ष की शुरुआत

चैत्र नवरात्रि का धार्मिक दृष्टि से खास महत्व है, क्योंकि चैत्र नवरात्रि के पहले दिन आदिशक्ति प्रकट हुई थी और देवी के कहने पर ब्रह्मा जी ने सृष्टि निर्माण का कार्य शुरु किया था। इसलिए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हिंदू नववर्ष शुरु होता है। सर्दी और गर्मी की ऋतुओं का मिलन काल आश्विन और चैत्र मास में जिन दिनों आता है, वे नवरात्रि कहलाते हैं। उन दिनों शरीर, मन और प्रकृति के विभिन्न घटकों में विशेष रूप से उल्लास भरा रहता है। वातावरण में विशिष्टता व्याप्त रहती है। शरीर दबे हुए रोगों को निकालने का प्रयास करता है। इसीलिए इन दिनों रोग बढ़ जाते हैं। आयुर्वेद इस अवसर को शरीर शोधन के लिए विशेष उपयोगी मानता है। चैत्र नवरात्रि में वसंत होता है। प्रकृति की शोभा देखते ही बनती है। वनस्पतियां नवीन पल्लव धारण करती हैं। प्रकृति का उल्लास अपना प्रभाव समूचे वातावरण पर डालता है। जीवधारियों के मन विशेष प्रकार की मादकता से भर जाते हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से मनीषियों ने इन दिनों आत्मा के ऋतुमति होने का आलंकारिक संकेत किया है। उनके अनुसार, इन दिनों वह अपने प्रियतम परमात्मा से मिलने के लिए विशेष रूप से आतुर होती है। नौ दिन का व्रत-उपवास प्राकृतिक उपचार के समतुल्य माना जा सकता है। इसमें प्रायश्चित के निष्कासन और पवित्रता की अवधारणा दोनों भाव हैं। चैत्र की नवरात्रि के साथ रामजन्म एवं रामराज्य की स्थापना का इतिहास है। इस कारण इस नवरात्रि का महत्व सर्वाधिक है।



पं. मनोज कुमार द्विवेदी
ज्योतिषाचार्य, कानपुर

## नवरात्रि के नियम

नवरात्रि का व्रत रखने और पूजन करने के कुछ नियम भी होते हैं। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक जो भक्त इन नियमों के साथ माता रानी की पूजा उपासना करता है, उस पर माता रानी की अति कृपा होती है। मातारानी उसकी सभी मनोकामनाएं पूरा करती हैं।

## व्रत का सकारात्मक प्रभाव

नवरात्रि के समय प्रकृति में एक विशिष्ट ऊर्जा होती है, जिसको आत्मसात कर लेने पर व्यक्ति का कायाकल्प हो जाता है। व्रत में हम कई चीजों से परहेज करते हैं और कई वस्तुओं को अपनाते हैं। आयुर्वेद की धारणा है कि पाचन क्रिया की खराबी से ही शारीरिक रोग होते हैं, क्योंकि हमारे खाने के साथ जहरीले तत्व भी हमारे शरीर में जाते हैं। आयुर्वेद में माना गया है कि व्रत से पाचन प्रणाली ठीक होती है। व्रत उपवास का प्रयोजन भी यह है कि हम अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण कर अपने मन-मस्तिष्क को केंद्रित कर सकें। मनोविज्ञान यह भी कहता है कि कोई भी व्यक्ति व्रत-उपवास एक शुद्ध भावना के साथ रखता है। उस समय हमारी सोच सकारात्मक रहती है, जिसका प्रभाव हमारे शरीर पर पड़ता है, जिससे हम अपने भीतर नई ऊर्जा महसूस करते हैं। इस समय प्रकृति अपना स्वरूप बदलती है। वातावरण में एक अलग-सी आभा देखने को मिलती है। पतझड़ के बाद नवीन जीवन की शुरुआत, नई पत्तियों और हरियाली की शुरुआत होती है। संपूर्ण सृष्टि में एक नई ऊर्जा होती है। इस ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करने के लिए हमें व्रतों का संयम-नियम बहुत लाभ पहुंचाता है। नवरात्रि में कृषि-संस्कृति को भी सम्मान दिया गया है। मान्यता है कि सृष्टि की शुरुआत में पहली फसल जौ ही थी। इसलिए इसे हम प्रकृति (मां शक्ति) को समर्पित करते हैं।

## धार्मिक कार्यों में मन लगाएं

नवरात्रि के 9 दिनों में व्रतधारी को अपना मन भौतिकता की चीजों से दूर रखना चाहिए। उन्हें अपना मन हमेशा माता रानी के चरणों में लगाकर रखना चाहिए। धार्मिक कार्यों में समय बिताना चाहिए। इस दौरान दुर्गा चालीसा और दुर्गा सप्तसती का पाठ करते रहना चाहिए।

## नवरात्रि पूजन कैसे करें

- नवरात्रि के पहले दिन घर के मुख्य द्वार के दोनों तरफ स्वास्तिक बनाएं और दरवाजे पर आम के पत्ते का तोरण लगाएं। क्योंकि माता इस दिन भक्तों के घर में आती हैं। माना जाता है कि ऐसा करने से मां लक्ष्मी भी प्रसन्न होती हैं और आपके घर में निवास करती हैं।
- नवरात्रि में माता की मूर्ति को लकड़ी की चौकी या आसन पर स्थापित करना चाहिए। जहां मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें वहां पहले स्वास्तिक का चिह्न बनाएं। उसके बाद रोली और अक्षत से टीकें और फिर वहां माता की मूर्ति को स्थापित करें। उसके बाद विधि-विधान से माता की पूजा करें।
- वास्तुशास्त्र के अनुसार, उत्तर और उत्तर-पूर्व दिशा यानी ईशान कोण को पूजा के लिए सर्वोत्तम स्थान माना गया है। आप भी अगर हर साल कलश स्थापना करते हैं, तो आपकी इसी दिशा में कलश रखना चाहिए और माता की चौकी सजानी चाहिए।
- नवरात्रि के दिनों में कण-कण में मां दुर्गा का वास माना जाता है और पूरा वातावरण भक्तिमय रहता है। वास्तु में बताया गया है कि एक चावल से भरा पीतल का कलश अपने मंदिर के उत्तर-पूर्व में रखना समृद्धिदायक होता है। ऐसा करने से मां आपके धन-धान्य में वृद्धि करती हैं और आपके घर में समृद्धि आती है।
- ध्यान रहे कि पूजन कक्ष साफ़-सुथरा हो और उसकी दीवारें हल्के पीले, गुलाबी जैसे आध्यात्मिक रंग की हो तो अच्छा है, क्योंकि ये रंग आध्यात्मिक ऊर्जा के स्तर को बढ़ाते हैं। इसके साथ ही काले, नीले और भूरे जैसे तामसिक रंगों का प्रयोग पूजा कक्ष की दीवारों पर नहीं होना चाहिए।
- धर्म शास्त्रों के अनुसार कलश को सुख-समृद्धि, वैभव और मंगल कामनाओं का प्रतीक माना गया है। वास्तु के अनुसार ईशान कोण यानी उत्तर-पूर्व जल एवं ईश्वर का स्थान माना गया है और यहां सर्वाधिक सकारात्मक ऊर्जा रहती है। इसलिए पूजा करते समय माता की प्रतिमा या कलश की स्थापना इसी दिशा में करनी चाहिए। देवी पूजा-अनुष्ठान के दौरान मुख्य द्वार पर आम या अशोक के पत्तों की बंदनवार लगाने से घर में नकारात्मक शक्तियां प्रवेश नहीं करती।



## कन्याओं का सम्मान करना चाहिए

भारतीय परंपरा में कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप माना जाता है। इसी कारण से लोग नवरात्रि में कन्याओं का पूजन कर पुण्य प्राप्त करते हैं। नवरात्रि के दिन में सभी महिलाओं में किसी न किसी देवी का स्वरूप होता है। इसीलिए किसी भी कन्या/ महिला के प्रति असम्मान का भाव नहीं रखना चाहिए, बल्कि उनमें मां दुर्गा के किसी न किसी स्वरूप को मानकर मन ही मन प्रणाम करना चाहिए।

## घर को न छोड़े अकेला

यदि घर में कलश (घट) की स्थापना हुई हो या माता की चौकी या ज्योति लगी हो, तो किसी न किसी को हमेशा उसके पास रहना चाहिए। इस दौरान घर में किसी एक व्यक्ति का होना जरूरी होता है। व्रतधारी को दिन में नहीं सोना चाहिए।

## तामसिक भोजन से करें परहेज

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि के दौरान व्यक्ति को सात्विकता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्हें तामसिक प्रवृति के भोजन से परहेज रखना चाहिए। नवरात्रि के 9 दिनों में आहार, व्यवहार और विचार में सात्विकता होनी चाहिए।

## ब्रह्मचर्य का करें पालन

नवरात्रि के दिनों में कामवासना से मनसा वाचा कर्मणा विरक्त रहना चाहिए। महिला और पुरुष दोनों को ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए।

## क्रोध से रहें दूर

नवरात्रि के दौरान व्यक्ति को क्रोध नहीं करना चाहिए, उन्हें अधिक से अधिक समय तक मौन रहने का प्रयास करना चाहिए।

बोध कथा

# परिवार ही जीवन की असली संपत्ति



शाम का समय था। पार्क में हल्की हवा चल रही थी और पेड़ों के बीच बैठने वाली बेंचों पर कुछ बुजुर्ग अपनी रोज़ की तरह गपशप में लगे थे। उन्हीं में से एक बेंच पर दो पुराने दोस्त बैठे थे। बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ तो पहला बुजुर्ग बोला, "मेरी एक पोती है, अब शादी के लायक हो गई है। उसने बी.ई. किया है, अच्छी नौकरी भी करती है। कद करीब पांच फुट दो इंच है और देखने में भी बहुत सुंदर है। अगर आपकी नजर में कोई अच्छा लड़का हो, तो बताइएगा।"

दूसरे बुजुर्ग ने मुस्कुराते हुए पूछा, "अच्छा! तो आपकी पोती को कैसा परिवार चाहिए?" पहले बुजुर्ग ने बिना सोचे जवाब देना शुरू किया, "बस कुछ खास नहीं, लड़का एम.ई. या एम.टेक किया हो। उसकी अच्छी नौकरी हो, सैलरी भी ठीक-ठाक हो कम से कम एक लाख रुपये महीना। अपना घर हो, कार हो, घर में एसी हो और अगर छोटा-सा बाग-बगीचा भी हो तो और अच्छा।" दूसरे बुजुर्ग ने हल्के से सिर हिलाया और पूछा, "और कुछ?" पहला बुजुर्ग थोड़ा झुककर बोला, "हां, सबसे जरूरी बात, लड़का अकेला होना चाहिए। मां-बाप, भाई-बहन कोई न हो। दरअसल, इन सबके कारण घर में झगड़े होते हैं।"

यह सुनकर दूसरे बुजुर्ग की आंखें अचानक नम हो गईं। उन्होंने धीरे से अपने आंसू पोंछे और भारी आवाज में बोले, "मेरे एक दोस्त का पोता है, बिल्कुल अकेला। उसके भाई-बहन नहीं हैं। मां-बाप भी एक हादसे में दुनिया छोड़ गए। अच्छी नौकरी है, डेढ़ लाख की सैलरी है, गाड़ी है, बंगला है सब कुछ है।"

पहला बुजुर्ग उत्साहित होकर बोला, "अरे वाह! फिर तो बात बन सकती है।" दूसरे बुजुर्ग ने गहरी सांस लेते हुए कहा, "हां! लेकिन उसकी भी एक शर्त है। वह चाहता है कि लड़की वालों के भी मां-बाप, भाई-बहन या कोई रिश्तेदार न हों।" पहला बुजुर्ग चौंक गया, "ये कैसी बकवास बात है? हमारा परिवार क्यों खत्म हो? कल को उसकी खुशियों या दुख में उसके साथ कौन होगा?"

दूसरे बुजुर्ग ने शांत लेकिन गहरी आवाज़ में कहा, "वाह मेरे दोस्त,अपने लिए परिवार जरूरी है, लेकिन दूसरे के लिए नहीं? अपने बच्चों को परिवार का महत्व समझाइए। घर के बड़े हों या छोटे, सभी जीवन की खुशियों और दुखों के सच्चे साथी होते हैं। बिना परिवार के इंसान के पास न खुशियां बांटने वाला होता है और न ही दुख में सहारा देने वाला।" पहला बुजुर्ग अब पूरी तरह चुप था। उसके चेहरे पर शर्म और समझ दोनों साफ दिखाई दे रहे थे। उस दिन पार्क की वह बातचीत एक गहरा संदेश छोड़ गई कि परिवार ही जीवन की असली संपत्ति है। अगर परिवार साथ है, तो हर खुशी दोगुनी लगती है और हर दुख आधा हो जाता है।

पौराणिक कथा

# राजा का टूटा अहंकार

प्राचीन काल में धर्मपाल नाम के एक पराक्रमी और न्यायप्रिय राजा हुए। उन्हें अपने न्याय पर बड़ा गर्व था। उन्होंने अपने राज्य में एक नियम बना रखा था कि कोई भी व्यक्ति अपनी फरियाद लेकर सीधे राजा के पास आ सकता है। राजा को विश्वास था कि पूरे आर्यावर्त में उनसे अधिक न्यायप्रिय और बुद्धिमान शासक कोई नहीं है। एक दिन संध्या के समय, जब सूर्य अस्त होने को था और राजदरबार की कार्यवाही समाप्त होने वाली थी, तभी फटे-पुराने कपड़ों में लिपटी एक वृद्ध महिला दरबार में पहुंची। उसके चेहरे पर थकान और भूख साफ झलक रही थी। राजा ने उसे आदर से बैठने को कहा और उसकी समस्या पूछी। बुढ़िया ने धीमी आवाज में कहा, "महाराज, मैं बहुत भूखी हूं। मुझे बस दो मुट्ठी अनाज चाहिए, लेकिन वह अनाज आपके 'पुण्य' की कमाई का होना चाहिए, न कि कर के रूप में प्रजा से लिया गया।"



यह सुनकर राजा मुस्कुराए और आत्मविश्वास से बोले, "माता, मैंने अपना पूरा जीवन प्रजा की सेवा में बिताया है। अनेक यज्ञ किए हैं, गरीबों को दान दिया है और न्याय किया है। क्या यह सब पुण्य नहीं है?" बुढ़िया ने अपने थैले से एक छोटी तराजू निकाली। उसने एक पलड़े में एक सूखा पत्ता रखा और बोली, "महाराज, यदि आपके किसी भी एक नि:स्वार्थ कर्म का वजन इस सूखे पत्ते से अधिक हो जाए, तो मैं मान लूंगी कि वह अनाज आपके सच्चे पुण्य से मिला है।" राजा को यह चुनौती बहुत सरल लगी। उन्होंने अपने सबसे बड़े दान का प्रमाण पत्र पलड़े में रखा, लेकिन पत्ता ज्यों का त्यों रहा। फिर उन्होंने सौ गायों के दान का संकल्प रखा, मगर पत्ता हिला तक नहीं। राजा हैरान रह गए। उन्होंने अपनी तलवार, अपना मुकुट और यहां तक कि अपने वंश की प्रतिष्ठा तक उस पलड़े पर रख दी, परंतु वह सूखा पत्ता अडिग रहा। अब राजा का घमंड टूटने लगा। अंतत: वे हार मानकर बुढ़िया के चरणों में गिर पड़े। उनकी आंखों से आंसू बहने लगे। वे बोले, "माता, शायद मैंने जो भी किया, उसमें कहीं न कहीं अहंकार रहा होगा। मुझे क्षमा करें, मेरे पास ऐसा कोई पुण्य नहीं जो पूरी तरह नि:स्वार्थ हो।" जैसे ही राजा का एक आंसू तराजू के पलड़े पर गिरा, अचानक वह सूखा पत्ता हवा में उड़ गया और पलड़ा राजा के पश्चाताप के भार से झुक गया। तभी वह बुढ़िया दिव्य प्रकाश में बदल गई और बोली, "राजन, जब तक तुम्हारे कर्मों में 'मैं' का अहंकार था, तब तक उनका कोई वजन नहीं था, लेकिन जब तुमने अपनी भूल स्वीकार की और विनम्र हो गए, तब तुम्हारा वह एक आंसू सारे दानों से अधिक मूल्यवान हो गया।"

# कर्मफलदाता शनिदेव की पूजा का विधान और प्रभाव



अनिल सुधांशु
ज्योतिषाचार्य

शनिदेव की पूजा शनिवार को सूर्योदय से पहले या सूर्यास्त के बाद करना उत्तम है। स्नान कर नीले/काले वस्त्र पहनें। घर या मंदिर में सरसों के तेल का दीपक जलाएं, काले तिल, नीले फूल और लौंग अर्पित करें। 'ॐ शं शनैश्चराय नमः' मंत्र का जाप करें, पीपल के पेड़ के नीचे दीपक जलाकर परिक्रमा करें और शनि चालीसा का पाठ करें।

## शनि पूजा का विधान

**पूजा का समय-** शनिवार के दिन सुबह जल्दी या शाम के समय (सूर्यास्त के बाद) पूजा करें। स्नान के बाद स्वच्छ, संभव हो तो नीले या काले रंग के वस्त्र धारण करें। साथ ही सरसों का तेल, काले तिल, नीले फूल, शमी का पत्ता, काला कपड़ा, लोहे की वस्तु, अगरबत्ती, धूप और कपूर आदि पूजन सामग्री को प्रबंध कर लें।

**पूजा विधि-** घर के मंदिर में या शनि मंदिर में शनिदेव की प्रतिमा के सामने सरसों के तेल का दीपक जलाएं। शनिदेव को काला तिल और तेल अर्पित करें। 'ॐ शं शनैश्चराय नम:' या 'ॐ प्रां प्रीं प्रौं स: शनैश्चराय नम:' मंत्र का 108 बार जाप करें। शनि चालीसा और शनि आरती करें।

**विशेष उपाय-** शाम को पीपल के पेड़ की जड़ में जल चढ़ाएं और सरसों के तेल का दीपक जलाकर सात बार परिक्रमा करें। सात बार कच्चा सूट लपेटे और शनि कवच का पाठ करें, गरीबों को भोजन कराएं या काली उड़द, कंबल, लोहे की वस्तु दान करें।

## शनि बीज मंत्र का जाप

मंत्र जाप सुबह और शाम कभी भी किया जा सकता है, लेकिन मंत्र जाप के लिए शनिवार का दिन सबसे अच्छा होता है। स्नान करके काला या गहरा नीला रंग का कपड़ा पहन लें। एक शांत और स्वच्छ स्थान का चयन कर लें। फिर मन में या बोलकर 23000 बार शनि मंत्र दोहराएं। हनुमान जी की मूर्ति के सामने अगर मंत्र का उच्चारण करते हैं, तो इससे शनि देव प्रसन्न होते हैं। शनि बीज मंत्र के जाप से शनि के नकारात्मक प्रभावों और पिछले जन्मों के नकारात्मक कर्मों के असर को खत्म किया जा सकता है। नियमित रूप से शनि बीज मंत्र का जाप करने से चिकित्सा और धन संबंधी समस्याओं को समाप्त करने में मदद मिलती है। शनि बीज मंत्र का जाप सुरक्षा की भावना, सफलता और समृद्धि प्रदान करता है। शनि बीज मंत्र का जाप करने से साढ़े साती चरण की परेशानियों और कठिनाइयों का समाधान हो जाता है।

## सावधानी और नियम

पूजा करते समय मुंह पश्चिम दिशा की ओर रखें। शनि देव की प्रतिमा को सामने से न देखें, बगल से दर्शन करें। शनिवार को मांस-मदिरा के सेवन से बचें।

- शनि को ज्योतिष में क्रूर ग्रह माना गया है, इसलिए लोग इनका नाम सुनकर ही डर जाते हैं, लेकिन शनि को कर्म फल दाता भी कहा जाता है।
- कहा जाता है कि वे व्यक्ति के कर्मों के हिसाब से उसे फल देते हैं, अगर कुंडली में शनि शुभ स्थिति में बैठे हैं, तो ये व्यक्ति को रंक से राजा बना सकते हैं, लेकिन शनि की अशुभ स्थिति राजा को भी भिखारी बना सकती है। फिर भी अगर शनिवार के दिन कुछ विशेष उपाय किए जाएं, तो शनि के अशुभ प्रभावों को भी शुभ प्रभावों में बदला जा सकता है। अगर आप भी शनि के अशुभ प्रभावों को झेल रहे हैं, तो इन उपायों को कीजिए।
- यदि शनि कुंडली के प्रथम भाव में बैठकर अशुभ प्रभाव दे रहा हो, तो व्यक्ति को शनिवार के दिन दूध में थोड़ी चीनी मिलाकर बरगद या पीपल के पेड़ में चढ़ाना चाहिए और नीचे से गीली मिट्टी लेकर माथे पर तिलक लगाना चाहिए।
- यदि शनि दूसरे घर में अशुभ फल दे रहा हो, तो शनिवार के दिन आपको अपने माथे पर दूध या दही का तिलक लगाना चाहिए और शिवलिंग पर दूध चढ़ना चाहिए।
- तीसरे भाव में बैठे शनि के दुष्प्रभावों से बचने के लिए शनिवार के दिन काले तिल, केले और नींबू का दान करें, कुत्तों की सेवा करें और मांस मदिरा से परहेज करें।
- चौथे घर में विराजमान शनि के अशुभ फल से बचने के लिए शनिवार के दिन भैंस और कौए को भोजन दें। गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करें। उन्हें अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दें। बहते पानी में शराब को प्रवाहित करें।
- पांचवे भाव में शनि के अशुभ प्रभाव से बचने के लिए लोहे का छल्ला हाथ में पहनें और साबुत मूंग की दाल को किसी जरूरतमंद को शनिवार के दिन दान करें।
- छठे भाव से शनि अशुभ फल दे रहा हो, तो चमड़े एवं लोहे की वस्तुएं खरीदें। शनिवार के दिन जल में काले तिल डालकर शिव जी का अभिषेक करें।
- कुंडली के सप्तम भाव में बैठे शनि के अशुभ फल से बचाव के लिए शनिवार के दिन शहद से भरा बर्तन या बांसुरी में चीनी भरकर किसी सुनसान जगह पर दबा आएं।
- आठवें घर में शनि के दुष्प्रभाव से बचने के लिए हमेशा अपने पास चांदी की कोई चीज रखें। सांपों को दूध पिलाना चाहिए।
- यदि कुंडली के नौवें घर से शनि का अशुभ प्रभाव हो तो घर की छत को अच्छे से साफ रखना चाहिए और छत पर कबाड़, लकड़ी आदि ऐसी कोई चीज नहीं रखनी चाहिए, जो बरसात में भीगकर खराब हो जाती हो। इसके अलावा चांदी के चौकोर टुकड़े पर हल्दी लगाकर अपने पास रखना चाहिए। रोजाना पीपल के पेड़ को जल देना चाहिए।
- यदि दसवें भाव में शनि हो, तो मंदिर में केले और चने की दाल चढ़ाएं। शनिदेव के सामने सरसों के तेल का दीपक जलाएं। गुरुवार का व्रत रखें और मांस, मदिरा आदि का सेवन नहीं करना चाहिए।
- कुंडली के ग्यारहवें भाव में शनि अशुभ फल से बचने के लिए चांदी की एक ईंट बनवाकर अपने घर में रखें। शनिवार के दिन शनि मंत्र का 108 बार जाप करें और पीपल के नीचे सरसों के तेल का दीपक जरूर रखें।
- बारहवें भाव में बैठे शनि के दुष्प्रभाव रोकने के लिए शनिवार के दिन काली दाल, काले तिल, काला वस्त्र आदि सामर्थ्य के हिसाब से किसी जरूरतमंद को दें।



| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
| --- | --- | --- |
| बंद हुआ | 75,502.85 | 23,408.80 |
| बढ़त | 938.93 | 257.70 |
| प्रतिशत में | 1.26 | 1.11 |

सोना 1,60,250 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,56,500 प्रति किलो

अमृत विचार

लखनऊ, मंगलवार, 17 मार्च 2026

www.amritvichar.com



# शेयर बाजार में गिरावट थमी, सेंसेक्स 939 अंक चढ़ा, निफ्टी 23,400 के पार

## अल्ट्राटेक में सर्वाधिक 4.22% की तेजी, एसबीआई, महिंद्रा और टाटा स्टील भी लाभ में




**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 939 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,400 अंक के पार निकल गया। प्रमुख कंपनियों के शेयरों में निचले स्तर पर लिवाली से बाजार को समर्थन मिला।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 938.93 अंक यानी 1.26 प्रतिशत बढ़कर 75,502.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 75,805.27 अंक तक गया और नीचे में 73,949.76 अंक तक आया। वहीं 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 257.70 अंक यानी 1.11 प्रतिशत चढ़कर 23,408.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से अल्ट्राटेक सीमेंट में सबसे ज्यादा 4.22 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इटर्नल, बजाज फाइनेंस, आईटीसी, टाटा स्टील और भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा, पावर ग्रिड और भारती एयरटेल शामिल हैं।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बाजार में कारोबार समाप्त होने से पहले तेजी आई। वाहन, बैंक और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में निचले भाव पर लिवाली से बाजार बढ़त में रहा...। नायर ने कहा कि निकट भविष्य में निवेशकों का रुख होर्मुज जलडमरूमध्य में होने वाले घटनाक्रमों पर निर्भर करेगा। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.36 प्रतिशत नीचे आया जबकि छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप 0.25 प्रतिशत टूटा।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि सप्ताह की शुरुआत बाजार में उतार-चढ़ाव के साथ हुई और निचले स्तर पर लिवाली के चलते एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त दर्ज की गई। इसके साथ हाल की गिरावट का सिलसिला टूट गया। उछाल का कारण मुख्य रूप से बाजार में आई भारी गिरावट के बाद चुनिंदा बड़ी कंपनियों के शेयरों में निचले स्तर पर लिवाली है।

इसके अलावा, विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी और मुद्रा की अस्थिरता जोखिम लेने की प्रवृत्ति को सीमित कर रही है।

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त में रहे। यूरोप के बाजार दोपहर के कारोबार में गिरावट में थे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.41% बढ़कर 104.4 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 10,716.64 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 9,977.42 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## बिजनेस ब्रीफ

### फोनपे का आईपीओ रुका, बाजार स्थिर होने पर शुरू होगी प्रक्रिया

**नयी दिल्ली।** डिजिटल भुगतान एवं वित्तीय सेवा मंच फोनपे ने वर्तमान भू-राजनीतिक संघर्ष और बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण अपनी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की प्रक्रिया को फिलहाल अस्थायी रूप से टाल दिया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि वैश्विक पूंजी बाजारों में कुछ स्थिरता आने के बाद वह सूचीबद्ध होने की प्रक्रिया को फिर से शुरू करेगी। फोनपे के सीईओ समीर निगम ने कहा कि हम प्रभावित सभी क्षेत्रों में जल्द शांति बहाल होने की उम्मीद करते हैं। भारत में सार्वजनिक सूचीबद्धता के लिए हमारी प्रतिबद्धता बरकरार है।

### एमआरएफ के एमडी अरुण मैमन फिर चुने गए एटीएमए के चेयरमैन

**नयी दिल्ली।** वाहन टायर विनिर्माता संघ (एटीएमए) ने एमआरएफ लिमिटेड के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अरुण मैमन को फिर से एटीएमए का चेयरमैन चुना है। एसोसिएशन ने सोमवार को बयान में कहा कि अन्य शीर्ष नेतृत्व बदलावों में, ब्रिजस्टोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजर्षि मोइत्रा को एटीएमए का नया वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया है। संघ ने कहा कि एटीएमए के सहायक महानिदेशक संजय चटर्जी को राजीव बुधराजा के स्थान पर महानिदेशक बनाया गया है। बुधराजा 31 मार्च, 2026 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### हिस्सेदारी बेचकर 2,000 करोड़ जुटाएगी ओला इलेक्ट्रिक

**नयी दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ने अपनी बैटरी इकाई ओला सेल टेक्नोलॉजीज (ओसीटी) में हिस्सेदारी बेचकर 2,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना शुरू की है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी यह कदम अपने परिचालन के पुनर्गठन और बही-खाते को मजबूत करने के प्रयासों के तहत उठा रही है। तमिलनाडु स्थित इस इकाई की वर्तमान क्षमता 1.5 गीगावाट घंटा है, जिसे चालू वित्त वर्ष के अंत तक बढ़ाकर छह गीगावाट घंटा करने की योजना है। इस संयंत्र में 3,500 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है, जो भारत में बैटरी सेल के स्थानीय विनिर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## डाक विभाग शुरू करेगा '24 स्पीड पोस्ट' सेवा अगले दिन डिलिवरी की गारंटी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मंगलवार को डाक विभाग की नई '24 स्पीड पोस्ट' सेवा की शुरुआत करेंगे। यह सेवा छह प्रमुख शहरों में अगले दिन डिलिवरी की गारंटी देती है। पहले चरण में यह सेवा दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद में उपलब्ध होगी। सोमवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि डाक विभाग 17 मार्च, 2026 को '24 स्पीड पोस्ट' सेवा शुरू कर रहा है। बयान में कहा गया कि '24 स्पीड पोस्ट' के तहत तत्काल और समयबद्ध खेपों के लिए अगले दिन डिलिवरी की गारंटी दी गई है।

## देश की कोयला मांग और बिजली क्षेत्र की जरूरतें पूरी करने को तैयार एसईसीएल

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कोल इंडिया लिमिटेड की दूसरी सबसे बड़ी कोयला उत्पादक इकाई साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक हरीश दुहान ने सोमवार को कहा कि कंपनी बदलती वैश्विक ऊर्जा परिस्थितियों के बीच देश की कोयला मांग, विशेषकर बिजली क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे वैश्विक ऊर्जा मार्ग प्रभावित हुए हैं जिससे आयातित कोयला एवं द्रवीकृत प्राकृतिक गैस की लागत बढ़ गई है। इसका अप्रत्यक्ष दबाव भारत के कोयला और बिजली क्षेत्रों पर पड़ रहा है।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक दुहान ने बातचीत में कहा कि कंपनी मजबूत परिचालन गति बनाए हुए है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने मार्च के मध्य तक करीब 16.5 करोड़ टन कोयले का उत्पादन और 16.9 करोड़ टन से अधिक कोयले का प्रेषण किया है।

## देश में बेरोजगारी दर मामूली घटकर फरवरी में 4.9 फीसदी: सरकारी सर्वेक्षण

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

देश में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों के बीच कुल बेरोजगारी दर फरवरी में मासिक आधार पर मामूली घटकर 4.9 प्रतिशत रह गई। यह जनवरी में पांच प्रतिशत थी।

सोमवार को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से यह जानकारी मिली। सर्वेक्षण के अनुसार, जनवरी, 2026 में बढ़ोतरी के बाद शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों के बीच बेरोजगारी दर फरवरी, 2026 में घटकर 6.6 प्रतिशत रह गई, जो दिसंबर, 2025 के 6.7 प्रतिशत के स्तर से भी कम है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह बेरोजगारी दर फरवरी, 2026 में 4.2 प्रतिशत पर स्थिर रही।

फरवरी, 2026 में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं में कुल बेरोजगारी दर घटकर 5.1 प्रतिशत रह गई जबकि जनवरी, 2026 में यह 5.6 प्रतिशत थी। ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों में गिरावट देखी गई। शहरी महिलाओं की बेरोजगारी दर जनवरीउ के 9.8% से घटकर फरवरी, 2026 में 8.7 प्रतिशत रह गई। ग्रामीण महिलाओं की बेरोजगारी दर इसी अवधि में 4.3से घटकर चार प्रतिशत हो गई। पुरुषों में कुल बेरोजगारी दर 4.8 प्रतिशत पर स्थिर रही।

सर्वेक्षण के अनुसार, 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों में समग्र श्रम बल सहभागिता दर (एलएफपीआर) फरवरी में 55.9 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही। ग्रामीण क्षेत्रों में एलएफपीआर फरवरी, 2026 में 58.7 प्रतिशत रही जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 50.4 प्रतिशत आंकी गई जो जनवरी, 2026 के 50.3 प्रतिशत से थोड़ा अधिक है।

वहीं 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं में एलएफपीआर जनवरी, 2026 के 35.1 प्रतिशत से बढ़कर फरवरी, 2026 में 35.3 प्रतिशत हो गई।

सर्वेक्षण में पाया गया कि 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग में श्रमिक जनसंख्या अनुपात फरवरी, 2026 में ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में लगभग स्थिर रहा।

## निर्यात में फरवरी में मामूली गिरावट, मासिक आधार पर कम हुआ व्यापार घाटा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

देश का माल निर्यात फरवरी में सालाना आधार पर 0.81 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 36.61 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। व्यापार घाटा मासिक आधार पर घटकर 27.1 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। पश्चिम एशिया संकट का प्रभाव मार्च महीने के आंकड़ों में सामने आएगा क्योंकि युद्ध 28 फरवरी को शुरू हुआ था। ये आंकड़े मई के मध्य तक जारी किए जाएंगे। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के बीच लॉजिस्टिक संबंधी चुनौतियों के कारण मार्च में निर्यात में गिरावट का रुझान देखने को मिलेगा।

अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए संयुक्त हमले से अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में माल ढुलाई बाधित हो गई है। इसके परिणामस्वरूप कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है जिससे हवाई एवं समुद्री माल ढुलाई में भी तेजी से वृद्धि हुई है। फरवरी में सोने और चांदी के आयात में भारी वृद्धि के कारण आयात 24.11 प्रतिशत बढ़कर 63.71 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। सोने का आयात 218.55 प्रतिशत बढ़कर 7.44 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया जबकि चांदी का आयात 285.23 प्रतिशत बढ़कर 1.66 अरब डॉलर हो गया।

भारत मुख्य रूप से स्विट्जरलैंड से सोने का आयात करता है जहां से फरवरी में आयात में 719.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 2.71 अरब डॉलर तक पहुंच गया।

इसी महीने कच्चे तेल का आयात नौ प्रतिशत बढ़कर 12.97 अरब डॉलर हो गया। व्यापार घाटा पिछले महीने की तुलना में कम हुआ है जो तब 34.68 अरब अमेरिकी डॉलर था। हालांकि, फरवरी 2025 में दर्ज 14.05 अरब अमेरिकी डॉलर की तुलना में यह घाटा सालाना आधार पर बढ़ा है। व्यापार आंकड़ों पर मीडिया को जानकारी देते हुए अग्रवाल ने कहा कि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद देश का निर्यात अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के पहले 11 माह (अप्रैल-फरवरी) में देश का निर्यात 1.84 प्रतिशत बढ़कर 402.93 अरब डॉलर रहा है।

## प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी में सीसीआई

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की चेयरपर्सन रवनीत कौर ने सोमवार को कहा कि आयोग कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में उभरने वाली प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयार कर रहा है जिनमें एल्गोरिथम संबंधी मिलीभगत भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि निगरानी संस्था खेल, नागर विमानन, 'पेंट व वार्निश'' तथा मद्य क्षेत्रों में भी प्रतिस्पर्धा-विरोधी मामलों की जांच कर रही है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) बाजार में अनुचित व्यापारिक गतिविधियों पर नजर रखता है।

उन्होंने कहा कि हम कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में उभरने वाली किसी भी प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधि के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रहे हैं। हमने संभावित प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों की पहचान की है जिसमें कृत्रिम मेधा (एआई) की मूल्य श्रृंखला में अत्यधिक केंद्रीकरण शामिल हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमें हर क्षेत्र से प्रतिस्पर्धा-विरोधी मामलों की जानकारी मिलती है।



भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ब्रसेल्स में बेल्जियम के विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवोट के साथ एक बैठक के दौरान।

## भारत-यूरोपीय संघ का ध्यान अब एफटीए रक्षा सौदे पर: फॉन डेर लायन

**ब्रसेल्स, एजेंसी**

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लायन ने सोमवार को कहा कि यूरोपीय संघ (ईयू) और भारत हाल ही में संपन्न मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और सुरक्षा साझेदारी को प्रभावी ढंग से लागू करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बैठक के बाद आई। जयशंकर 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ के अपने समकक्षों के साथ चर्चा के लिए ब्रसेल्स की दो-दिवसीय यात्रा पर हैं।

फॉन डेर लायन ने जयशंकर के साथ अपनी 'सफल बैठक' के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि जनवरी में भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन के दौरान हमने अपने एफटीए, जिसे सबसे महत्वपूर्ण समझौता (मदर ऑफ ऑल डील्स) कहा गया है, को अंतिम रूप दिया और एक सुरक्षा एवं रक्षा साझेदारी पर हस्ताक्षर किए थे।

उन्होंने कहा कि अब हमारा ध्यान इसके कुशल कार्यान्वयन पर है, ताकि जल्द से जल्द यूरोप और भारत के लोगों को इसका लाभ मिल सके।भारत और यूरोपीय संघ ने 27 जनवरी को इस व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की घोषणा की थी। बैठक के दौरान फॉन डेर लायन और जयशंकर ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन के घटनाक्रम पर भी चर्चा की। इस संदर्भ में यूरोपीय संघ की प्रमुख ने कहा कि तनाव में कमी लाना, स्थिरता और ऊर्जा सुरक्षा दोनों पक्षों के साझा उद्देश्य हैं।

## फिलीपींस-मालदीव के साथ व्यापार वार्ता की शर्तों पर भारत ने किए हस्ताक्षर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने फिलीपींस और मालदीव के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने के लिए संदर्भ की शर्तों पर हस्ताक्षर किए हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रस्तावित व्यापार समझौते के दायरे और तौर-तरीकों को संदर्भ की शर्तों (टीओआर) में रेखांकित किया गया है।

मंत्रालय ने कहा कि दक्षिण-पूर्व एशियाई देश फिलीपींस के साथ तरजीही व्यापार समझौते (पीटीए) के लिए बातचीत शुरू होगी, जबकि मालदीव के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत होगी। पीटीए में दो व्यापारिक साझेदार आपस में व्यापार की जाने वाली वस्तुओं की एक विशिष्ट संख्या पर आयात शुल्क को या तो काफी कम कर देते हैं या समाप्त कर देते हैं।

दूसरी ओर, मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत दो देश आपसी व्यापार में अधिकांश वस्तुओं पर आयात शुल्क को काफी हद तक घटा देते हैं या समाप्त कर देते हैं। इसके साथ ही सेवाओं और निवेश को बढ़ावा देने के लिए नियमों को भी आसान बनाया जाता है।

## एआई कोहार्ट 2026 में शामिल होंगे पांच स्टार्ट अप, प्रत्येक को मिलेगा 20 लाख डॉलर का निवेश

**बेंगलुरु, एजेंसी।** उद्योग पूंजी कंपनी एक्सेल और गूगल के एआई फ्यूचर्स फंड ने 'एटम्स एआई कोहोर्ट 2026' में शामिल होने वाले पांच स्टार्टअप की सोमवार को घोषणा की जो एंटरप्राइज, वॉयस और औद्योगिक एआई में नए समाधान विकसित करेंगे। एटम्स एआई कोहोर्ट, एक्सेल एटम्स का एक विशेष कार्यक्रम है जिसे एआई स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है। एटम्स एआई कोहोर्ट 2026 एक्सेल और गूगल के एआई फ्यूचर्स फंड के बीच एक महत्वपूर्ण साझेदारी है।

बयान के अनुसार, 4,000 से अधिक आवेदनों में से चुने गए इन पांच स्टार्टअप को भारतीय उद्यमियों को समर्थन देने के एक्सेल के लंबे अनुभव और गूगल की उन्नत कृत्रिम मेधा (एआई) अवसंरचना का लाभ मिलेगा, जिससे वे शुरुआती विचार से वैश्विक स्तर तक विस्तार कर सकेंगे। प्रत्येक स्टार्टअप को 20 लाख अमेरिकी डॉलर तक का संयुक्त निवेश मिलेगा। इसके साथ ही गूगल क्लाउड, जेमिनी और गूगल डीपमाइंड के संसाधनों के लिए 3 .5 लाख अमेरिकी डॉलर तक की संगणनात्मक (कंप्यूट) क्रेडिट सुविधा भी दी जाएगी।एक्सेल में साझेदार प्रयंक स्वरूप और शेखर किरानी ने कहा कि यह समूह साहसिक व मौलिक सोच का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा कि 'एटम्स'हमेशा से उन उद्यमियों का समर्थन करने के बारे में रहा है जो संभावनाओं के शुरुआती चरण में होते हैं, जब केवल महत्वाकांक्षा और अंतर्दृष्टि होती है।

**पश्चिम एशिया संकट**

ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टैनली का दावा- 15 से 30 प्रतिशत तक बढ़ सकती है इनकम

# भारतीय रिफाइनरों के लिए चुनौती में छिपा मुनाफा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में आपूर्ति की बाधाएं भारत के लिए आपदा में अवसर साबित हो रही हैं। वैश्विक ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टैनली की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, जहां एक ओर कच्चे तेल की सप्लाई चेन पर दबाव है, वहीं दूसरी ओर एशियाई बाजार में तेल उत्पादों की किल्लत भारतीय रिफाइनिंग कंपनियों के लिए बंपर मुनाफे का द्वार खोल सकती है।

### होर्मुज संकट: भारत के लिए जोखिम क्यों?

भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आज भी खाड़ी देशों पर अत्यधिक निर्भर है। मॉर्गन स्टैनली ने आंकड़ों के जरिए इस जोखिम को स्पष्ट किया है। ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि भारत की कुल तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से होकर आता है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत और चीन की 40-50 प्रतिशत तेल जरूरतें होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते पूरी होती हैं। ऐसे में खाड़ी क्षेत्र में किसी भी तरह की रुकावट एशियाई देशों की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला के लिए खतरा बन सकती है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि भारत के कुल कच्चे तेल आयात का करीब 46 प्रतिशत हिस्सा पश्चिम एशिया से आता है। इससे साफ है कि देश की रिफाइनिंग जरूरतें अब भी खाड़ी उत्पादक देशों पर काफी हद तक टिकी हुई हैं।



### सुरक्षा कवच: रूस और रणनीतिक भंडार

मॉर्गन स्टैनली का मानना है कि मौजूदा समय में भंडार और वैकल्पिक सप्लाई रूट भारत को राहत दे सकते हैं। आपूर्ति जोखिम कम करने के लिए भारत ने रियायती दरों पर मिलने वाले रूसी यूराल्स ग्रेड तेल की खरीद बढ़ा दी है। अमेरिकी प्रतिबंधों में मिली 30 दिनों की विशेष छूट का भारत बखूबी इस्तेमाल कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, एशिया-प्रशांत क्षेत्र के पास 30 से 200 दिनों का तेल भंडार उपलब्ध है, जो आपात स्थिति में बफर का काम करेगा। भारत सरकार ईरान के साथ निरंतर संपर्क में है ताकि एलपीजी और कच्चे तेल से लदे 20 से अधिक टैंकरों को सुरक्षित मार्ग दिलाया जा सके।

### कैसे मिलेगा मुनाफा?

मॉर्गन स्टैनली ने यह भी कहा कि अगर पश्चिम एशिया में यह व्यवधान लंबे समय तक बना रहता है, तो भारत का रिफाइनिंग सेक्टर इससे फायदा भी उठा सकता है। एशिया में सप्लाई की तंगी और निर्यात पर अंकुश के कारण रिफाइनिंग मार्जिन बढ़े हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक हफ्ते में पेट्रोल, डीजल, जेट फ्यूल, नैफ्था और फ्यूल ऑयल की कीमतों में 18 से 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

ऐसे में जिन रिफाइनरों के पास कच्चे तेल के विविध स्रोत हैं, खासकर बड़ी एकीकृत कंपनियां और सरकारी तेल विपणन कंपनियां, उन्हें अधिक मुनाफा हो सकता है। अनुमान है कि अगर रिफाइनरों का ग्रॉस मार्जिन 1 से 1.5 डॉलर प्रति बैरल बढ़ता है, तो वर्ष 2026 में उनकी आय में 15 से 30 प्रतिशत तक उछाल आ सकता है। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि पश्चिम एशिया संकट की अवधि ही आगे का सबसे बड़ा निर्णायक कारक होगी। फिलहाल भंडार और वैकल्पिक खरीद भारत के लिए सुरक्षा कवच बने हुए हैं, लेकिन अगर आपूर्ति में बाधा लंबी चली तो एशिया की ऊर्जा और औद्योगिक सप्लाई चेन पर दबाव और बढ़ सकता है।

**एमएसएमई क्रेडिट गारंटी योजना**

# उद्यमियों को 10 करोड़ तक का कोलेटेरल फ्री लोन

भारत सरकार का सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), पहली पीढ़ी के उद्यमियों को सशक्त बनाने और स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना (सीजीटीएमएसई) का लाभ दे रही है।




### बिना गिरवी रखे मिलता है ऋण

एमएसएमई मंत्रालय के अनुसार, यह पहल एमएसएमई को कोलेटेरल फ्री अर्थात कुछ गिरवी रखे बिना ऋणों के लिए महत्वपूर्ण क्रेडिट गारंटी सहायता प्रदान करती है। इसकी मदद से सूक्ष्म और लघु उद्यम (एमएसई) पारंपरिक कोलेटरल यानी तीसरे पक्ष की गारंटी के बिना ही वित्तीय सहायता हासिल कर सकते हैं।

### छह करोड़ रोजगार होते हैं पैदा

सीजीटीएमएसई यानी क्रेडिट गारंटी के अन्तर्गत पात्र व्यवसाय 10 करोड़ रुपये तक के ऋण प्राप्त कर सकते हैं। इस ऋण में 75 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक की गारंटी कवरेज होती है। हालांकि यह उद्यमी की प्रोफाइल और मूल्यांकन पर निर्भर करती है। यह योजना सभी सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) पर लागू होती है। मंत्रालय के अनुसार, देश में लगभग 2.6 करोड़ सूक्ष्म और लघु उद्यम हैं। इनके माध्यम से करीब छह करोड़ लोगों को रोजगार मिलता है।

### कब से लागू है योजना?

इस योजना के लिए मौजूदा और नए दोनों उद्यम कोलेटरल फ्री ऋण के लिए पात्र हैं। यह योजना औपचारिक रूप से 30 अगस्त 2000 को शुरू की गई थी और 1 जनवरी 2000 से लागू है। सरकार और सिडबी की ओर से क्रमशः 4:1 के अनुपात में सीजीटीएमएसई के कोष में योगदान किया जाता है।

### दस लाख करोड़ से अधिक के ऋण

मंत्रालय के अनुसार पहली जुलाई 2025 तक, 1.2 करोड़ से अधिक गारंटी के एवज में योजना के अंतर्गत 10,26,145 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए हैं। इसमें सर्वाधिक ऋण महाराष्ट्र के लिए 1,26,521 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए हैं। दूसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश (1,04,856 करोड़ रुपये) है। उसके बाद तीसरे नंबर पर गुजरात के लिए 85,160 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### भूस्खलन में चार मजदूरों की मौत

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर के नीति विहार में भूस्खलन के दौरान दीवार गिरने से चार मजदूरों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। ईटानगर राजधानी क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक जुम्मार बासर ने बताया कि भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में साइट पर काम कर रहे सात लोग मलबे के नीचे दब गए। यह घटना शाम करीब चार बजे उस वक्त हुई जब लगातार बारिश के कारण दीवार गिर गई, जिससे मलबे के नीचे मजदूर फंस गए। बचाव दल ने बाद में सातों मजदूरों को मलबे से बाहर निकाल लिया, उनमें से चार को मृत घोषित कर दिया गया।

### अफगानिस्तान से बात करे पाकिस्तान

**बीजिंग।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संघर्ष जारी रहने के बीच चीन ने सोमवार को दोनों पड़ोसी देशों से टकराव समाप्त करने के लिए सीधी बातचीत करने का आह्वान किया। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने यहां प्रेस वार्ता में बीजिंग के मध्यस्थता प्रयासों से संबंधित एक प्रश्न पर कहा कि चीन को उम्मीद है कि दोनों पक्ष संयम बरतेंगे, शीघ्र ही संघर्ष विराम तक पहुचेंगे और संवाद के माध्यम से अपने मतभेदों का समाधान करेंगे। उन्होंने दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत का आह्वान किया। पिछले कुछ दिनों में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच झड़पें तेज हो गईं।

### आईआईटी परिसर में घुसा मगरमच्छ

**मुंबई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई परिसर में सोमवार तड़के नौ फुट लंबा मगरमच्छ घुस आया और बाद में वन्यजीव विशेषज्ञों ने उसे पकड़ लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मुंबई के पवई इलाके स्थित आईआईटी परिसर में सुरक्षा कर्मचारियों ने मगरमच्छ को देखा और तुरंत वन विभाग के नियंत्रण कक्ष को सूचित किया। नजदीकी पोवाई झील मगरमच्छ ठिकाना है।

### सामाजिक मूल्यों को भी सुदृढ़ कर रहा संघ

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता रमेशचंद्र अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि संगठन ने पिछले वर्ष में उल्लेखनीय विस्तार किया है और दैनिक शाखाओं की संख्या लगभग 6,000 बढ़कर 88,000 से अधिक हो गई है, जबकि देशभर में गतिविधियों के आयोजन स्थलों की संख्या बढ़कर 55,000 से अधिक हो गई है।

# एपस्टीन लिंक : हाईकोर्ट पहुंचीं हरदीप पुरी की बेटी

- सोशल मीडिया सामग्री को हटाने के लिए दायर की याचिका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी ने दोषी ठहराए गए अमेरिकी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ उनका नाम जोड़ने वाली झूठी और मानहानिकारक सोशल मीडिया सामग्री को हटाने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। हिमायनी पुरी की ओर से दायर यह मुकदमा इस सप्ताह कोर्ट में सुनवाई के लिए आ सकता है।

अपने वाद में उन्होंने 10 करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग की है और कई संस्थाओं को मानहानिकारक सामग्री प्रसारित करने से रोकने का आदेश देने का अनुरोध किया है। याचिका में कहा गया है कि उन्हें एपस्टीन और उसके अपराधों से जोड़ने के लिए समन्वित और दुर्भावनापूर्ण ऑनलाइन अभियान चलाया गया। उन्होंने प्रतिवादी संस्थाओं से बिना शर्त माफी मांगने और सामग्री वापस लेने की भी मांग की है। याचिका के अनुसार, 22 फरवरी 2026 के आसपास से एक्स, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक, लिंक्डइन तथा अन्य डिजिटल समाचार पोर्टलों पर झूठे, भ्रामक एवं मानहानिपरक पोस्ट, लेख, वीडिया आदि प्रसारित किए जा रहे हैं। हिमायनी पुरी ने कहा कि वह वित्त और निवेश क्षेत्र की पेशेवर हैं और उन्हें केवल इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि वह केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी हैं।

# अमेरिका-ईरान जंग

## पर्यावरण पर भारी संकट

वर्तमान में मध्य पूर्व में जारी संघर्ष, विशेष रूप से ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना बनाए जाने से निकलने वाला धुआं क्षेत्रीय सीमाओं को पार कर रहा है। जब मिसाइल या हवाई हमले रिफाइनरियों और तेल के कुओं को निशाना बनाते हैं, तो वहां जमा लाखों बैरल कच्चा तेल और ईंधन अनियंत्रित तरीके से जलने लगता है। इस अपूर्ण दहन से निकलने वाला कालिख और जहरीली गैसें वायुमंडल की ऊपरी परतों में जमा हो जाती हैं। जब ये प्रदूषक बादल के कणों के साथ मिलते हैं, तो बारिश की बूंदें गहरे काले या भूरे रंग की हो जाती हैं, जिसे वैज्ञानिकों ने काली बारिश का नाम दिया है। इससे निकलने वाले घातक रसायन मानव जीवन को प्रभावित कर रहे हैं बल्कि पर्यावरण के लिए भी भारी संकट पैदा करेंगे। इसको लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी चेतावनी दी है।



### वैज्ञानिक दृष्टिकोण

वैज्ञानिकों का कहना है कि तेल क्षेत्रों पर हमलों से पैदा हुआ धुआं स्थानीय नहीं रहता। यह वायुमंडलीय धाराओं के साथ हजारों किलोमीटर दूर तक जा सकता है।

### ज्वालामुखी भी पैदा करते हैं ऐसी स्थिति

- ज्वालामुखी विस्फोट : ज्वालामुखी की राख हवा में मिलकर बारिश को मिट्टी जैसा या काला बना सकती है। इसमें सल्फर डाइऑक्साइड की मात्रा बहुत अधिक होती है, जो तीव्र अम्लीय वर्षा का कारण बनती है।
- अंतर : युद्ध के दौरान होने वाली काली बारिश सबसे अधिक खतरनाक मानी जाती है क्योंकि इसमें औद्योगिक रसायन और सिंथेटिक ईंधन के अवशेष भी शामिल होते हैं जो प्रकृति में जल्दी नष्ट नहीं होते।
- जंगल की आग : बड़े पैमाने पर जंगलों के जलने से निकलने वाली राख और कार्बन बारिश को गहरा रंग दे सकते हैं। हालांकि, इसमें पेट्रोलियम रिफाइनरी की तुलना में भारी धातुओं और जटिल हाइड्रोकार्बन की मात्रा कम होती है।

### घातक रसायन और प्रभाव

- पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन : यह तेल के जलने से उत्पन्न होने वाला सबसे खतरनाक पदार्थ है। यह सीधे डीएनए को नुकसान पहुँचा सकता है और कैंसर का मुख्य कारक है।
- पार्टिकुलेट मैटर : कालिख के ये सूक्ष्म कण फेफड़ों के गहराई तक जाकर रक्त प्रवाह में मिल जाते हैं, जिससे हृदय रोग और अस्थमा का खतरा बढ़ जाता है।
- भारी धातुएं : कच्चे तेल में प्राकृतिक रूप से निकल और वैनेडियम जैसी धातुएं होती हैं। जलने के बाद ये वर्षा के माध्यम से जमीन पर आती हैं और खाद्य श्रृंखला को जहरीला बनाती हैं।
- सल्फर और नाइट्रोजन के ऑक्साइड : ये रसायन पानी के साथ मिलकर सल्फ्यूरिक और नाइट्रिक एसिड बनाते हैं। यह न केवल इमारतों और बुनियादी ढांचे को संक्षारित करते हैं, बल्कि त्वचा पर केमिकल बर्न भी पैदा कर सकते हैं। ● बेंजीन और टोल्यूनि : ये वाष्पशील कार्बनिक यौगिक हवा और बारिश दोनों में मौजूद होते हैं और तंत्रिका तंत्र पर बुरा असर डालते हैं।

### संयुक्त राष्ट्र के निर्देश

- संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि नागरिक बुनियादी ढांचे और तेल क्षेत्रों पर हमले अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन हो सकते हैं यदि वे व्यापक पर्यावरणीय क्षति का कारण बनते हैं। ● यूएनईपी का रुख : यूएनईपी ने प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल 'पर्यावरणीय मूल्यांकन' की आवश्यकता जताई है।
- सुरक्षा निर्देश : संयुक्त राष्ट्र और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्थानीय आबादी को सलाह दी है कि बारिश के संपर्क में आने से बचें और यदि संभव हो तो घर के अंदर ही रहें। घर से बाहर निकलते समय उच्च गुणवत्ता वाले एन 95 मास्क का उपयोग करें। सतही जल या खुले जलाशयों के पानी को पीने के लिए इस्तेमाल न करें, क्योंकि वे प्रदूषित हो चुके हैं।

# राज्यसभा में एलपीजी को लेकर हंगामा, खरगे बोले सरकार दोषी

## केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर लगाया देशभर में अराजकता फैलाने का आरोप

- सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच हुई तीखी बहस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राज्यसभा में सोमवार को देश में एलपीजी संकट के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने संकट के लिए सरकार की अग्रिम योजना की कमी को जिम्मेदार ठहराया, जबकि केंद्रीय मंत्री और सदन के नेता जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर देश में अराजकता फैलाने और राजनीतिक लाभ लेने का आरोप लगाया।

शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए खरगे ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण एलपीजी आपूर्ति पर असर पड़ा है और इसका प्रभाव देशभर में दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि इस संकट का सबसे अधिक असर गरीब और कमजोर वर्गों, मध्यम वर्ग, सामान्य परिवारों, रेस्तरां, छात्रावासों तथा व्यावसायिक उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। खरगे ने कहा कि भारत अपनी कुल एलपीजी जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है और इसमें से करीब 90 प्रतिशत आयात होर्मुज की खाड़ी के रास्ते होता है। ऐसे में मौजूदा स्थिति घरेलू उपलब्धता और कीमतों की स्थिरता दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि एलपीजी संकट का असर देश के लगभग हर हिस्से में महसूस किया जा रहा है और घरेलू उपभोक्ता काफी परेशान हैं। छोटे ढाबों, रेस्तरां, छात्रावासों और सामुदायिक रसोई तक इस संकट से प्रभावित हैं। उन्होंने दावा किया कि कई स्थानों पर एलपीजी सिलेंडर 5,000 रुपये से अधिक कीमत पर बेचे जा रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में एलपीजी की कमी से इनकार करते हुए लोगों से अफवाहों से दूर रहने की अपील की थी, लेकिन जमीनी स्थिति इससे अलग है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब सरकार को पता था कि पश्चिम एशिया संकट के कारण ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री मार्ग प्रभावित हो सकते हैं, तो उसे पहले से वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए थी। खरगे ने कहा कि यदि एलपीजी आयात के लिए पहले से वैकल्पिक उपाय किए गए होते तो स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। खरगे ने यह भी कहा कि अब एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के लिए प्रतीक्षा अवधि बढ़ गई है। उनके अनुसार, शहरों में यह अवधि करीब 25 दिन और ग्रामीण व दूरदराज के इलाकों में लगभग 45 दिन तक पहुंच गई है, जिससे घबराहट में बुकिंग और जमाखोरी की आशंका बढ़ रही है।



एलपीजी संकट के विरोध में संसद भवन पर विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल, प्रदर्शन में पार्टी के सांसद हिबी ईडन, प्रशांत पाडोले आदि भी मौजूद थे।

### संकट में भी विपक्ष कर रहा राजनीति

नड्डा ने कहा कि पश्चिम एशिया में मौजूदा संघर्ष के लिए भारत जिम्मेदार नहीं है, लेकिन इसके बावजूद विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस, संकट के समय भी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का एक नेता एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी करते हुए भी पकड़ा गया है। उन्होंने कहा, "वे लोगों को उकसा रहे हैं और देश के शांतिप्रिय नागरिकों को भड़का रहे हैं। संकट के समय देश के साथ खड़े होने के बजाय वे अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, जो निंदनीय है।

# रूसियों को ग्रीन कार्ड लॉटरी में रखेगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका वीजा नियमों को सख्त करने के बावजूद रूसी नागरिकों को ग्रीन कार्ड लॉटरी से बाहर नहीं रखेगा। अमेरिकी अधिवक्ता एलिज़ाबेथ क्रुकोवा ने कहा कि अमेरिकी अधिकारी आवेदकों के लिए सामान्य नियमों को सख्त करने के बावजूद रूसी नागरिकों को ग्रीन कार्ड लॉटरी से बाहर नहीं करेंगे। जहां तक इस बात का सवाल है कि किन देशों के नागरिकों को इसमें हिस्सा लेने से बाहर किया जा सकता है, तो ऐतिहासिक रूप से यह इस बात पर निर्भर करता रहा है कि किसी खास देश या क्षेत्र से पहले से ही कितने प्रवासी आ रहे हैं। जब तक डेटा यह न दिखाए कि बहुत ज्यादा संख्या में रूसी प्रवास कर रहे हैं, तब तक रूसियों को बाहर करने का कोई आधार नज़र नहीं आता।

# छात्रवृत्ति घोटाले में पांच राज्यों के अधिकारियों पर मामला दर्ज

- सीबीआई ने की 11.4 करोड़ से अधिक की हेराफेरी में कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिव्यांग छात्रों के लिए निर्धारित छात्रवृत्ति निधि से कथित तौर पर 11.4 करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी के मामले में फर्जी संस्थानों और छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।


अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि सीबीआई ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक और जम्मू-कश्मीर में अज्ञात लोकसेवकों और नोडल अधिकारियों के खिलाफ अंब्रेला छात्रवृत्ति योजना से धन की हेराफेरी करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। यह योजना 2018 में दिव्यांग छात्रों के लिए मैट्रिक उपरांत छात्रवृत्ति सहित छह छात्रवृत्ति योजनाओं के विलय के बाद शुरू की गई थी। इस योजना के तहत छात्रवृत्ति 11 और 12वीं कक्षा के छात्रों के साथ-साथ मैट्रिक के बाद डिप्लोमा और प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों में नामांकित छात्रों को मुहैया कराई जाती है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री और डिप्लोमा तथा स्नातकोत्तर डिग्री और डिप्लोमा प्राप्त करने वाले छात्रों को भी इस छात्रवृत्ति का लाभ मिलता है। सीबीआई ने पिछले साल केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के सचिव की शिकायत पर जांच शुरू की थी।

# 176 विमानों में नहीं है फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को राज्यसभा को बताया कि विभिन्न विमानन कंपनियों द्वारा संचालित 176 विमानों में फ्लाइट डेटा या कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर नहीं हैं। नियमों के अनुसार, 5,700 किलोग्राम से कम भार वाले विमानों के लिए अनिवार्य रूप से कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) आवश्यक है, बशर्ते उन्हें एक जनवरी, 2016 के बाद उड़ान योग्यता प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ हो। नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने एक सवाल के लिखित जवाब में कहा कि एक जनवरी, 2016 से पहले कुल 2,263 विमान पंजीकृत किए गए थे और उन्हें उड़ान योग्यता प्रमाण पत्र जारी किए गए थे। मोहोल ने कहा कि विभिन्न परिचालकों द्वारा संचालित 176 विमान ऐसे हैं जिनमें फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर या कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर नहीं लगे हैं। उनसे सवाल किया गया था कि क्या सरकार के पास बिना कॉकपिट वॉयस और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर वाले विमानों की संख्या के आंकड़े हैं? पिछले महीने झारखंड में दुर्घटनाग्रस्त हुए करीब 40 साल पुराने बीचक्राफ्ट सी90ए विमान में कॉकपिट वॉयस या फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर नहीं था। उस दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई थी।

# होर्मुज से रास्ता देने के लिए ईरान से पूर्व समझौता नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- विदेशमंत्री जयशंकर बोले-जहाज की आवाजाही एक अलग घटना

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से भारतीय ध्वज वाले जहाजों के पारगमन के लिए भारत का ईरान के साथ कोई पूर्व निर्धारित समझौता नहीं है और प्रत्येक जहाज की आवाजाही एक अलग घटना है। फाइनेंशियल टाइम्स को दिए एक साक्षात्कार में जयशंकर ने कहा कि नई दिल्ली और तेहरान के बीच हुई बातचीत के परिणामस्वरूप भारतीय ध्वज वाले दो टैंकर इस महत्वपूर्ण मार्ग से गुजर सके हैं।

ब्रसेल्स में दिए गए साक्षात्कार में जयशंकर ने कहा कि मैं इस समय ईरान बातचीत कर रहा हूं और कुछ परिणाम निकले हैं। यह प्रक्रिया जारी है। अगर इससे परिणाम मिल रहा है, तो मैं स्वाभाविक रूप से आगे भी जारी रखूंगा। ईरान द्वारा फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित एक संकरे समुद्री परिवहन मार्ग, होर्मुज जलडमरूमध्य को लगभग अवरुद्ध कर दिए जाने के बाद वैश्विक तेल और गैस की कीमतों में उछाल आया है। वैश्विक तेल और एलएनजी का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इस मार्ग से होकर गुजरता है। पश्चिम एशिया क्षेत्र भारत की ऊर्जा खरीद का एक प्रमुख स्रोत है। जयशंकर ने इस बात से भी इनकार किया कि भारत ने होर्मुज जलडमरूमध्य से भारतीय ध्वज वाले जहाजों को गुजरने देने के बदले में ईरान को कुछ दिया था।

# पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास सेना के जवान की मौत

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर ड्यूटी के दौरान सेना के एक जवान की संदिग्ध रूप से दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि नायक तिलक सिंह कृष्णा घाटी सेक्टर के अग्रिम नांगी तकरी क्षेत्र में तैनात थे। सेना के 'व्हाइट नाइट कोर' ने जवान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, व्हाइट नाइट कोर वीर नायक तिलक सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करता है। सिंह 15 मार्च को कृष्णा घाटी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर ड्यूटी करते समय बेहोश पाए गए थे। तत्काल चिकित्सा सहायता के बावजूद, वीर सैनिक को बचाया नहीं जा सका, उन्होंने कर्तव्य की राह में सर्वोच्च बलिदान दिया। पोस्ट में कहा गया, उनका साहस सेना की उत्कृष्ट परंपराओं का उदाहरण है।

# निर्वाचन आयोग ने बंगाल के शीर्ष अधिकारियों को हटाया

- हटाए जाने वाले अफसरों में मुख्य सचिव व डीजीपी भी

**कोलकाता/नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के प्रशासनिक इतिहास में अभूतपूर्व कदम उठाते हुए निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के शीर्ष नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों को हटा दिया, जिनमें मुख्य सचिव और डीजीपी भी शामिल हैं। आयोग ने पूर्व में अलग-अलग मामलों में बंगाल के शीर्ष प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण किया है, लेकिन कभी भी मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजपी, कोलकाता पुलिस आयुक्त और एडीजी (कानून व्यवस्था) को एक साथ स्थानांतरित नहीं किया गया।

विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा रविवार को होने के कुछ घंटों बाद ही इस प्रशासनिक फेरबदल का फैसला लिया गया। रविवार देर शाम जारी आयोग के पहले आदेश के तहत राज्य के दो शीर्ष नौकरशाहों, मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा को हटा दिया गया। इसके बाद 16 मार्च के एक अन्य आदेश में राज्य के डीजीपी पीयूष पांडे और कोलकाता पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार को भी पद से हटा दिया गया।

आयोग ने उत्तर बंगाल विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव दुष्यंत नरियाला को राज्य का मुख्य सचिव नियुक्त किया। महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव संघमित्रा घोष को गृह सचिव नियुक्त करने का आदेश दिया। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सिद्धनाथ गुप्ता को डीजीपी नियुक्त किया और अजय कुमार नंद को कोलकाता पुलिस का नया आयुक्त बनाया।

# तकनीकी खामी से विमान को आयरलैंड मोड़ा

**नई दिल्ली।** न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रहे एअर इंडिया के ए350 विमान को संदिग्ध तकनीकी खराबी के कारण सोमवार सुबह आयरलैंड के शैनन की ओर मोड़ दिया गया। सूत्रों के अनुसार, विमान में लगभग 300 लोग सवार थे और यह शैनन की ओर मोड़े जाने से पहले लगभग छह घंटे तक हवा में रहा। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि 15 मार्च को न्यूयॉर्क (जेएफके) से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली उड़ान एआई 102 को संदिग्ध तकनीकी खराबी के बाद एहतियात के तौर पर शैनन, आयरलैंड की ओर मोड़ दिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि विमान स्थानीय समयानुसार सुबह 4:30 बजे शैनन हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतर गया और सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। तय सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार विमान की विस्तृत तकनीकी जांच की जा रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आपका मन अत्यंत शांत रहेगा। बच्चे घर के बड़े-बुजुर्गों के साथ समय बितायेंगे। आपको नए कार्यों से जुड़ना पड़ सकता है।

**वृष** – आज परिवार में आपके अधिकार बढ़ेंगे। कार्यकुशलता के कारण कार्यक्षेत्र में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**मिथुन** – आज दूसरों की कमियों पर अधिक ध्यान न दें। धर्म-कर्म में आप रुचि लेंगे। महिला जातकों का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कर्क** – आज आपको अपना मन शांत रखने की आवश्यकता है। आईटी के क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़ा महत्वपूर्ण कार्य मिल सकता है।

**सिंह** – आज जॉब में आपके उत्तरदायित्व बढ़ेंगे। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। परिजन आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे।

**कन्या** – आज कार्यक्षेत्र में विरोधियों की बढ़ोत्तरी होगी। अटके हुए कार्यों को पूर्ण करने का दबाव रहेगा। जीवनसाथी से अपने मन की बातें अवश्य शेयर करें।

**तुला** – आज बेवजह क्रोध के कारण आपको कठिनाई झेलनी पड़ेगी। संपत्ति में निवेश करने वालों को अच्छी डील मिल सकती है।

**वृश्चिक** – आज कारोबार में भाई-बहनों की सहायता लेनी पड़ सकती है। शेयर मार्केट में निवेश से धन लाभ प्राप्त होगा।

**धनु** – आज अधीनस्थ कर्मचारियों के सहयोग से आपके काम हो जायेंगे। दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। कारोबार में बड़ा निवेश कर सकते हैं।


**मकर** – आज आप बुद्धिमान लोगों का मार्गदर्शन अवश्य लें। बैंकिंग और फाइनेंस से जुड़े लोग कार्यक्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले हैं।

**कुंभ** – आज विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। पारिवारिक कलह से छुटकारा मिलेगा। तनाव से बचने के लिये अच्छी नींद अवश्य लें।

**मीन** – आज आपको उधार वापस लौटाना पड़ सकता है। जिसके कारण आपके कुछ काम रुक भी सकते हैं। शरीर में एलर्जी की समस्या हो सकती है।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 17 मार्च, मंगलवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी 09 .23 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- शतभिषा 18 मार्च 06 .09 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

### सुडोकू - 90 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 5 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 5 | 6 | 1 | 2 | 9 |
| 7 | 5 | 2 | 4 | 9 | 1 | 3 | 6 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 1 | 2 |
| 9 | 2 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 6 |
| 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 8 | 9 | 7 |
| 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 9 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 8 | 1 | 6 | 4 | 2 | 9 | 7 | 3 |
| 4 | 9 | 6 | 8 | 3 | 7 | 2 | 5 | 1 |

### सुडोकू -91

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | | 3 | |
| 6 | | | | 1 | | 4 | | |
| | 8 | | | | 9 | | 5 | |
| 4 | | | 2 | | | | 6 | |
| | 5 | | | | | | 4 | |
| | | | 8 | | 5 | | 1 | 7 |
| | 6 | | 7 | | | 8 | | |
| | | 3 | | 5 | | | | 4 |
| | 9 | | | | | 6 | | |

# साइनाइड से हमले की धमकी से फैली आफिस में सनसनी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में एक सरकारी कार्यालय को सोमवार को सायनाइड गैस सिलेंडर से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। हालांकि पुलिस जांच में यह धमकी झूठी निकली। नाप तौल विभाग के कार्यालय अधीक्षक श्यामू सोलंकी ने बताया कि सुबह पूर्वाह्न 10 बजकर 20 मिनट पर ईमेल चेक करते समय एक संदेश मिला, जिसमें दावा किया गया था कि विभाग के दफ्तर में सायनाइड गैस से भरे 16 सिलेंडर रखे गए हैं और वे दोपहर एक बजे फट जाएंगे।

**समारोह**

## जॉर्डन बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, जेसी बकले घोषित की गईं सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री

# फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर का ऑस्कर पुरस्कारों में दबदबा

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी**

अकादमी पुरस्कार समारोह के 98वें संस्करण में फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर ने सर्वाधिक पुरस्कार जीतकर अपना दबदबा कायम रखा, जबकि माइकल बी. जॉर्डन और जेसी बकले को क्रमशः सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला।

निर्देशक एंडरसन की तीन घंटे लंबी फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर को सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता (शॉन पेन), सर्वश्रेष्ठ रूपांतरित पटकथा, सर्वश्रेष्ठ संपादन और सर्वश्रेष्ठ कास्टिंग सहित कुल छह ऑस्कर पुरस्कार मिले। रयान कूगलर की फिल्म 'सिनर्स' ने भी चार पुरस्कार जीते। माइकल बी. जॉर्डन को इसी फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला, जबकि फिल्म को सर्वश्रेष्ठ मौलिक पटकथा, सर्वश्रेष्ठ मौलिक संगीत और सर्वश्रेष्ठ सिनेमैटोग्राफी के पुरस्कार भी मिले। इस फिल्म को कुल 16 नामांकन मिले थे, जो अब तक का रिकॉर्ड है। फिल्म हैमनेट में अभिनय के लिए जेसी बकले को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। फिल्म 'वेपन्स' में भूमिका के लिए एमी मैडिगन को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। फ्रैंकनस्टीन को सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा डिजाइन, सर्वश्रेष्ठ मेकअप और हेयरस्टाइल तथा सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन डिजाइन के पुरस्कार मिले। अवतारः फायर एंड ऐश को सर्वश्रेष्ठ दृश्य प्रभाव और रेसिंग ड्रामा एफ1 को सर्वश्रेष्ठ ध्वनि का पुरस्कार मिला।





### ऑस्कर के मंच पर नजर आईं प्रियंका चोपड़ा

लॉस एंजिलिस। फिल्म जगत के सबसे प्रतिष्ठत पुरस्कारों में एक ऑस्कर के मंच पर भारत को एक संक्षिप्त, शानदार क्षण का अनुभव तब हुआ जब प्रियंका चोपड़ा जोनस ने सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म का पुरस्कार प्रदान किया। प्रियंका के साथ जेवियर बार्डेम भी थे। भारतीय-अमेरिकी फिल्म निर्माता गीता गांधबीर दो श्रेणियों में नामांकित होने के बावजूद पुरस्कार हासिल करने में विफल रहीं।



मुझे लगता है कि हार्दिक पंड्या को अपना असली वाला रूप दिखाना होगा। उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। जब वह अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना शुरू करेंगे – ना केवल एक बल्लेबाज के तौर पर बल्कि एक गेंदबाज के तौर पर भी तो इससे बहुत बड़ा फर्क पड़ेगा।

-हरभजन सिंह


# स्टेडियम

लखनऊ, मंगलवार, 17 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### भारत के उभरते खेल स्टार्टअप परिदृश्य पर रिपोर्ट जारी

**नई दिल्ली।** ऐसे समय में जबकि भारत 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों सहित कई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने जा रहा है तब इसी को ध्यान में रखते हुए खेल सचिव हरि रंजन राव ने सोमवार को यहां भारत का खेल स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र : वर्तमान स्थिति और उभरते रास्ते शीर्षक से एक विस्तृत रिपोर्ट जारी की। यह रिपोर्ट 'एसोसिएशन फॉर स्पोर्ट्स इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स' (एएसआईपी) ने 'इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी,' गाजियाबाद के सहयोग से तैयार की है। इस रिपोर्ट में भारत के खेल स्टार्टअप की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। रंजन राव ने कहा भारत के खेल उद्योग को अनुसंधान और सहयोग के माध्यम से मजबूत करने के लिए एएसआईपी के प्रयासों को देखकर मुझे प्रोत्साहन मिला है।

### एफआईएच हॉकी नेशंन कप में भाग लेगी महिला हॉकी टीम

**लुसाने।** भारतीय महिला हॉकी टीम न्यूजीलैंड के आकलैंड में 15 से 21 जून तक होने वाले एफआईएच नेशंस कप में भाग लेगी। हॉकी नेशंस कप की शुरूआत 2021 में हुई थी जो हॉकी प्रो लीग से बाहर सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीमों का शीर्ष स्तरीय टूर्नामेंट है। इसमें विजयी टीम को अगले सत्र में प्रो लीग में जगह मिलती है। भारतीय महिला हॉकी टीम पिछले सत्र में नौ टीमों में आखिरी स्थान पर रहने के बाद प्रो लीग से बाहर हो गई थी। भारत के अलावा इसमें मेजबान न्यूजीलैंड, अमेरिका, जापान, कोरिया, चिली, स्कॉटलैंड और फ्रांस भी भाग लेंगे। पुरुषों का टूर्नामेंट केपटाउन में खेला जायेगा जिसमें दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, फ्रांस, कोरिया, जापान, वेल्स, मलेशिया, आयरलैंड और स्कॉटलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट 11 से 20 जून तक होगा।

### मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के लिए शुरू किया अभ्यास

**मुंबई।** पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस ने सोमवार को 28 मार्च से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र के लिए अभ्यास शुरू कर दिया। अभ्यास के लिए पहुंचने वाले पहले समूह में शार्दुल ठाकुर, मयंक मार्कंडेय, अल्लाह गजांफर, नमन धीर, राजा अंगद बावा, रॉबिन मिंज, रघु शर्मा, मयंक रावत, दानिश मालेवार, मोहम्मद इजहार और अश्वनी कुमार शामिल थे। रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और कप्तान हार्दिक पंड्या आने वाले दिनों में शिविर में जुड़ेंगे। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा सत्र के पूर्व शिविर में पहला दिन हमेशा खास होता है। मुंबई को पहला मैच 29 मार्च को वानखेड़े स्टेडियम पर कोलकाता नाइट राइडर्स से खेलना है।

### एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने कहा - ईरान विश्व कप खेलेगा

**कुआलालंपुर।** एशियाई फुटबॉल परिसंघ के महासचिव विंडसन जॉन ने कहा है कि ईरान जून में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में भाग लेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के जवाब में ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने पिछले सप्ताह सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा था कि उसे विश्व कप से कोई बाहर नहीं रख सकता। सोमवार को जॉन ने कहा कि महासंघ ने ऐसा कुछ नहीं सुना है जिससे यह आशय निकाला जाये कि ईरान विश्व कप नहीं खेलेगा। उन्होंने यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा वे हमारे सदस्य हैं और हम चाहते हैं कि वे खेलें। जहां तक मुझे पता है, ईरान खेल रहा है।

### यदि मनप्रीत मेरा रिकॉर्ड तोड़ देता है तो मुझे खुशी होगी : दिलीप टिर्की

**कोलकाता।** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप टिर्की ने सोमवार को कहा कि अगर मनप्रीत सिंह उनके 412 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने के रिकॉर्ड को तोड़ देते हैं तो उन्हें बहुत खुशी होगी। टिर्की ने रेवस्पोर्ट्ज़ ट्रेलब्लेज़र्स 4.0 के एक सत्र के दौरान कहा अगर मनप्रीत मेरा रिकॉर्ड तोड़ता है तो मुझे बहुत खुशी होगी। रिकॉर्ड टूटने के लिए ही बनते हैं। मनप्रीत ने अभी तक 411 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं और उन्हें सबसे पहले 400 से अधिक मैच खेलने वाले टिर्की से आगे निकलने के लिए केवल दो मैच की जरूरत है।



## टेस्ट खेलना चाहूंगा, लेकिन हाथ सेट है टी-20 में : सूर्यकुमार

नई दिल्ली, एजेंसी

- टी-20 क्रिकेट टीम के कप्तान ने एक घंटे की बातचीत में खोले दिल के राज

भारत के विश्व कप विजेता कप्तान सूर्यकुमार यादव का कहना है कि वह टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं, वनडे क्रिकेट उन्हें रास नहीं आता, लेकिन टी-20 उनकी ताकत है क्योंकि उसमें उनका हाथ सेट हो गया है।

सूर्यकुमार पीटीआई के साथ एक विशेष पॉडकास्ट साक्षात्कार में कभी-कभी मुंबई की आकर्षक हिंदी का उपयोग करते हुए नजर आए जैसे कि हाथ सेट हो गया है जिसका अंग्रेजी में कोई सटीक अनुवाद नहीं है। सरल शब्दों में कहें तो उनका मतलब था कि वह अब क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप के उस्ताद बन चुके हैं और इसे खेलने में सहज महसूस करते हैं। एक घंटे की बातचीत के दौरान सूर्यकुमार काफी सहज नजर आए और वह भारत को विश्व कप में शानदार सफलता दिलाने के बाद स्पष्ट रूप से बेहद खुश थे। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट न खेलने की अपनी निराशा के बारे में खुलकर बात की। सूर्यकुमार ने इस साक्षात्कार के दौरान अपनी चिर परिचित मुस्कान के साथ याद दिलाया कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेला था जिसमें वह केवल एक पारी खेल पाए थे।

सूर्यकुमार ने कहा आपकी किस्मत में जो लिखा होता है, आपको वही मिलता है। मैंने भी लाल गेंद से क्रिकेट खेलना शुरू किया था और 10-12 साल तक रणजी ट्राफी खेली। मैंने मुंबई में लाल गेंद से बहुत क्रिकेट खेली है क्योंकि अगर आप मुंबई में पले बढ़े होते हैं तो आप लाल गेंद से ही शुरुआत करते हैं, इसलिए सब कुछ लाल गेंद के इर्द-गिर्द ही घूमता है।

उन्होंने कहा धीरे-धीरे जब हमने सफेद गेंद से क्रिकेट खेलना शुरू की तो मेरा झुकाव थोड़ा उसकी तरफ हो गया। इसके बाद मैं इस प्रारूप (टी20) में दिलचस्पी लेने लगा। मैंने वनडे में भी अच्छा खेलने की बहुत कोशिश की लेकिन कुछ खास नहीं कर पाया। भारतीय कप्तान ने कहा टी20 क्रिकेट में जैसा चल रहा था, उसमें अपना हाथ सेट हो गया है, ऐसा बोल सकते हैं। सूर्यकुमार से जब पूछा गया कि अगर उन्हें मौका मिले तो क्या वह टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहेंगे? उन्होंने बिना किसी लाग लपेट के जवाब दिया मुझे बहुत खुशी होगी, क्योंकि जैसा कि मैंने बताया कि मैंने 2010-11 से 2020 तक लाल गेंद से काफी क्रिकेट खेली है। दस साल तक लाल गेंद से खेलना बहुत लंबा समय होता है। मुझे इस प्रारूप से बेहद लगाव था। स्वाभाविक है कि अगर मौका मिले तो फिर कौन टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलना चाहेगा। फिर भी 35 साल की उम्र में सूर्यकुमार के लिए टेस्ट टीम में जगह बनाना लगभग असंभव है। टेस्ट में उनका एकमात्र अनुभव 2023 में नागपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला गया मैच था, जब उन्होंने एक पारी में आठ रन बनाए थे। उसी साल उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप के फाइनल में हिस्सा लिया, जिसमें उन्होंने 18 रन बनाए। भारत फाइनल हार गया और सूर्यकुमार उसके बाद इस प्रारूप में कभी नहीं खेल पाए।

सूर्यकुमार से जब पूछा गया कि ऐसे ही समय में जब टी20 कम समय में प्रशंसकों को अधिक रोमांचित करता है और टेस्ट क्रिकेट उन्हें पारंपरिक संतुष्टि देता है तो क्या वनडे का कोई भविष्य है, उन्होंने कूटनीतिक रुख अपनाते हुए इस प्रारूप को बहुत अधिक खारिज किए बिना उसको उचित सम्मान दिया।

## सिनर और सबालेंका ने पहली बार जीता इंडियन वेल्स खिताब

### फाइनल में यानिक सिनर ने दानिल मेदवेदेव और एरिना सबालेंका ने एलेना रिबाकिना को हराया

इंडियन वेल्स, एजेंसी





इंडियन वेल्स सिंगल्स खिताब के साथ यानिक सिनर व एरिना सबालेंका।

यानिक सिनर ने दूसरे सेट के टाइब्रेकर में लगातार सात अंक बनाकर पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दानिल मेदवेदेव को 7-6, 7-6 से हराकर पहली बार एक भी सेट गंवाये बिना इंडियन वेल्स खिताब जीता। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने मेदवेदेव को पिछले दस मुकाबलों में नौवीं बार हराया। मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को मात दी थी।

महिला वर्ग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने एलेना रिबाकिना को 3-6, 6-3, 7-6 से हराकर खिताब जीता। इससे पहले 2023 और 2025 में उपविजेता रही सबालेंका का यह पहला खिताब है।

**सिनर ने फेडरर और जोकोविच की बराबरी की :** इंडियन वेल्स फाइनल में दानिल मेदवेदेव पर जीत के साथ हार्ड-कोर्ट ट्रॉफियों का पूरा सेट जीतने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बनने के बाद यानिक सिनर ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने कैलिफोर्निया की तेज गर्मी में, दो घंटे से कुछ कम समय तक चले मैच में, शानदार वापसी करने वाले रूसी खिलाड़ी मेदवेदेव को 7-6 (8-6), 7-6 (7-4) से हराया।

बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, सिनर ने दोनों हार्ड कोर्ट ग्रैंड स्लैम जीते हैं। 2024 और 2025 में ऑस्ट्रेलियन ओपन और 2024 में यूएस ओपन में जीत हासिल की है। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने हार्ड कोर्ट पर सभी छह मास्टर्स 1,000 खिताब भी जीते हैं। मियामी, टोरंटो, सिनसिनाटी, शंघाई और पेरिस में मिली जीत के साथ इंडियन वेल्स का खिताब भी अपने नाम किया है। और साथ ही सीज़न के आखिर में होने वाले एटीपी फाइनल्स भी जीते हैं। यह उपलब्धि केवल नोवाक जोकोविच और रोजर फेडरर ने ही हासिल की है। सिनर ने कहा मुझे पता था कि यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसे मैंने अभी तक नहीं जीता है, इसलिए मैं इसकी तैयारी सबसे अच्छे तरीके से करना चाहता था, जितना हो सके पेशेवर तरीके से। सिनर ने कहा, अब यह उपलब्धि हासिल करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। अब मेरे पास आराम करने के लिए कुछ दिन हैं - यहाँ और मियामी के बीच ज्यादा समय नहीं है।

**पूरा सप्ताह बहुत लकी रहा :** सगाई करना, चैंपियनशिप पॉइंट बचाना और लंबे समय से इंतजार किए जा रहे इंडियन वेल्स का खिताब जीतना - यह एक ऐसा हफ्ता रहा जिसे दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका पूरी ज़िंदगी याद रखेंगी। सबालेंका ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन के फ़ाइनल में एलेना रिबाकिना के हाथों मिली हार के बुरे अनुभवों को पीछे छोड़ते हुए, कजाख खिलाड़ी पर जीत हासिल की। कैलिफ़ोर्निया की चिलचिलाती धूप में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को अपनी पूरी ताक़त लगाने पर मजबूर कर दिया, जब तक कि सबालेंका ने टाई-ब्रेक में बाज़ी नहीं मार ली - जिसमें एक ज़ोरदार बैकहैंड विनर के साथ चैंपियनशिप पॉइंट बचाना भी शामिल था। सर्विस विनर के साथ जीत पक्की करने के बाद, सबालेंका ने अपना सिर बर्फ़ से भरे कूलर में डुबोकर जीत का जश्न मनाया। बेलारूस की सबालेंका ने कहा क्या सप्ताह रहा। एक पपी मिला, सगाई हुई और एक खिताब जीता - मैं इसे निश्चित रूप से अपनी पूरी ज़िंदगी याद रखूंगी। यह सचमुच टेनिस का स्वर्ग है।

### बरसों से मेरी ख्वाहिश थी कि भारतीय क्रिकेट का दबदबा रहे और अब आ गया वह समय : मिताली

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने कहा है कि विश्व स्तर पर भारत के दबदबे का उनका बरसों पुराना सपना सच हो रहा है जबकि पुरुष टीम, महिला टीम और जूनियर टीमों ने हाल ही के वर्षों में बड़े आईसीसी खिताब जीते हैं। पिछले कुछ साल में भारतीय पुरुष टीम ने 2024 और 2026 टी20 विश्व कप, महिला टीम ने पहला वनडे विश्व कप जीता। जूनियर स्तर पर अंडर 19 टीमों ने भी विश्व खिताब जीते हैं। मिताली ने बीसीसीआई नमन पुरस्कारों के दौरान कहा मैं बरसों से चाहती थी कि भारतीय क्रिकेट का दबदबा हो और अब वह समय आ गया है। उन्होंने कहा पिछले दो तीन साल में भारतीय क्रिकेट महिला, पुरुष या अंडर 19 लड़के और लड़कियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। एक पूर्व क्रिकेटर होने के नाते भारतीय क्रिकेट की प्रगति होते देखकर गर्व महसूस होता है। मिताली, पूर्व क्रिकेटर राहुल द्रविड़ और रोजर बिन्नी को बीसीसीआई पुरस्कार समारोह में रविवार को कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिया गया। उन्होंने भारतीय क्रिकेट, खासकर महिला क्रिकेट के कायाकल्प का श्रेय बीसीसीआई के पूर्व सचिव और आईसीसी के मौजूदा अध्यक्ष जय शाह को दिया। मैने महिला क्रिकेट में बदलाव को देखा है और मैं बीसीसीआई और जय सर के सहयोग का जिक्र करना चाहूंगी। पिछले चार पांच साल में भारतीय महिला क्रिकेट में भारी बदलाव आया है और यह एक व्यक्ति के कारण हुआ है। मिताली ने कहा वैश्विक स्तर पर इसके लिये उनका विजन और प्रतिबद्धता। उन्होंने महिला क्रिकेट के विकास के लिये काफी प्रयास किए हैं। बीसीसीआई में शाह के कार्यकाल में महिला और पुरूष क्रिकेटरों की समान मैच फीस की शुरूआत हुई और पूरी तरह से पेशेवर महिला प्रीमियर लीग भी शुरू हुई। मिताली ने यह भी कहा कि अपने कैरियर में उन्होंने सचिन तेंदुलकर और द्रविड़ से काफी प्रेरणा ली। महिला क्रिकेट का अपना सफर रहा है लेकिन हमने पुरूष क्रिकेटरों से काफी प्रेरणा ली। मैने राहुल और सचिन से काफी कुछ सीखा। बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष और 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे बिन्नी ने कहा मैं खुशकिस्मत हूं कि भारत के लिये खेलने का मौका मिला।



## एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को आईपीएल मैचों की मेजबानी के लिए हरी झंडी

बेंगलुरु, एजेंसी

- पिछले साल भगदड़ के दौरान चली गई थी 11 लोगों की जान

कर्नाटक सरकार ने सोमवार को कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में इस साल होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैचों की मेजबानी करने की औपचारिक मंजूरी दे दी।

इसके साथ ही इस स्टेडियम में आईपीएल मैचों के आयोजन को लेकर पिछले लंबे समय से चली आ रही अनिश्चितता भी समाप्त हो गई। पिछले साल आरसीबी के चैंपियन बनने के बाद यहां आयोजित किए गए समारोह के दौरान मची भगदड़ में 11 लोगों की जान चली गई थी। आईपीएल 28 मार्च से शुरू होगा जिसमें मौजूदा चैंपियन आरसीबी उद्घाटन मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेगा। यह मैच पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। कर्नाटक के गृह मंत्री परमेश्वर की अध्यक्षता में राज्य सरकार द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति तथा केएससीए, आरसीबी और उनकी प्रबंधन कंपनी डीएनए के प्रतिनिधियों के बीच बैठक के बाद कर्नाटक सरकार ने औपचारिक मंजूरी दी। केएससीए के प्रवक्ता विनय मृत्युंजय ने कहा बैठक में विशेषज्ञ समिति ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में की गई तैयारियों और उपायों के संबंध में रिपोर्ट पेश की। समिति की सिफारिश के आधार पर गृहमंत्री ने स्टेडियम में आईपीएल के आयोजन के लिए मंजूरी दे दी है।



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते सैमसन।

## अब धोनी से गुर सीखने को उत्सुक संजू

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने से मिलेगा माही से बात करने का मौका

भारत की टी-20 विश्व कप विजेता टीम के नायक संजू सैमसन ने सोमवार को कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की तरफ से खेलते हुए पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से कुछ गुर सीखने के लिए उत्साहित हैं।

सैमसन ने आईपीएल में अपने अधिकतर मैच राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेले हैं लेकिन अब वह सीएसके से जुड़ गए हैं। यह दोनों टीम जब 30 मार्च को गुवाहाटी में आमने-सामने होंगी तो सैमसन चेन्नई की जर्सी में नजर आएंगे।

सैमसन ने पत्रकारों से कहा, मैंने माही भाई (धोनी) से फोन पर बात की है लेकिन उनके साथ एक टीम का हिस्सा बनना और उनके साथ खेलना शानदार होगा। मैं इसे उनसे सीखने के अवसर के रूप में देखता हूं। राजस्थान रॉयल्स का यह घरेलू मैच होगा और 31 वर्षीय सैमसन ने कहा कि वह इस मैच में खुद पर भावनाओं को हावी नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा मैं सीएसके की तरफ से खेलने को लेकर उत्साहित हूं। यह पहला अवसर होगा जब मैं राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलूंगा, लेकिन मैं मैदान पर भावनाओं को हावी नहीं होने देता। मैंने राजस्थान रॉयल्स इसलिए छोड़ी क्योंकि मुझे लगा कि टीम में मेरा समय खत्म हो गया है। मैं उनके खिलाफ भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। सैमसन ने कहा कि विश्व कप से पहले अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने के कारण उन्हें आत्ममंथन करने का मौका मिला। विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए सैमसन ने कहा मैं अच्छा खेला।

**मंथन** | भारतीय खेल पत्रकार महासंघ के स्वर्ण जयंती समारोह में आईओए की अध्यक्ष ने खेलों के सुधार पर दिया जोर

## खिलाड़ियों पर केंद्रित नीतियां जरूरी : पीटी उषा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा है कि भारत में खेल प्रशासन के लिए नीतियां ऐसी होनी चाहिए कि निर्णय लेने में खिलाड़ियों को केंद्र में रखा जाए।

भारतीय खेल पत्रकार महासंघ (एसजेएफआई) के स्वर्ण जयंती समारोह के तीसरे दिन उषा ने कहा कि यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रशासकों और खेल ईकाइयों की सर्वोपरि प्राथमिकता खिलाड़ियों की तैयारी, कल्याण और विकास रहे।

उन्होंने रविवार को खेल पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा भारतीय खेलों के भविष्य की दिशा खिलाड़ियों को केंद्र में रखने वाले खेल प्रशासन से तय होनी चाहिए। उनकी तैयारी, कल्याण और



विकास हमारी सर्वोपरि प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भारत इस समय खेलों के अपने सफर के अहम पड़ाव पर है और बेहतर बुनियादी ढांचे, वैज्ञानिक प्रशिक्षण, मजबूत संस्थागत सहयोग के साथ खिलाड़ी विश्व स्तर पर आत्मविश्वास के साथ प्रतिस्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं।

उषा ने कहा पिछले एक दशक में हमने बदलाव देखा है जिस तरह से खेल को सहयोग और उत्साहवर्धन मिल रहा है। खिलाड़ियों के पास आज बेहतर बुनियादी ढांचा, वैज्ञानिक प्रशिक्षण और मजबूत संस्थागत सहयोग है। उन्होंने कहा भारतीय खेलों की असल शक्ति जमीनी स्तर पर है। गांवों में, कस्बों में और स्कूलों में जहां युवा प्रतिभायें तलाशे जाने का इंतजार कर रही है। हम अगर कोचिंग, ढांचे और प्रतिभा तलाशने में यूं ही निवेश करते रहेंगे तो भारत से विश्व स्तरीय खिलाड़ी लगातार निकलते रहेंगे।

वहीं सम्मेलन में परिचर्चा के दौरान आईओए सीईओ रघुराम अय्यर ने कहा कि भारत खेलों के सफर के अहम पड़ाव पर है और बढती आकांक्षाओं, निवेश और भागीदारी से एक मजबूत खेल राष्ट्र के रूप में उसका भविष्य गढा जा रहा है।

### लंबे समय की प्लानिंग की जरूरत : जय शाह

**नई दिल्ली।** भारत के खेलों के भविष्य के लिए लंबे समय की प्लानिंग की अपील करते हुए, आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने रविवार को स्टेकहोल्डर्स से 2030-2036 के ग्लोबल स्पोर्टिंग साइकिल की तैयारी शुरू करने की अपील की, और फ़ेडरेशन, कॉर्पोरेट्स, एथलीट्स और मीडिया के बीच मिलकर कोशिश करने की अहमियत पर ज़ोर दिया। शाह इंडिया हैबिटेट सेंटर में स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया (एसजेएफआई) नेशनल कन्वेंशन के गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन के तीसरे दिन ग्रैंड स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। कॉन्क्लेव को दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने होस्ट किया था।